www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
ई-संस्करण वार्षिक शुल्क : ₹ 400/-

सत्यमेव जयते

वर्ष 1976 से...

# रोज़गार समाचार

साप्ताहिक

खंड-51 अंक-7 पृष्ठ 36 | नई दिल्ली 16 - 22 मई 2026 | मूल्य ₹ 12.00 (₹ 530 वार्षिक)




भारत तेजी से वैश्विक वेलनेस केंद्र के रूप में उभर रहा है. इसकी मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली, प्रशिक्षित चिकित्सकों की बढ़ती संख्या और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की वैश्विक स्वीकार्यता ने देश को मेडिकल और वेलनेस पर्यटन का प्रमुख गंतव्य बना दिया है. वर्तमान में भारत का डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात 1:811 है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से बेहतर माना जाता है. देश में 13.8 लाख से अधिक एलोपैथिक चिकित्सकों और बड़े आयुष कार्यबल की उपलब्धता ने आधुनिक चिकित्सा और पारंपरिक उपचार पद्धतियों के समन्वित मॉडल को मजबूत आधार प्रदान किया है.

### 'मेडिकल' और 'वेलनेस' पर्यटन के दो मजबूत स्तंभ

भारत का मेडिकल वैल्यू ट्रैवल मॉडल दो प्रमुख स्तंभों पर आधारित है.

1. मेडिकल पर्यटन- इसमें जटिल सर्जरी, अंग प्रत्यारोपण और उन्नत जांच सेवाएं शामिल हैं.
2. वेलनेस पर्यटन- जो योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और अन्य आयुष प्रणालियों के माध्यम से निवारक और समग्र स्वास्थ्य पर केंद्रित है.

यह समन्वित व्यवस्था न केवल गंभीर बीमारियों के उपचार की सुविधा प्रदान करती है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और निवारक चिकित्सा की वैश्विक मांग को भी पूरा करती है.

### विकास, विस्तार और वैश्विक स्थिति

भारत मेडिकल पर्यटन में दुनिया में 10वें और वेलनेस पर्यटन में 12वें स्थान पर है. वर्ष 2025 में इस क्षेत्र का अनुमानित मूल्य लगभग 8.7 अरब अमरीकी डॉलर रहा, जिसके वर्ष 2030 तक 16.2 अरब अमरीकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है. वर्ष 2025 में भारत में 91.5 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन हुआ, जिनमें 5.07 लाख से अधिक मेडिकल पर्यटक शामिल थे. यह कुल विदेशी पर्यटकों का लगभग 5.5 प्रतिशत है. भारत आने वाले अधिकांश मरीज बांग्लादेश, इराक, उज्बेकिस्तान, सोमालिया, तुर्कमेनिस्तान, ओमान और केन्या जैसे देशों से आते हैं. विदेशी मरीज भारत में हृदय रोग उपचार, अस्थि रोग प्रक्रियाओं, कैंसर उपचार, अंग प्रत्यारोपण, प्रजनन सेवाओं, दंत चिकित्सा और आयुष आधारित वेलनेस उपचारों के लिए आते हैं.

### प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त के प्रमुख कारक

भारत को वैश्विक स्तर पर पसंदीदा चिकित्सा एवं वेलनेस गंतव्य बनाने में कई महत्वपूर्ण कारकों की भूमिका है. इनमें निम्न बिंदु शामिल हैं :

- उच्च चिकित्सीय मानकों के साथ किफायती उपचार सुविधा.
- कुशल और प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञों का विशाल नेटवर्क.
- स्वास्थ्य सेवाओं में अंग्रेजी भाषा का व्यापक उपयोग.
- वैश्विक मान्यता और गुणवत्ता मानकों का अनुपालन.
- आयुष प्रणालियों पर आधारित विशिष्ट वेलनेस विरासत
- 'हील इन इंडिया' जैसी पहलों और सरल वीजा प्रक्रियाओं के माध्यम से सरकारी समर्थन.

### चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूती

चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अवसंरचना में निरंतर निवेश इस क्षेत्र की वृद्धि को नई मजबूती प्रदान कर रहा है. मेडिकल कॉलेजों के विस्तार, स्नातक एवं स्नातकोत्तर सीटों की बढ़ती उपलब्धता तथा मौजूदा संस्थानों के उन्नयन से प्रशिक्षण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. क्षेत्रीय मेडिकल हब जैसी प्रस्तावित पहलें स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और अनुसंधान को एकीकृत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं. वहीं पाठ्यक्रम सुधारों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण को बेहतर बनाया जा रहा है और स्वास्थ्य कार्यबल को बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा रहा है.

### आयुष और वेलनेस पर्यटन से खुल रहे रोज़गार के नए रास्ते

भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियां अब केवल देश तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वैश्विक वेलनेस उद्योग में भी अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं. सरकार द्वारा आयुष प्रणालियों को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. लक्षित नीतिगत उपायों के जरिए आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और अन्य पारंपरिक उपचार पद्धतियों को व्यापक स्वास्थ्य ढांचे में शामिल किया जा रहा है.

विदेशी मरीजों के लिए शुरू की गई विशेष आयुष वीजा सुविधा ने भारत आने की प्रक्रिया को और आसान बना दिया है. साथ ही, अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को अपनाने और बीमा सुविधाओं के विस्तार से आयुष उपचारों की विश्वसनीयता में भी बढ़ोतरी हुई है. क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और वैश्विक सहयोग के जरिए भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को अंतरराष्ट्रीय वेलनेस बाजार में नई पहचान मिल रही है.

### संस्कृति और स्वास्थ्य का अनूठा संगम

भारत में वेलनेस पर्यटन केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की सांस्कृतिक विरासत से भी गहराई से जुड़ा हुआ है. योग, ध्यान और आयुर्वेद जैसी प्राचीन परंपराएं दुनिया को स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण प्रदान कर रही हैं. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जैसी पहलों ने वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को और मजबूत किया है. इससे भारत निवारक और जीवनशैली आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के प्रमुख केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है. बेहतर सुविधा उपायों और बढ़ती जागरूकता ने विदेशी पर्यटकों के लिए इन सेवाओं तक पहुंच को पहले से अधिक आसान बना दिया है.

### मेडिकल और वेलनेस पर्यटन से बढ़ रहा रोज़गार

मेडिकल और वेलनेस पर्यटन का विस्तार देश में बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन का माध्यम बनता जा रहा है. यात्रा और पर्यटन क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी में 5.22 प्रतिशत योगदान दिया और लगभग 8.46 करोड़ रोज़गारों को समर्थन प्रदान किया. इसी व्यापक क्षेत्र के अंतर्गत 'मेडिकल वैल्यू ट्रैवल' तेजी से नई संभावनाएं पैदा कर रहा है.

यह क्षेत्र केवल डॉक्टरों और अस्पतालों तक सीमित नहीं है. नर्सों, पैरामेडिकल कर्मियों, आयुष विशेषज्ञों, अस्पताल प्रशासन, वेलनेस केंद्रों, रोगी सहायता सेवाओं, अनुवाद सेवाओं, आतिथ्य और परिवहन क्षेत्रों में भी रोज़गार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं.

### चिकित्सा शिक्षा और कौशल विकास को मिल रही मजबूती

रोजगार में यह वृद्धि चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण क्षमता के विस्तार से भी समर्थित है. अप्रैल 2025 तक देश में 1.29 लाख से अधिक एमबीबीएस सीटें और 75 हजार से अधिक स्नातकोत्तर सीटें उपलब्ध थीं. इससे प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है. सरकार ने 157 नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी है, जिनमें से 131 पहले से संचालित हो रहे हैं. वहीं 22 एम्स संस्थानों में से 19 कार्यरत हैं. इन पहलों से चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और देश के विभिन्न क्षेत्रों तक इसकी पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है.

वैश्विक मरीजों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कौशल विकास कार्यक्रमों को भी नया स्वरूप दिया जा रहा है. चिकित्सकों को विशेषज्ञता आधारित उन्नत प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि पैरामेडिकल और सहायक कर्मचारियों को विदेशी भाषाओं और अंतर-सांस्कृतिक संवाद का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है. पर्यटन सुविधा प्रदाताओं और स्वास्थ्य सहयोगी कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सेवा गुणवत्ता को बेहतर बना रहे हैं.

### आयुष क्षेत्र में बढ़ती संभावनाएं

आयुष प्रणालियों के विस्तार से वेलनेस क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं. तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की प्रस्तावित स्थापना और सेक्टर स्किल काउंसिलों के माध्यम से चल रहे क्षमता निर्माण कार्यक्रम पारंपरिक चिकित्सा, उपचार और वेलनेस सेवाओं में नई संभावनाएं खोल रहे हैं.

विशेषज्ञों का मानना है कि स्वास्थ्य अवसंरचना, चिकित्सा शिक्षा और कौशल विकास में हो रहा यह संयुक्त विस्तार भारत को मेडिकल और वेलनेस पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. साथ ही, इससे स्वास्थ्य, वेलनेस और संबद्ध क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन को भी नई गति मिलेगी.

### नीतिगत समर्थन से मेडिकल वेलनेस क्षेत्र को नई रफ्तार

भारत को मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार लगातार नीतिगत स्तर पर बड़े कदम उठा रही है. केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित कई पहलें इस दिशा में देश की गंभीर और दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाती हैं.

सरकार का विशेष जोर स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने पर है. इसी क्रम में पांच क्षेत्रीय मेडिकल हब स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है. इन हब को ऐसे एकीकृत केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, आयुष सुविधाएं और मरीज सहायता सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी. इसके साथ सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों के विस्तार पर भी निरंतर निवेश किया जा रहा है.

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए भी संस्थागत ढांचे को मजबूत बनाया जा रहा है. राष्ट्रीय चिकित्सा एवं वेलनेस पर्यटन प्रोत्साहन बोर्ड जैसे निकाय केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. वहीं अस्पतालों और वेलनेस केंद्रों की मान्यता प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि विदेशी मरीजों का विश्वास और बढ़ सके.

डिजिटल सुविधाओं के विस्तार ने भी मेडिकल पर्यटन को नई गति दी है. सरकार ने ई-मेडिकल और ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा सेवाओं का विस्तार 170 से अधिक देशों तक कर दिया है. साथ ही, पारंपरिक उपचार पद्धतियों के लिए ई-आयुष वीजा की शुरुआत से विदेशी मरीजों के लिए आयुष सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है.




'मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पोर्टल' को भी आधुनिक बनाया जा रहा है, ताकि मरीजों को उपचार खोजने, अस्पताल चुनने, बुकिंग कराने, भुगतान करने और उपचार के बाद फॉलो-अप जैसी सभी सुविधाएं एक ही मंच पर मिल सकें. इसके अतिरिक्त, एयरपोर्ट सुविधा सेवाओं को बेहतर बनाकर विदेशी मरीजों के यात्रा अनुभव को अधिक सहज बनाने की दिशा में भी काम हो रहा है.

सरकार केवल अवसंरचना तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव संसाधन विकास पर भी समान रूप से ध्यान दे रही है. स्वास्थ्य कर्मियों, सुविधा प्रदाताओं और सहायक कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य तकनीकी दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मरीजों के प्रति बेहतर व्यवहार और सेवा सुनिश्चित करना है.

विशेषज्ञों का मानना है कि इन सभी पहलों के संयुक्त प्रभाव से भारत में मेडिकल और वेलनेस पर्यटन के लिए अधिक संगठित, पारदर्शी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वातावरण तैयार हो रहा है. इससे न केवल देश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई पहचान मिलेगी, बल्कि रोज़गार सृजन और आर्थिक विकास को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा.

**(पीआईबी से इनपुट्स के साथ ईएन टीम द्वारा संकलित लेख)**

Follow us @Employ_News
Follow us @EmploymentNews

सं. 43-12/2022-बागवानी टेक-I (ई-114234)
भारत सरकार
कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय

# कृषि व किसान कल्याण विभाग

कृषि भवन, नई दिल्ली-110001
रिक्ति परिपत्र

केन्द्रीय बागवानी संस्थान, मेडज़िफेमा, जिला-दीमापुर, राज्य-नगालैंड, कृषि व किसान कल्याण विभाग के अधीनस्थ कार्यालय में निम्नलिखित पद को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित हैं:

| पद का नाम और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|
| प्रशासनिक अधिकारी (सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप 'क', राजपत्रित वेतन मैट्रिक्स (रुपये 56,100- 1,77,500) में वेतन लेवल-10) | एक (01) | प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) |

2. इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक योग्यता मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से डिग्री के साथ केन्द्रीय या राज्य सरकार या केन्द्र शासित प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था या मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या सांविधिक या स्वायत्त संगठन में प्रशासन या लेखा या स्थापना कार्य में तीन वर्ष का अनुभव है.

3. पूर्ण विज्ञापन, आवेदन प्रारूप, पात्रता मानदंड आदि को विभाग की वेबसाइट https://agriwelfare.gov.in (Link- Recruitment) पर देखा जा सकता है.

4. विधिवत भरे आवेदन पत्र (उचित माध्यम से) रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन के अंदर पहुंच जाने चाहिए.

तिथि : 06.05.2026

(अजित कुमार सिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार
फोन नं: 011-23382773
ईमेल: ushort-agri@gov.in

EN 7/87

---

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश-249203

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)

विज्ञापन संख्या: 2026/07

## शुद्धिपत्र

विज्ञापन संख्या 2026/07 दिनांक 01 अप्रैल, 2026 में, विभाग के नाम उप-विशेषता सहित क्रम संख्या 41 पर निम्नानुसार संशोधित किए जाते हैं:

| पूर्व में प्रकाशित बनाम | | | अब इस प्रकार पढ़ा जाए | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | विभाग | पदों की संख्या | क्र.सं. | विभाग | पदों की संख्या |
| 41 | ट्रॉमा एवं आपातकाल (अस्थि रोग) | 1 | 41 | ट्रॉमा एवं आपातकाल (ट्रॉमा सर्जरी) | 1 |

कार्यकारी निदेशक,
एम्स, ऋषिकेश

EN 7/19

---

मिसिल संख्या-I-11016/51/2025-DGCD (F)
भारत सरकार (Government of India)
गृह मंत्रालय (Ministry of Home Affairs)

# महानिदेशालय-अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक
# Directorate General Fire Service, Civil Defence & Home Guards

अग्नि अनुभाग (Fire Cell)

## रिक्ति घोषणा

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय, नागपुर, गृह मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | एसोसिएट प्रोफेसर | 01 | लेवल-13A (समूह-'ए', राजपत्रित) |
| 2 | उप निदेशक | 01 | लेवल-11 (समूह-'ए', राजपत्रित) |
| 3 | मुख्य प्रशिक्षक | 01 | लेवल-7 (समूह-'बी', राजपत्रित) |
| 4 | प्रयोगशाला तकनीशियन ग्रेड-I | 06 | लेवल-7 (समूह-'बी', अराजपत्रित) |
| 5 | प्रयोगशाला सहायक ग्रेड-I | 01 | लेवल-6 (समूह-'बी', अराजपत्रित) |
| 6 | वरिष्ठ प्रशिक्षक | 02 | लेवल-6 (समूह-'बी', अराजपत्रित) |
| 7 | आर्टिस्ट-कम-ड्राफ्ट्समैन | 01 | लेवल-6 (समूह-'बी', अराजपत्रित) |
| 8 | स्टेनोग्राफर ग्रेड-I | 01 | लेवल-6 (समूह-'बी', अराजपत्रित) |

उपरोक्त पदों का विवरण तथा आवेदन का निर्धारित प्रारूप वेबसाइट https://dgfscdhg.gov.in तथा http://nfscnagpur.nic.in/ पर उपलब्ध है. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि "रोज़गार समाचार" में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 60 दिन है.

EN 7/75

---

# केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)
# Central Institute of Petrochemicals Engineering & Technology (CIPET)

सिपेट CIPET



## प्रवेश खुले हैं

CIPET प्रवेश परीक्षा (CAT) – 2026

### प्रस्तावित कार्यक्रम (AICTE द्वारा अनुमोदित)

1) प्लास्टिक मोल्ड प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा*
2) प्लास्टिक प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा*
अवधि: 3 वर्ष (6 सेमेस्टर) / प्रवेश योग्यता: 10वीं उत्तीर्ण
3) CAD/CAM के साथ प्लास्टिक मोल्ड डिजाइन में पोस्ट डिप्लोमा (PD-PMD सहित)*
अवधि: 1½ वर्ष (3 सेमेस्टर) / प्रवेश योग्यता: संबंधित स्ट्रीम में पूर्णकालिक, 3 वर्षीय डिप्लोमा
4) प्लास्टिक प्रसंस्करण और परीक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा*
अवधि: 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) / प्रवेश योग्यता: विज्ञान में 3 वर्षीय डिग्री
(*अंतिम परीक्षा में शामिल हुए और परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे छात्र भी आवेदन कर सकते हैं)

उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड

शिक्षा ऋण
राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से सुगम बनाया गया

**छात्रवृत्तियां**
- मेधावी छात्रवृत्तियां.
- अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों और छात्राओं के लिए छात्रवृत्तियां.
- अन्य राज्य और राष्ट्रीय छात्रवृत्तियां.
- सहायक पद आदि के लिए छात्रवृत्तियां.

**कैंपस जीवन**
- छात्र क्लब • वार्षिक खेल दिवस • सांस्कृतिक कार्यक्रम
- तकनीकी उत्सव • सामाजिक संपर्क और विकास
- व्यक्तित्व विकास आदि.




**छात्रावास सुविधा**
- लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग छात्रावास सुविधा उपलब्ध है.

**CAT 2026 महत्वपूर्ण तिथियां:**
CAT आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 28.05.2026
CIPET प्रवेश परीक्षा (CAT) की तिथि, पूरे भारत में: 07.06.2026

**आवेदन शुल्क (रु.)**

| | |
|---|---|
| सामान्य/ओबीसी/अन्य | ₹500/-* |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | ₹250/-* |
| उत्तर पूर्वी क्षेत्र | ₹100/-* |

(*प्रवेश शुल्क के साथ समायोजित)

**स्वागत किट**



अभी आवेदन करें

ऑनलाइन आवेदन लिंक: https://cipet26.onlineregistrationform.org/CIPET/

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
CIPET मुख्यालय, चेन्नई - 600032
टेलीफोन नंबर: +91-44-22254514 | हेल्पलाइन: 022-62507763/022-62507762
ईमेल आईडी: academics@cipet.gov.in | cipeteadmission26@onlineregistrationform.org | वेबसाइट: www.cipet.gov.in

EN 7/14

---

Coal India Limited
A Maharatna Company



## गेट-2025 स्कोर के आधार पर प्रबंधन प्रशिक्षुओं की नियुक्ति

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल)-भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अधीन एक अनुसूचित 'ए', महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, जिसका कॉरपोरेट मुख्यालय कोलकाता में है, एवं यह विश्व का एकल वृहत्तम कोयला उत्पादन कंपनी है, जिसमें लगभग 2.12 लाख कर्मी कार्यरत हैं। सीआईएल भारत के कुल कोयला उत्पादन में लगभग 75% योगदान करता है।

सीआईएल आने वाले वर्षों में एकल उत्पाद से बहुआयामी व्यवसाय के क्षेत्र में रूपांतरित हो रहा है। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, सीआईएल, जो समान अवसर प्रदान करने वाला नियोक्ता है, गेट-2025 स्कोर के आधार पर प्रतिभाशाली युवा खनन अभियंताओं की तलाश कर रहा है, जो विश्व की इस सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी में शामिल हो सकें।

महत्वपूर्ण तिथियों, ऑनलाइन आवेदन और पात्रता मानदंड, रिक्तियों की संख्या, ऊपरी आयु की सीमा, आवेदन शुल्क, आरक्षण एवं छूट, आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया सीआईएल की वेबसाइट www.coalindia.in पर "Career with CIL" लिंक के अंतर्गत प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन देखें।

इस भर्ती से संबंधित किसी भी संशोधन/परिवर्तन की सूचना सीआईएल की वेबसाइट पर दी जाएगी। इसका कानूनी क्षेत्राधिकार केवल कोलकाता होगा।

किसी भी प्रश्न के लिए, यहाँ लिखें:
mtrecruitment.cil@coalindia.in

विज्ञापन सं. 02/2026 महाप्रबंधक (मानव संसाधन/भर्ती), सीआईएल



EN 7/63

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

# सशस्त्र सीमा बल निदेशालय

ईस्ट ब्लॉक-V, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066

## सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में जीडीएमओ और विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए वॉक्-इन इंटरव्यू

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) देश भर में विभिन्न स्थानों/इकाइयों पर चिकित्सा सेवाओं के लिए नीचे उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुसार **जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ)** और **विशेषज्ञों** की नियुक्ति (पूर्णतः अनुबंध आधार पर) प्रस्तावित करता है:-

**1. पारिश्रमिक**

निम्नलिखित समेकित पारिश्रमिक प्रति माह देय होगा:

**क.** विशेषज्ञों के लिए 85,000 रुपये

**ख.** जीडीएमओ के लिए 75,000 रुपये

अनुबंध के आधार पर नियुक्त व्यक्ति सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले किसी भी भत्ते, लाभ या रियायतों का हकदार नहीं होगा.

**2. आयु :**

इस प्रकार नियुक्त जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर/विशेषज्ञ 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद पद पर बने नहीं रह सकेंगे.

**3. नियुक्ति की अवधि**

**क.** अनुबंध के आधार पर प्रारंभिक नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी; जिसे एसएसबी द्वारा एक-एक वर्ष के आधार पर अधिकतम दो और वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है, परन्तु यह वृद्धि विशेषज्ञ/जीडीएमओ के 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने या नये व्यक्ति द्वारा पदभार ग्रहण कर लेने, इनमें जो भी पहले हो, के अधीन होगी.

**ख.** अनुबंध के आधार पर नियुक्त व्यक्ति की सेवाएं अनुबंध अवधि की समाप्ति से पहले, बिना कोई कारण बताए, किसी भी पक्ष द्वारा, एक महीने का नोटिस देकर और या एक महीने के वेतन का भुगतान/वापसी करके समाप्त की जा सकती हैं.

**ग.** अनुबंध पर आधारित इस नियुक्ति से उम्मीदवार को न तो एसएसबी में और न ही किसी सरकारी विभाग में नियमितीकरण या स्थायी आमेलन का कोई प्रावधान या अधिकार प्राप्त नहीं होगा.

**4. अवकाश**

नियुक्ति व्यक्ति की अवकाश की पात्रता, डीओपी एंड टी के कार्यालय ज्ञापन संख्या 12016/3/84 स्था. (एल), दिनांक 12 अप्रैल, 1985 और कार्यालय ज्ञापन दिनांक 5 जुलाई, 1990, यथा संशोधित, के अनुसार तय की जाएगी.

**5. टीए/डीए की स्वीकार्यता और दस्तावेज की जांच**

संविदा पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार में शामिल होने वाले उम्मीदवार को कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा. पात्र और इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित स्थानों पर साक्षात्कार के लिए सीधे आ सकते हैं. अपने साथ सभी संबंधित दस्तावेजों (जैसे स्नातक डिग्री, इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, पता प्रमाण पत्र और अनुभव प्रमाण पत्र आदि) की मूल और फोटोकॉपी तथा सादे कागज पर आवेदन पत्र लाएं, जिस पर राज्य/एरिया/क्षेत्र में आवेदन किए गए पद का नाम स्पष्ट रूप से लिखा हो और पासपोर्ट आकार के नवीनतम फोटो की पांच प्रतियां भी साथ लाएं.

इस नियुक्ति के साथ देश के किसी भी हिस्से में सेवा करने का दायित्व जुड़ा हुआ है. महानिदेशक एसएसबी संविदा विशेषज्ञ/जीडीएमओ की तैनाती का स्थान तय करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

6. महानिदेशक, एसएसबी को यह अधिकार सुरक्षित है कि वे बिना कोई कारण बताए इस विज्ञापन के आंशिक या पूर्ण भाग में संशोधन, परिवर्तन कर सकते हैं या इसे रद्द या बदल सकते हैं.

**7. शैक्षिक एवं व्यावसायिक योग्यताएं:**

**(क) विशेषज्ञ**

i. भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की पहली या दूसरी अनुसूची या तीसरी अनुसूची के भाग II में शामिल मान्यताप्राप्त चिकित्सा योग्यता (लाइसेंसधारी योग्यताओं को छोड़कर). तीसरी अनुसूची के भाग II में शामिल शैक्षणिक योग्यताओं के धारकों को भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की धारा (13) की उपधारा (3) में निर्धारित शर्तों को भी पूरा करना होगा.

ii. अनुसूची-VI के खंड-ए या खंड-बी में उल्लिखित संबंधित विशेषज्ञता में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा या समकक्ष.

iii. **अनुभवः** स्नातकोत्तर डिग्री धारक के लिए संबंधित विशेषज्ञता में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता प्राप्त करने के बाद 1½ वर्ष का अनुभव और डिप्लोमा धारक के लिए 2½ वर्ष का अनुभव.

**(ख) जीडीएमओः**

1. भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की पहली या दूसरी अनुसूची या तीसरी अनुसूची के भाग II में शामिल मान्यताप्राप्त चिकित्सा योग्यता (लाइसेंसधारी योग्यताओं को छोड़कर). तीसरी अनुसूची के भाग II में शामिल शैक्षणिक योग्यताओं के धारकों को भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की धारा (13) की उपधारा (3) में निर्धारित शर्तों को भी पूरा करना होगा.

ii. अनिवार्य रोटेटिंग इंटर्नशिप पूरी की हो.

**8. चिकित्सा परीक्षा**

विशेषज्ञ/जीडीएमओ के अनुबंधात्मक पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को संबंधित संयुक्त अस्पतालों द्वारा गठित चिकित्सा अधिकारियों के बोर्ड द्वारा साक्षात्कार और नैदानिक परीक्षा में उपस्थित होना होगा. नियुक्ति शारीरिक फिटनेस के अधीन होगी.

**9. वॉक्-इन-इंटरव्यू का कार्यक्रम/स्थानः**

| क्र. सं. | वॉक्-इन-इंटरव्यू- की तारीख (समय 1000 बजे से) | वॉक्-इन-इंटरव्यू का स्थान |
|---|---|---|
| 1. | 25.05.2026 | **स्थान**-सीमावर्ती मुख्यालय, एसएसबी सिलिगुड़ी, पो.ऑ. सुश्रुत नगर, रानीदंगा<br>**बोर्ड की संरचनाः-**<br>अध्यक्ष-सीएच एसएसबी बथनाहा के डीआईजी (मेडिकल)<br>**सदस्य /सचिव-** कमांडेंट रैंक के अधिकारी/2आईसी<br>(संबद्ध सीमावर्ती मुख्यालय द्वारा नामित/प्रदत्त) |
| 2. | 28.05.2026 | **स्थान**-सीमावर्ती मुख्यालय, एसएसबी गुवाहाटी, रिसर्च गेट, जावा नगर, खानपारा.<br>**अध्यक्ष** - सीमावर्ती मुख्यालय, एसएसबी गुवाहाटी के डीआईजी (मेडिकल)<br>**सदस्य/सचिव-** कमांडेंट रैंक के अधिकारी/2आईसी<br>(संबद्ध सीमावर्ती मुख्यालय द्वारा नामित/प्रदत्त) |
| 3. | 01.06.2026 | **स्थान**-सीमावर्ती मुख्यालय, एसएसबी लखनऊ, टीसी/35, संकल्प भवन, वी-2, विभूती खंड, गोमती नगर.<br>अध्यक्ष-सीमावर्ती मुख्यालय, एसएसबी लखनऊ के डीआईजी (मेडिकल).<br>**सदस्य/सचिव-** कमांडेंट रैंक के अधिकारी/2आईसी<br>(संबद्ध सीमावर्ती मुख्यालय द्वारा नामित/प्रदत्त) |
| 4. | 04.06.2026 | **स्थान**-सीमावर्ती मुख्यालय, एसएसबी पटना, तीसरा तल, कर्पूरी ठाकुर सदन, दीघा-आशियाना रोड.<br>अध्यक्ष- सीएच एसएसबी बथनाहा के डीआईजी (मेडिकल)<br>**सदस्य/सचिव-** कमांडेंट रैंक के अधिकारी/2आईसी<br>(संबद्ध सीमावर्ती मुख्यालय द्वारा नामित/प्रदत्त) |

10. भरे जाने वाले पदों का ब्यौरा

क. विशेषज्ञ

| क्र.सं. | विशेषज्ञता | सीएच गोरखपुर | सीएच बथनाहा | सीएच तेजपुर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेडिसिन | 01 | 01 | 01 | 03 |
| 2. | सामान्य सर्जरी | 01 | 01 | 01 | 03 |
| 3. | प्रसूती एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ | 01 | 01 | - | 02 |
| 4. | नेत्र रोग विशेषज्ञ | 01 | 01 | 01 | 03 |
| 5. | रेडियोलॉजिस्ट | 01 | 01 | - | 02 |
| 6. | रोगविज्ञानी | - | - | 01 | 01 |
| 7. | एनेस्थीसिया | - | 01 | - | 01 |
| | कुल | 05 | 06 | 04 | 15 |

(शेष पृष्ठ 4 पर)

(पृष्ठ 3 का शेष)

**ख. जीडीएमओ-** सीमावर्ती मुख्यालय एसएसबी लखनऊ, रानीखेत, पटना, सिलिगुड़ी, गुवाहाटी, तेजपुर, एसएचक्यू भिलाई, एसएचक्यू गया और जम्मू-कश्मीर के अधिकार क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्थानों/यूनिटों में जीडीएमओ के 20 पद भरे जाने हैं.

11. अनुबंध के आधार पर विशेषज्ञ/जीडीएमओ के रूप में चुने गए उम्मीदवारों के पास यह विकल्प होगा कि वे जहां से अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए चुने गए हैं, उससे इतर स्थानों कार्य कर सकते हैं, बशर्ते वहां पर रिक्त पद उपलब्ध हों. इस प्रकार की नियुक्ति के बारे में एसएसबी महानिदेशक को निर्णय लेने के सभी अधिकार सुरक्षित हैं.

उप-महानिरीक्षक (कार्मिक)

CBC 19114/11/0002/2627 EN 7/67

## राष्ट्रीय श्रम अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान

**सेक्टर-ए-7, संस्थागत क्षेत्र, नरेला, दिल्ली-110040**

### रिक्ति विज्ञापन

**राष्ट्रीय श्रम अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान** विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर एक सलाहकार (वित्त एवं लेखा) की नियुक्ति हेतु गतिशील, परिणामोन्मुखी एवं अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करता है. समेकित पारिश्रमिक का विवरण निम्नानुसार है:

**पद का नाम : सलाहकार (वित्त एवं लेखा)**

**समेकित मासिक पारिश्रमिक:** रु. 80,000/- प्रति माह.

**आयु:** 45 वर्ष तक.

**योग्यता उपरांत न्यूनतम अनुभव:** 08 से 15 वर्ष.

**संविदा अवधि :** प्रारंभिक रूप से एक वर्ष की अवधि हेतु तथा आवश्यकता एवं प्रदर्शन के आधार पर वर्ष-दर-वर्ष बढ़ाई जा सकने योग्य, किन्तु किसी भी स्थिति में पांच वर्ष से अधिक नहीं.

1. अधिक जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट: **www.nilerd.ac.in** देखें.
2. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन होगी.
3. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन **dg-nilerd@gov.in** पर भेज सकते हैं.

EN 7/59

## राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी)

**एमओपीएनजी, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व की संस्था**

**वेबसाइट: www.rgipt.ac.in**

### भर्ती सूचना

**विज्ञापन सं.आरजीआईपीटी/जेएआईएस/एनटीएस/संविदा/04/2026**

आरजीआईपीटी, शुरू में एक वर्ष (बढ़ सकती है) की अवधि के लिए निम्नलिखित पद की संविदागत नियुक्ति के लिए उच्च अभिप्रेरित और पात्र उम्मीदवारों (भारतीय नागरिक) से आवेदन आमंत्रित करता है.

| पद | प्रकृति | रिक्ति | अधिकतम आयु | समेकित वेतन |
|---|---|---|---|---|
| **अधीक्षक (ऑडिट)** | संविदागत | 02 | 35 वर्ष | रु. 50,000/- |
| **तकनीशियन (फिटर)** | संविदागत | 02 | 35 वर्ष | रु. 40,000/- |

पात्रता मानदंड, ऑनलाइन आवेदन और अन्य विवरण आदि के लिए देखें:

**https://rgipt.ac.in/en/page/nts-contractual-position .**

किसी भी पूछताछ के लिए **recruitment_nts@rgipt.ac.in** पर मेल करें.

आरजीआईपीटी विज्ञापित पद को ना भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 31.05.2026** EN 7/84

## वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)

**अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001**

**विज्ञापन सं. 02/2026**

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर- भर्ती एवं मूल्यांकन बोर्ड (सीएसआईआर-आरएबी), नई दिल्ली में **अध्यक्ष** के पद हेतु सीएसआईआर में लागू भत्तों सहित पे-मैट्रिक्स के लेवल- 16 (रु. 2,05,400-2,24,400) में अथवा खोज सह चयन समिति द्वारा अनुशंसित समेकित वेतन पर आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है.

पात्रता मानदंड एवं शर्तों के लिए, कृपया सीएसआईआर की वेबसाइट **www.csir.res.in** पर विस्तृत/पूर्ण विज्ञापन संख्या 02/2026 देखें. आवेदन/नामांकन पूर्ण बायोडाटा सहित ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी **drc.hqrs@csir.res.in** पर अथवा **डायरेक्टर रिक्रूटमेंट** सेल, **वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001** को डाक द्वारा दिनांक **15/06/2026 को अथवा उससे पहले** भेजें.

CBC 36202/11/0001/2627 EN 7/79

## जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

**Jawaharlal Nehru University**

नई दिल्ली-110067

विज्ञापन सं. आरसी/75/2026

अद्यतन यूजीसी विनियमों के अनुसार विभिन्न स्कूलों/विशेष केन्द्रों/ विश्वविद्यालय के केन्द्रों में **सहायक प्रोफेसर, सह प्रोफेसर** और **प्रोफेसर** के पदों की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं. रिक्तियों, योग्यताओं, सामान्य अनुदेश आदि का विवरण, जेएनयू की वेबसाइट **https://www.jnu.ac.in/career** पर उपलब्ध है. सभी रूप में पूर्ण ऑनलाइन आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 15 जून, 2026 (शाम 5 बजे)** है. किसी भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र को केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा.

EN 7/86 **पंजीयक**

## भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर

### शुद्धिपत्र

**संदर्भ : IIMR/Admn/Rec./APCMO/2026-27/04 एवं IIMR/Admn/Rec./ASFSO/2026-27/06,**

**दिनांक 16.04.2026**

सहायक खरीद एवं अनुबंध प्रबंधन अधिकारी तथा सहायक सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा अधिकारी के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं.

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 06 मई 2026 से बढ़ाकर 20 मई 2026 कर दिया गया है.**

**पूर्ण विवरण हेतु देखें : www.iimraipur.ac.in/recruitment**

EN 7/43

## राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान
## NATIONAL INSTITUTE OF OCEAN TECHNOLOGY

(पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Earth Sciences, Government of India)
रासप्रौसं परिसर, वेलाचेरी–तम्बाराम मैन रोर्ड, चेन्नई – 600 100
NIOT campus, Velachery-Tambaram Main Road, Chennai - 600 100
Phone: 91-44-66783300 E-Mail: recruitment@niot.res.in

**विज्ञापन संख्या Advertisement No. NIOT/E&P/01/2026 (Regular)**

राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), जो पृथ्वी प्रणाली विज्ञान परिषद (ईएसएससी) के अंतर्गत स्थापित एक स्वायत्त संस्था है और भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन कार्यरत है, एनआईओटी भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों पर सीधी भर्ती के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया संस्थान की वेबसाइट **https://www.niot.res.in/recruitment_details.php** पर उपलब्ध है:

National Institute of Ocean Technology (NIOT), an institution under Earth System Sciences Council (ESSC), an autonomous body under the Ministry of Earth Sciences, Govt. of India invites online application from Indian Nationals for recruitment of the following post on direct recruitment basis. The detailed advertisement and the procedure for submitting application have been uploaded on website link **https://www.niot.res.in/recruitment_details.php**

| पदनाम | वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर (सातवें सीपीसी के अनुसार) | रिक्तियों की संख्या और श्रेणी |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | वेतन स्तर–06 (रु. 35400-112400) | 1 पद (अनारक्षित) |
| **Name of the Post** | **Pay Level in the Pay Matrix (as per VII CPC)** | **No. of vacancy & Category** |
| Junior Translation Officer | Pay Level-06 (Rs.35400-112400) | 1 post (Unreserved) |

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 15.06.2026.
Last date for submission of online application: 15.06.2026.

निदेशक
Director

EN 7/18

## पादप रोग विज्ञान प्रभाग
आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान,
नई दिल्ली - 110012, भारत

**वॉक्-इन-इंटरव्यू**

योग्य अभ्यर्थी DBT वित्तपोषित अनुसंधान परियोजना "Leveraging genetic resources for accelerated genetic improvement of Linseed using comprehensive genomics and phenotyping approaches" के अंतर्गत पादप रोग विज्ञान प्रभाग में पूर्णतः संविदा आधार पर **परियोजना सहायक** के पद तथा एक पद संख्या एवं वेतन रु. 20000 + 27% एचआरए हेतु वॉक्-इन-इंटरव्यू में उपस्थित हो सकते हैं. इस पद हेतु योग्यता जैविक विज्ञान/कृषि/जीवविज्ञान संबंधित विषयों में बी.एससी./स्नातक उत्तीर्ण है. सभी अभ्यर्थी **29-05-2026 (अंतिम तिथि)** को साक्षात्कार से पूर्व अपने मूल दस्तावेजों की एक सेट छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत करें.

वेबसाइट : **www.iari.res.in**

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
पादप रोग विज्ञान प्रभाग, आईसीएआर-आईएआरआई

EN 7/62

सीएसआईआर- राष्ट्रीय अंतर्विषयी विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान
## CSIR-National Institute for Interdisciplinary Science and Technology
इंडस्ट्रियल एस्टेट डाक घर, पाप्पनकोड, तिरुवनंतपुरम-695019
Industrial Estate PO, Pappanamcode, Thiruvananthapuram-19
विज्ञापन सं./ADVERTISEMENT No. 01/2026

सीएसआईआर-एनआईआईएसटी, तिरुवनंतपुरम, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में एक प्रमुख संस्थान, जो बुनियादी/अनुप्रयुक्त विज्ञान के अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों के बहुविषयक क्षेत्रों में शामिल है, निम्नलिखित पद को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

CSIR-NIIST, Thiruvananthapuram, a premier Institute under the aegis of Council of Scientific & Industrial Research, involved in multidisciplinary areas of R & D programmes of basic/applied sciences, invites online applications to fill up the following position:

| पदनाम, पोस्ट कोड और वेतन मैट्रिक्स स्तर **Name of Post, Post Code & Pay Matrix Level** | पदों की संख्या और वर्ग **No. of Post, Category & Age limit** | अनिवार्य योग्यता **Essential Qualification** |
|---|---|---|
| **Multi- Tasking Staff MTS26 PML-01** | 02 (01-UR & 01-OBC) 25* Years as on closing date of online application | Matriculation or equivalent pass |

*Please see age relaxations column in the detailed advertisement
Date of Commencement of online applications: **16.05.2026 at 9:00 AM**
Closing date of online applications: **15.06.2026 at 5:30 PM**
विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन पत्र के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.niist.res.in** पर जाएं.
For detailed advertisement and online application form, please visit our website **www.niist.res.in.**

EN 7/77

**प्रशासन नियंत्रक / Controller of Administration**

सं. ए-35020/05/2025-प्रशा.II
## संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069

दिनांकः 30.04.2026

**रिक्ति परिपत्र**

**संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 [7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार] में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) आधार पर उप निदेशक (आईएस) (साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय) के 02 (दो) पदों को भरे जाने के संबंध में.**

संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में उप निदेशक (आईएस) (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ए', राजपत्रित, गैर-मंत्रिस्तरीय) के पद पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (सातवें सीपीसी के अनुसार) पर प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) के आधार पर 3 वर्ष की अवधि के लिए रिक्तियों को भरने का प्रस्ताव है, जब तक कि कोई और आदेश जारी न हो जाए.

2. विवरण यथा सामान्य शर्तें, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, आवेदन पत्र का प्रपत्र आदि संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट अर्थात् **http://www.upsc.gov.in/vacancy-circulars** पर उपलब्ध हैं.

(अपर्णा श्रीवास्तव)
अवर सचिव (प्रशा. II)
संघ लोक सेवा आयोग
दूरभाष संख्याः 011-23388476

EN 7/16

सं. ए-35020/04/2025-प्रशा.II
## संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069

दिनांकः 30.04.2026

**रिक्ति परिपत्र**

**संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में 7वें वेतन आयोग का स्तर-13ए में वरिष्ठ निदेशक (आईएस) (साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय) की एक रिक्ति को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरे जाने के संबंध में.**

संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में 7वें वेतन आयोग का स्तर-13ए में **वरिष्ठ निदेशक (आईएस)** (साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय) की एक रिक्ति को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर 2 वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भरे जाने का प्रस्ताव है.

2. विवरण यथा सामान्य शर्तें, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, आवेदन पत्र का प्रपत्र आदि संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट अर्थात् **http://www.upsc.gov.in/vacancy-circulars** पर उपलब्ध हैं.

(अपर्णा श्रीवास्तव)
अवर सचिव (प्रशा. II)
संघ लोक सेवा आयोग
दूरभाष संख्याः 011-23388476

EN 7/17

फा.सं. 2-3/2021-स्था.
भारत सरकार
## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग
ब्लॉक-14, प्रथम तल, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

**राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में प्रतिनियुक्ति आधार पर विधि अधिकारी के एक (01) पद को भरने के संबंध में.**

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में उपर्युक्त पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु केंद्रीय सरकार के अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. विस्तृत विवरण तथा आवेदन प्रपत्र आयोग की वेबसाइट **www.ncm.nic.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं.

2. आवेदन उचित माध्यम से, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, सतर्कता स्वीकृति, दंड विवरण तथा विगत पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर सहित विज्ञापन के रोज़गार समाचार में प्रकाशित होने की **तिथि से 60 दिनों के भीतर** आयोग को ई-मेल एवं मोबाइल नंबर सहित भेजे जा सकते हैं.

(राजीव मोहन)
भारत सरकार के अवर सचिव
दूरभाष सं. : 24366174

EN 7/8

फाइल सं. Admin-12011(16)/11/2024-eoffice
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
## केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन
(औषधि अनुभाग)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, हैदराबाद में प्रतिनियुक्ति के आधार पर नीचे उल्लिखित पद को भरने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होगी.**

2. अधिक विवरण हेतु कृपया मंत्रालय की वेबसाइट **https://mohfw.gov.in** अथवा CDSCO की वेबसाइट **https://cdsco.gov.in** देखें.

| क्र. सं. | पद का नाम | 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन | पदों की संख्या | जिस कार्यालय हेतु पद भरा जाना है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी** | 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन स्तर-8 (47,600–1,51,100) | 1 (एक) | केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, हैदराबाद |

(पवन कुमार)
उप निदेशक (प्रशासन), CDSCO मुख्यालय
एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002

CBC 17194/11/0001/2627

EN 7/56

# लोकपाल ऑफ इंडिया

लोकपाल ऑफ इंडिया द्वारा दिनांक 27.04.2026 का रिक्ति परिपत्र जारी किया गया है, जिसके माध्यम से **संयुक्त सचिव के एक (01) पद** को वेतन स्तर-14 में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर सेवारत अधिकारियों से तथा संविदा/परामर्श आधार पर सेवानिवृत्त अधिकारियों से भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. विवरण निम्नानुसार है :

| कौन आवेदन कर सकता है | पात्रता मानदंड / शैक्षणिक योग्यता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|
| सेवारत अधिकारी (आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए) | सर्वोच्च न्यायालय / उच्च न्यायालय / सांविधिक केंद्रीय अधिकरण/ केंद्रीय सरकार / केंद्रीय सांविधिक निकायों में नियमित आधार पर समकक्ष पद धारण करने वाले अधिकारी.<br>वांछनीय- मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विधि में डिग्री. | प्रतिनियुक्ति हेतु भारत सरकार के नियमों के अनुसार. |
| सेवानिवृत्त अधिकारी (आयु 63 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए) | ऐसे सेवानिवृत्त अधिकारी, जिन्होंने सर्वोच्च न्यायालय / उच्च न्यायालय/ सांविधिक केंद्रीय अधिकरण / केंद्रीय सरकार / केंद्रीय सांविधिक निकायों में समकक्ष अथवा उच्च पदों से नियमित रूप से सेवानिवृत्ति प्राप्त की हो.<br>**वांछनीय** - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विधि में डिग्री. | • व्यय विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 3-25/2020-E.IIIA दिनांक 09.12.2020 तथा अन्य प्रचलित निर्देशों के अनुसार.<br>• वे अभ्यर्थी जो उच्च वेतन स्तर-15 अथवा उससे ऊपर के पदों से सेवानिवृत्त हुए हैं, वे भी इस पद हेतु पात्र होंगे, बशर्ते कि उन्हें व्यय विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 3-25/2020-E.IIIA दिनांक 09.12.2020 के अंतर्गत निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार पारिश्रमिक देय होगा, जो प्रति माह कुल रु. 1,09,100/- तथा पद हेतु लागू परिवहन भत्ता से अधिक नहीं होगा.<br>• कार्यालय एवं निवास के बीच आवागमन हेतु वाहन सुविधा अथवा नियमानुसार परिवहन भत्ता अनुमन्य होगा. |

**आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 15.06.2026 है. अधिक जानकारी हेतु कृपया लोकपाल ऑफ इंडिया की वेबसाइट देखें. लिंक : www.lokpal.gov.in** EN 7/10

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र

**National Institute of Technology Kurukshetra**

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन

कुरुक्षेत्र - 136119

**विज्ञापन सं. : 07/2026**

**शैक्षणिक सत्र के विषम सेमेस्टर में पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश वर्ष 2026-27**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र, शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (Ph.D.) डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए भारतीय एवं विदेशी नागरिकों से गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. ये कार्यक्रम पूर्णकालिक (संस्थान/ CSIR-UGC-NET-JRF, परियोजना), विश्वेश्वरैया फेलोशिप योजना, पूर्णकालिक (स्व-वित्तपोषित) तथा अंशकालिक सीटों के लिए हैं.

सीटों की संख्या, ऑनलाइन आवेदन फॉर्म लिंक तथा अन्य संबंधित विवरण पीएच.डी. अध्यादेश एवं विनियमों सहित संस्थान की वेबसाइट : **www.nitkkr.ac.in** पर **Admission 2026 -> Ph.D.** टैब के अंतर्गत उपलब्ध हैं.

सभी इच्छुक अभ्यर्थी नवीनतम **10 जून, 2026 सायं 05:00 बजे** तक गूगल फॉर्म भर सकते हैं. यदि आवेदन अपूर्ण पाया जाता है अथवा प्रवेश प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद किसी भी चरण में कोई जानकारी भ्रामक/असत्य पाई जाती है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी/ प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा तथा किसी भी स्थिति में आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा.

कृपया इस संबंध में किसी भी घोषणा अथवा अद्यतन जानकारी हेतु संस्थान की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें.

EN 7/48 कुलसचिव प्रभारी

# एमएसएमई प्रौद्योगिकी केन्द्र

इंडो जर्मन औजार कक्ष, औरंगाबाद

(एमएसएमई मंत्रालय के अधीन भारत सरकार की एक संस्था)

एक आईएसओ 9001, आईएसओ 14001, आईएसओ 50001, आईएसओ 45001 प्रमाणित-औजार कक्ष व प्रशिक्षण केन्द्र

**दीर्घकालीन पाठ्यक्रम-2026 के लिए प्रवेश सूचना**

अगस्त 2026 से शुरू होने वाले निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित हैं:

| पाठ्यक्रम | अवधि | इंटेक | न्यूनतम योग्यता | आयु | पाठ्यक्रम शुल्क/ प्रतिवर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| **एडवांस डिप्लोमा इन टूल एंड डाईमेकिंग** (एआईसीटीई/ एमएसबीटीई अनुमोदित) | चार वर्ष | 120 | सभी विषयों के कुल में 60% अंकों के साथ विज्ञान और गणित के साथ 10वीं कक्षा या समकक्ष (अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए 50%). | 1/7/2026 के अनुसार 15-19 वर्ष (अजा/ अजजा उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट). | रुपये 48,000/- |
| **डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स** (एआईसीटीई/ एमएसबीटीई अनुमोदित) | तीन वर्ष | 120 | | | रुपये 48,000/- |
| **मशीनिस्ट में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम** (औजार कक्ष) | दो वर्ष | 40 | | | रुपये 40,000/- |

अजा/अजजा/अपिव/पीडब्ल्यूडी और ईडब्ल्यूएस के लिए सीटों में आरक्षण असली प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर नियमानुसार लागू होगा. अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए कोई ट्यूशन शुल्क नहीं है हालांकि लागू अनुसार अन्य शुल्क देना होगा.

प्रवेश लड़के और लड़कियों के लिए खुला है.

**पाठ्यक्रम पूर्ण और पुरस्कार:** उक्त पाठ्यक्रम के लिए चयनित उम्मीदवारों को पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र तभी दिया जाएगा यदि वे पाठ्यक्रम को निर्धारित समय (अधिकतम अनुमत अवधि पाठ्यक्रम अवधि का 1.5 गुना अवधि है) में पूर्ण करता है. अन्यथा उम्मीदवार को पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र पुरस्कृत नहीं किया जाएगा.

**चयन का माध्यम:** आईजीटीआर, औरंगाबाद में आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा (ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम) द्वारा चयन होगा.

**आवेदन कैसे करें:** उक्त उल्लिखित पाठ्यक्रम में से किसी एक में पंजीकरण के इच्छुक उम्मीदवार को वेबसाइट **www.igtr-aur.org** पर उपलब्ध लिंक द्वारा **ऑनलाइन पंजीकरण** प्रक्रिया द्वारा अपनी उम्मीदवारी पंजीकृत करनी होगा. **हमारी वेबसाइट पर विस्तृत प्रोस्पेक्टस भी उपलब्ध है.**

**नोट:** विस्तृत प्रवेश प्रक्रिया, पंजीकरण, आवेदन, प्रवेश परीक्षा, योग्यता सूची की घोषणा, चयन प्रक्रिया और सामान्य शर्तें, नियम और विनियम, स्थानन, इंटर्नशिप संबंधी अधिक विवरण के लिए हमारी वेबसाइट **www.igtr-aur.org** देखें.

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तिथि: | 04 मई 2026(शाम 5 बजे से शुरू) |
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि: | 21 जून 2026 |
| प्रवेश परीक्षा: | 28 जून 2026 |
| प्रवेश परीक्षा का परिणाम: | 29 जून 2026 |
| प्रवेश/काउंसिलिंग अनुसूची: | 30 जून 2026 से शुरू |

(प्रोस्पेक्टस, पंजीकरण लिंक और अन्य विवरण के लिए आईजीटीआर की वेबसाइट www.igtr-aur.org देखें)

पाठ्यक्रम शुरू होने की तिथि: 03 अगस्त 2026

**नोट: उपयुक्त सक्षम प्राधिकारीयों से परिस्थिति और निर्देशों पर चयन के लिए उक्त अनुसूची/प्रक्रिया बदल सकती है.**

- किसी भी मदद के लिए कृपया अपनी पूछताछ entranceexam@igtr-aur.org पर अग्रेषित करें.
- प्रोस्पेक्टस के लिए लिंक https://www.igtr-aur.org/docs/PROSPECTUS ADTDM DIM CCMTR-2026.pdf

**अधिक विवरण के लिए संपर्क करें:**

एमएसएमई प्रौद्योगिकी केन्द्र

इंडो जर्मन औजार कक्ष, औरंगाबाद

पी-31, एमआईडीसी, चिकल थाना औद्योगिकी क्षेत्र, जलगांव रोड, छत्रपति संभाजी नगर-431 006 महाराष्ट्र राज्य (भारत)

फोन: (0240)2610100 एक्स्टेंशन 411/430/431/501/502 मोबाइल: +91 9373161252, +91 9373161253

ईमेल: entranceexam@igtr-aur.org वेबसाइट: www.igtr-aur.org EN 7/46

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान

मानद विश्वविद्यालय

(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार)

जोरावर सिंह गेट, आमेर रोड, जयपुर 302002

वेबसाइट : www.nia.nic.in

**रिक्ति अधिसूचना संख्या 1/2026**

एनआईए, पंचकुला के लिए **प्रोफेसर (14 पद), एसोसिएट प्रोफेसर (14 पद), सहायक प्रोफेसर (6 पद), विभिन्न विषयों में चिकित्सा अधिकारी (1 पद), उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) (1 पद), लेखाकार (1 पद), नर्सिंग अधिकारी (1 पद) तथा पुस्तकालयाध्यक्ष (1 पद)** के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. इसके अतिरिक्त, एनआईए, जयपुर के लिए **सहायक प्रोफेसर (5 पद), पंचकर्म वैद्य (1 पद), रेडियोलॉजिस्ट (1 पद), कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी (1 पद), लेखाकार (1 पद) एवं फार्मासिस्ट (1 पद)** हेतु भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. विषयवार विवरण, आरक्षण तथा अन्य संबंधित जानकारी संस्थान की वेबसाइट **www.nia.nic.in** पर उपलब्ध है. आवेदन केवल संस्थान की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया **11-5-2026 से प्रारंभ** होगी तथा आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 20-6-2026** है. संस्थान को रिक्तियों की संख्या बढ़ाने या घटाने, किसी भी अथवा सभी पदों को निरस्त करने तथा बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा.

(जे.पी. शर्मा)

EN 7/64 संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

# राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान

**NATIONAL INSTITUTE OF NATUROPATHY**

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार Ministry of Ayush, Govt. of India

निसर्ग ग्राम, येवलेवाडी, पुणे Nisarg Gram, Yewalewadi, Pune - 411048

टेलीफोन : 020 - 26059682/3

ई-मेल : ninpune@bharatmail.co.in वेबसाइट : www.ninpune.ayush.gov.in

## रिक्त पदों की सूचना

**राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, जो भारत सरकार के आयुष मंत्रालय का एक स्वायत्त निकाय है, निम्नलिखित पदों को भरने का प्रस्ताव करता है।**

| अनु. क्रमांक | पद का नाम | वेतन स्तर/पारिश्रमिक | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखाकार (Accountant) | वेतन मैट्रिक्स में लेवल 6 (रु. 35,400 - 1,12,400), 7 वां सीपीसी | प्रतिनियुक्ति/पदोन्नति के आधार पर |
| 2. | प्राकृतिक चिकित्सक (Nature Cure Physician) | रु. 60,000 (समेकित) | अनुबंध पर |

**उक्त पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, सेवा-शर्तें, आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया तथा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट www.ninpune.ayush.gov.in पर उपलब्ध रिक्ति सूचना में दी गई है।**

CBC 17211/11/0001/2627 EN 7/33 **प्रभारी निदेशक**

# रेल परिवहन संस्थान

कमरा सं. 104, उत्तरी केन्द्रीय रेलवे परियोजना इकाई, शिवाजी ब्रिज, शंकर मार्किट के पीछे, इरवो कार्यालय के नजदीक,नई दिल्ली.110001.
दूरभाष: 011-23416832/23416833 : ई-मेल : irtindia3@gmail.com
वेबसाइट : www.irt.indianrailways.gov.in

ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं

भारी मांग को देखते हुए रेल परिवहन संस्थान (आई.आर.टी.), द्वारा निम्न डिप्लोमा पाठयकमों की आवेदन प्राप्ति की तिथि बढ़ा कर 30 जून, 2026 कर दी गई है।

1. परिवहन अर्थशास्त्र एंव प्रबंधन

2. मल्टी–मॉडल ट्रांसपोर्ट (कन्टेनराइजेशन) एंव लॉजिस्टिक्स प्रबंधन

3. रेल परिवहन एंव प्रबंधन

प्रत्येक कोर्स फीसः ₹ 8,000/– (सभी समावेशी)

4. पोर्ट विकास और प्रबंधन

**कोर्स फीसः ₹ 10,000/– (सभी समावेशी)**

इस कार्यक्रम को लोकप्रिय मांग के आधार पर एक वर्ष की अवधि के पाठयक्रम के रूप में फिर से तैयार किया गया है।

**योग्यता :–** किसी भी विषय से स्नातक या तीन वर्षीय डिप्लोमा जो मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से किया गया हो, जो कर्मचारी केन्द्रीय/राज्य सरकार या सशस्त्र सेवा कार्मिक ( सेवारत और सेवानिवृत्त ), कार्यरत हैं और जिनको सीनियर सेकंडरी के बाद तीन वर्ष कार्य करने का अनुभव है, वे प्रत्याशी विशेष छूट के आधार पर यह कोर्स कर सकते हैं।

**परीक्षा केन्द्र :–** दिल्ली, मुंबई, कोलकत्ता, चैन्नई, सिकन्दराबाद, लखनऊ, गुवाहाटी और भुवनेश्वर ( किसी भी केन्द्र में छात्रों की पर्याप्त संख्या के आधार पर )। हम 2020 से ऑनलाइन परीक्षाएं आयोजित कर रहे हैं।

विस्तृत विवरण हेतु विवरण पुस्तिका ( प्रोस्पेक्टस ) देखें जोकि **डाक शुल्क सहित ₹ 200/– के " रेल परिवहन संस्थान " नई दिल्ली** के नाम से देय डिमांड ड्राफ्ट जमा कराकर प्राप्त किया जा सकता है। डिमांड ड्राफ्ट के पीछे अपना नाम/पता व कोर्स का नाम अवश्य लिखें। विवरणिका ₹ 150/– के नकद भुगतान के साथ उपरोक्त काउन्टर से प्राप्त की जा सकती है।

ऑनलाइन विवरणिका प्राप्त करने और प्रवेश लेने हेतु वेबसाइट **www.irt.indianrailways.gov.in** पर जाएं।

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि **30 जून, 2026** तक है। **संस्थान शनिवार, रविवार और राजपत्रित अवकाश के दिन बंद रहता है।**

EN 7/27

---

# भारत सरकार
## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग विकास आयुक्त का कार्यालय, जयपुर विशेष आर्थिक क्षेत्र, सीएफसी भवन, सीतापुरा, जयपुर – 302022

**Government of India**
**Ministry of Commerce & Industry,**
**Department of Commerce**
**Office of the Development Commissioner,**
**Jaipur Special Economic Zone CFC Building,**
**Sitapura, Jaipur - 302022**
**Website: www.jaipursez.gov.in**
**Phone No. 0141-2770250 / 2770066**

फाइल सं. JSEZ/Admn/06/2022-23/51 दिनांक :17.04.2026

रिक्ति विज्ञापन

दिनांक 18.09.2025 के रिक्ति विज्ञापन के संदर्भ में, विकास आयुक्त, एनएसईजेड, नोएडा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विशेष आर्थिक क्षेत्रों में प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने हेतु इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| क्र. सं. | पद का नाम एवं वेतनमान | पदों की संख्या एवं स्टेशन |
|---|---|---|
| 1. | प्रिवेंटिव अधिकारी (समूह-'बी')<br>(रु. 9300-34800/-) ग्रेड वेतन रु. 4600/-<br>( 7वें सीपीसी के अंतर्गत वेतन मैट्रिक्स के लेवल-7 के समकक्ष ) | 01 (जयपुर एसईजेड) |

विकास आयुक्त, एनएसईजेड, नोएडा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत जयपुर विशेष आर्थिक क्षेत्र में प्रतिनियुक्ति आधार पर पदों को भरने हेतु उचित माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, इस कार्यालय के **रिक्ति विज्ञापन सं. JSEZ/Admn/06/2022-23/443 दिनांक 18.09.2025, जो रोजगार समाचार दिनांक 11.10.2025 से 17.10.2025 में प्रकाशित हुआ था, तथा JSEZ/Admn/06/2022-23/826 दिनांक 27.02.2026, जो रोजगार समाचार दिनांक 14.03.2026 से 20.03.2026** में प्रकाशित हुआ था, के संदर्भ में रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से आगामी 30 दिनों के लिए बढ़ाई जाती है. पात्रता शर्तों सहित अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत अपरिवर्तित रहेंगी.

(नोमान हाफिज)
उप विकास आयुक्त

EN 7/76

---

# प्रवेश सूचना

**कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2026**
**निम्न संस्थानों में प्रवेश हेतु**

| संस्थान | पाठ्यक्रम |
|---|---|
| पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान (पीडीयूएनआईपीपीडी)<br>4, विष्णु दिगंबर मार्ग, नई दिल्ली-110002 वेबसाइट : https://pdunippd.nic.in<br>ई-मेल : cetpdunippd2026@gmail.com | • बीपीटी<br>• बीओटी<br>• बीपीओ |
| स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (दिव्यांगजन), कटक (एसवीएनआईआरटीएआर)ओलाटपुर, डाकघर-बैरोई, कटक, ओडिशा-754010<br>वेबसाइट : https://svnirtar.nic.in,<br>ई-मेल : nirtar@nic.in | • बीपीटी<br>• बीओटी<br>• बीपीओ<br>• बीएएसएलपी |
| राष्ट्रीय चलन दिव्यांगजन संस्थान (दिव्यांगजन), कोलकाता (एनआईएलडी) बी.टी. रोड, बोनहुगली, कोलकाता-700090<br>वेबसाइट : https://nild.nic.in,<br>ई-मेल : mail@nioh.in | • बीपीटी<br>• बीओटी<br>• बीपीओ |
| राष्ट्रीय बहुदिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (दिव्यांगजन), चेन्नई (एनआईईपीएमडी)<br>ईस्ट कोस्ट रोड, मुथुकाडु, कोवलम पोस्ट, चेन्नई-603112<br>वेबसाइट : www.niepmd.nic.in<br>ई-मेल : niepmd@gov.in | • बीपीटी<br>• बीओटी<br>• बीएएसएलपी |
| अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् एवं श्रवण दिव्यांगजन संस्थान (दिव्यांगजन), मुंबई [एवाईजेएनआईएसएचडी(डी)]<br>के.सी. मार्ग, बांद्रा (प.), रिक्लेमेशन, मुंबई-400050<br>वेबसाइट : https://ayjnishd.nic.in, ई-मेल : ayjnihh-mum@nic.in | • बीएएसएलपी |
| अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् एवं श्रवण दिव्यांगजन संस्थान (दिव्यांगजन), क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता, एनआईईपीआईडी परिसर, मनोविकास नगर, बोवेनपल्ली,<br>सिकंदराबाद, तेलंगाना-500009, ई-मेल : adsrc-nihh@ayjnihh.nic.in | • बीएएसएलपी |
| अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् एवं श्रवण दिव्यांगजन संस्थान (दिव्यांगजन), क्षेत्रीय केंद्र, सिकंदराबाद, एनआईईपीआईडी परिसर, मनोविकास नगर, बोवेनपल्ली, सिकंदराबाद<br>एनआईएलडी परिसर, बी.टी. रोड, बोनहुगली, कोलकाता-700090<br>वेबसाइट : aderc-nihh@nic.in | • बीएएसएलपी |
| कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु समग्र क्षेत्रीय केंद्र (दिव्यांगजन), गुवाहाटी (सीआरसीएसआरई)गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर, डाकघर-इंद्रापुर, जीएमसी अस्पताल रोड, भांगागढ़, गुवाहाटी, असम-781032<br>वेबसाइट : https://crcguwahati.nic.in<br>ई-मेल : crcguwahati@gmail.com | • बीएएसएलपी |
| समग्र क्षेत्रीय केंद्र, पटना, शेखपुरा, (पुराना धर्मशाला), आईजीआईएमएस नर्सिंग कॉलेज के निकट, पटना-800014<br>वेबसाइट : https://crcpatna.nic.in<br>ई-मेल : crcpatna@rediffmail.com | • बीपीओ |

पात्रता : अंग्रेजी अनिवार्य विषय के साथ 10+2 विज्ञान.

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 11.05.2026 (सोमवार)

ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 05.06.2026 (शुक्रवार)

प्रवेश परीक्षा की तिथि : 28.06.2026 (रविवार)

ऑनलाइन आवेदन हेतु जाएं :https://admission.svnirtar.nic.in

अधिक जानकारी हेतु देखें :https://pdunippd.nic.in

सभी संबंधित कृपया ध्यान दें.

निदेशक,
पीडीयूएनआईपीपीडी, नई दिल्ली

CBC 38101/11/0003/2627

EN 7/80

---

भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय

# राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी

पांचवीं मंजिल, 15-एनबीसीसी टावर, भीकाजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066

विज्ञापन संख्याः 02/2026

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) भारत सरकार की एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली सड़क संपर्कता प्रदान करना है. राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी (NRIDA), जो ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD) के अधीन है, इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को तकनीकी एवं प्रबंधकीय सहायता प्रदान करती है. NRIDA निम्नलिखित विवरणानुसार संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र.सं. | पद का नाम | मासिक पारिश्रमिक | भर्ती का प्रकार | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डेटा वैज्ञानिक | रु. 1,10,000/- (समेकित) | संविदा | 01 |

अभ्यर्थी अपने आवेदन केवल ई-मेल के माध्यम से **nrida-vacancies@pmgsy.nic.in** पर प्रेषित करें.

NRIDA में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से **45 दिनों** के भीतर होगी.

विस्तृत पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रारूप हेतु, कृपया वेबसाइट **www.pmgsy.nic.in** के **'Advertisement/Circulars'** अनुभाग में या **https://www.dord.gov.in** के **'offerings'** आइकन के अंतर्गत देखें.

सहायक निदेशक (एफ एंड ए)

CBC 35104/11/0001/2627

EN 7/15

# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड
# RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD

विज्ञापन सं. RBISB/DA/01/2026-27

*(यह विज्ञापन भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है।)*

## भारतीय रिज़र्व बैंक में ग्रेड 'बी' (सामान्य/आनीअवि/सांसूप्रवि) संवर्गों में (सीधी भर्ती - डीआर) (परिवीक्षाधीन-ओपी) अधिकारियों के पदों पर सीधी भर्ती - पैनल वर्ष 2026

**"राष्ट्र निर्माण करें। अपना करियर बनाएं।"**

भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्य करने का अवसर कोई सामान्य अवसर नहीं है बल्कि यह राष्ट्र की सेवा करने की प्रतिबद्धता है जहां आपके निर्णयों का देश की अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र के विकास पर प्रभाव पड़ता है।

यदि आप एक ऐसा परिवेश चाहते है जो आपको निरंतर सीखने, समान अवसरों वाली कार्यसंस्कृति और सहयोगी मानव संसाधन वातावरण को प्रोत्साहित करे और साथ ही आकर्षक आय प्रदान करे; तो भारतीय रिज़र्व बैंक में आपका स्वागत है।

हम एक पूर्णसेवा केंद्रीय बैंक हैं जो विभिन्न प्रकार के कार्यों का निष्पादन करते हैं। अपनी पदस्थापना के आधार पर हमारे ग्रेड 'बी' अधिकारी उत्कृष्ट भूमिकाओं में अपना कार्यनिष्पादन करते हैं। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने ब्राउजर में निम्न URL https://opportunities.rbi.org.in/scripts/roles.aspx पर क्लिक करें।

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड (आगे इसे 'बोर्ड' कहा जाएगा) भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| | पद | रिक्तियों की संख्या | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामा/ अना | ईडब्ल्यूएस $ | अपिव @ | अजा | अजजा | कुल | दिव्यांगजन श्रेणी | | | |
| | | | | | | | | क | ख | ग | घ |
| 1 | ग्रेड 'बी' सामान्य संवर्ग में अधिकारियों की सीधी भर्ती | 16 | 4 | 9 | 7 | 4 | 40 | - | - | 1 | 1 |
| 2 | ग्रेड 'बी' आनीअवि संवर्ग में अधिकारियों की सीधी भर्ती | 4 | 1 | 1 | 3 | 1 | 10 | - | - | - | - |
| 3 | ग्रेड 'बी' सांसूप्रवि संवर्ग में अधिकारियों की सीधी भर्ती | 4 | 1 | 4 | 1 | - | 10 | 1 | - | - | - |
| | कुल | 24 | 6 | 14 | 11 | 5 | 60 | 1 | - | 1 | 1 |

***संक्षिप्ताक्षर:** समा/अना - सामान्य/अनारक्षित; ईडब्ल्यूएस - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; अपिव - अन्य पिछड़ा वर्ग ; अजा - अनुसूचित जाति; अजजा - अनुसूचित जनजाति; दिव्यांगजन - बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति; आनीअवि - आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग; सांसूप्रवि - सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग।*

$भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडबल्यूएस) के लिए आरक्षण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 31 जनवरी 2019 को जारी कार्यालय ज्ञापन सं. 36039/1/2019 Estt. (Res) द्वारा शासित है।

अस्वीकरण: "ईडब्ल्यूएस रिक्तियां अनंतिम हैं और भारत सरकार के आगामी निदेशों तथा न्यायालय में दायर किसी भी वाद (Litigation) के परिणाम के अधीन हैं। नियुक्ति अनंतिम है और उचित चैनलों के माध्यम से किए जाने वाले 'आय और आस्ति प्रमाण पत्र' के सत्यापन के अधीन होगी।" ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए 'आय और आस्ति प्रमाण पत्र' (वित्तीय वर्ष 2025-26के लिए जारी और वर्ष 2026-27 के लिए मान्य) प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। आरक्षण का लाभ लेने के अपने दावे के समर्थन में उम्मीदवारों के पास पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि यानी **20 मई 2026** का/उससे पहले का निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट-VI) में जारी किया हुआ अपेक्षित 'आय और आस्ति प्रमाण पत्र' होना चाहिए।

@भर्ती में अपिव के लिए आरक्षण कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 08 सितंबर 1993 को जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93-Estt. (SCT) (समय-समय पर यथासंशोधित) द्वारा शासित है।

'क्रीमी लेयर' में आने वाले अपिव उम्मीदवार अपिव आरक्षण के हकदार नहीं हैं। वे अपनी श्रेणी 'सामान्य (सामा)' के रूप में दर्शाएं। उक्त श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा करने वाले अपिव उम्मीदवारों को वित्तीय वर्ष (वित्त) 2025-2026, 2024-2025 और 2023-2024 की आय के आधार पर 01 अप्रैल 2026 को या उसके बाद (वित्तीय वर्ष 2025-26 के पूरा होने के बाद का) लेकिन पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि के बाद का नहीं; जारी किया हुआ अपिव (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आरक्षण का लाभ लेने के अपने दावे के समर्थन में उम्मीदवारों के पास पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि यानी 20 मई 2026 का/उससे पहले का निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट-V) में जारी किया हुआ अपेक्षित अपिव प्रमाण पत्र (एनसीएल) होना चाहिए।

**टिप्पणी:** अजा/अजजा/अपिव/दिव्यांगजन/ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिकों के लिए उपलब्ध आरक्षण/छूट लाभ चाहने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे निर्धारित पात्रता के अनुसार इस तरह के आरक्षण/छूट के हकदार हैं। उन्हें ऐसे लाभों के लिए निर्धारित अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप में सभी अपेक्षित प्रमाण पत्र भी रखने होंगे। ये प्रमाण पत्र पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि पर या उससे पहले के दिनांकित होने चाहिए। विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण अंतिम परिणाम के समय तत्समय जारी सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

## विस्तृत सूचना

| क्र.सं. | ब्योरा | टिप्पणियां |
|---|---|---|
| | | **महत्त्वपूर्ण तिथियां** |
| 1 | आवेदन जमा करने की विंडो | (तालिका नीचे) |

| क्रियाकलाप | महत्त्वपूर्ण तिथियां** |
|---|---|
| आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के भुगतान के लिए खुलने की तिथि | **29 अप्रैल 2026** |
| आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के भुगतान के लिए अंतिम तिथि | **20 मई 2026 (शाम 06 बजे तक)** |

***बोर्ड इन तिथियों में किसी भी तरह के परिवर्तन का अधिकार रखता है।*

| क्र.सं. | ब्योरा |
|---|---|
| 2 | ऑनलाइन/लिखित परीक्षाओं की तिथियां |

| पद | परीक्षा का नाम | महत्त्वपूर्ण तिथियां** |
|---|---|---|
| ग्रेड 'बी' (सामान्य) में अधिकारियों की सीधी भर्ती | चरण-I: ऑनलाइन परीक्षा | **13 जून 2026** |
| | चरण-II: प्रश्नपत्र-I, II तथा III ऑनलाइन परीक्षा | **25 जुलाई 2026 #** |
| ***ग्रेड 'बी' (आनीअवि) में अधिकारियों की सीधी भर्ती | चरण-I: प्रश्नपत्र-I तथा II ऑनलाइन परीक्षा | **14 जून 2026 %** |
| | चरण-II: प्रश्नपत्र-I तथा II लिखित परीक्षा | **26 जुलाई 2026 %** |
| ***ग्रेड 'बी' (सांसूप्रवि) में अधिकारियों की सीधी भर्ती | चरण-I: प्रश्नपत्र-I ऑनलाइन परीक्षा | **14 जून 2026** |
| | चरण-II: प्रश्नपत्र-II तथा III ऑनलाइन/लिखित परीक्षा | **26 जुलाई 2026 %** |

*** बोर्ड इन तिथियों में किसी भी तरह के परिवर्तन का अधिकार रखता है।*

*# उम्मीदवार को चरण-II/प्रश्नपत्र-I, II तथा III की सभी पालियों में उपस्थित होना होगा।*

*% उम्मीदवार को दोनों प्रश्नपत्रों में उपस्थित होना होगा।*

**** उम्मीदवार ग्रेड 'बी' में सीधी भर्ती के लिए या तो आनीअवि अथवा सांसूप्रवि संवर्ग में आवेदन कर सकते हैं।*

(शेष पृष्ठ 9 पर)

(पृष्ठ 8 का शेष)

## पात्रता मानदंड (01 अप्रैल 2026 को )

**3 राष्ट्रीयता**

उम्मीदवार को या तो :-

(i) भारत का नागरिक होना चाहिए, अथवा

(ii) नेपाल की प्रजा, अथवा

(iii) भूटान की प्रजा, अथवा

(iv) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से 1 जनवरी 1962 से पहले भारत आ गया हो, अथवा

(v) कोई भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों केन्या, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, जाम्बिया, मालावी, जायरे, इथियोपिया तथा विएतनाम से प्रव्रजन करके आया हो।

परंतु यदि उम्मीदवार उक्त (ii) (iii) (iv) तथा (v) में से किसी श्रेणी से हो तो उनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

ऐसे उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है जिसके मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो किंतु उसे नियुक्ति प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा इस संबंध में पात्रता प्रमाण-पत्र जारी किए जाने के बाद ही भेजा जा सकता है।

**4 आयु सीमा (01 अप्रैल , 2026 तक)**

क) 01 अप्रैल 2026 को उम्मीदवार की आयु पूरी 21 वर्ष की हो जानी चाहिए किंतु 30 वर्ष की नहीं होनी चाहिए अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02 अप्रैल 1996 से पहले तथा 01 अप्रैल 2005 के बाद का नहीं होना चाहिए।

ख) ऊपर निर्धारित ऊपरी आयु-सीमा में छूट इस प्रकार है :

i) अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति से संबंधित उम्मीदवारों के लिए अधिकतम पांच वर्ष, यदि पद उनके लिए आरक्षित हैं तो;

ii) आरक्षण का लाभ लेने हेतु पात्र अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष, यदि पद उनके लिए आरक्षित हैं तो;

iii) न्यूनतम एक वर्ष की सेवा के पश्चात एवं वर्तमान में किसी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत बैंकिंग संस्थानों के वे भूतपूर्व कर्मचारी जिनकी सेवाएं मितव्ययता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वरूप समाप्त कर दी गई थी अथवा सरकारी कार्यालयों से छंटनी हुए कर्मचारियों के लिए अधिकतम पांच वर्ष;

iv) भूतपूर्व सैनिकों के लिए अधिकतम पांच वर्ष जिसमें वे कमीशन प्राप्त अधिकारी तथा आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारी (ईसीओ)/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी (एसएससीओ) भी शामिल हैं जो 01 अप्रैल 2026 को न्यूनतम पांच वर्ष की सैन्य सेवा के बाद निम्नानुसार सेवामुक्त किए गए हों:

क. कार्यकाल पूरा होने पर (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल 01 अप्रैल 2026 से एक वर्ष की अवधि में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अक्षमता के कारण सेवामुक्त या बर्खास्त किया गया है; अथवा

ख. सैन्य सेवा से जनित शारीरिक दिव्यांगता/अक्षमता; अथवा

ग. अशक्तता पर

v) आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के उन मामलों में अधिकतम पांच वर्ष जिन्होंने 01 अप्रैल 2026 को पांच वर्ष की सैन्य सेवा में कार्यकाल की प्रारंभिक अवधि पूरी कर ली है लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से आगे की अवधि के लिए बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं तथा चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के नोटिस पर उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

vi) सामान्य/ईडबल्यूएस के दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए अधिकतम 10 वर्ष। संबंधित पद के अंतर्गत रिक्तियों के आरक्षण के अधीन अजा/अजजा के दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए अधिकतम 15 वर्ष तथा अपिव के दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए अधिकतम 13 वर्ष। दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयुसीमा में छूट इस बात के अधीन होगी कि पदों को ऐसी दिव्यांगताओं के लिए उपयुक्त पाया गया हो।

vii) एमफिल और पीएचडी की अर्हता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा क्रमश: 32 और 34 वर्ष होगी।

viii) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों (एआईएफआई) तथा भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) में अधिकारी के रूप में पूर्व अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में अनुभव के वर्षों जितनी छूट दी जाएगी परंतु यह छूट अधिकतम तीन वर्ष की होगी। ऐसे उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा अनुभव सहित 33 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुभव के लिए परिवीक्षा अवधि को नहीं गिना जाएगा। विस्तृत विवरण के लिए कृपया नीचे टिप्पणी IV देखें।

ix) पात्र स्टाफ उम्मीदवारों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 01 अप्रैल 2026 को 'भर्ती' पर जारी मास्टर परिपत्र के पैरा 5.16 और 09 जून 2014 को जारी परिपत्र कें.का.मासंप्रवि सं.जी132/17000/05.01.01/2013-14 के अनुसार आयु सीमा में छूट भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 20 दिसंबर 2013 को जारी परिपत्र केंका मासंप्रवि सं. जी-75/5599/05.01.01/2013-14 के अनुसार होगी।

x) ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) में सीधी भर्ती पद पर भर्ती के लिए भारत/विदेश के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातकोत्तर डिग्री के साथ अनुसंधान/अध्यापन का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में उक्त अनुभव के वर्षों जितनी छूट के लिए पात्र होंगे और यह छूट अधिकतम तीन वर्ष की होगी। अनुभव के लिए परिवीक्षा अवधि को नहीं गिना जाएगा।

**टिप्पणी I**

अजा अथवा अजजा अथवा अपिव से संबंधित वे उम्मीदवार जो उक्त पैरा 4 (ख) (iv), (v) और (vi) के अन्य किन्हीं खंडों अर्थात् जो भूतपूर्व सैनिकों अथवा दिव्यांगजनों की श्रेणी में आते हैं, वे दोनों श्रेणियों के अंतर्गत आयु सीमा में समग्र छूट के लिए पात्र होंगे। इन दोनों श्रेणियों के अतिरिक्त, समग्र आयु में छूट न तो उपरोक्त मदों के अंतर्गत उपलब्ध होगी और न ही किन्हीं अन्य मदों को मिलाकर उपलब्ध होगी।

**टिप्पणी II**

'भूतपूर्व सैनिक' पद उन व्यक्तियों पर लागू होगा जिन्हें 'भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुन: रोजगार) नियम, 1979 (समय-समय पर यथासंशोधित)' के अंतर्गत 'भूतपूर्व सैनिक' के रूप मे पारिभाषित किया गया है।

**टिप्पणी III**

आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित वे भूतपूर्व सैनिक तथा कमीशन-प्राप्त अधिकारी जो स्वयं के अनुरोध पर सेवामुक्त हुए हैं उन्हें उपर्युक्त पैरा 4 (ख) (iv) तथा (v) के अंतर्गत आयु में छूट नहीं दी जाएगी।

**टिप्पणी IV**

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक - भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में शामिल वाणिज्यिक बैंक।
- सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियां - वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त (i) भारतीय जीवन बीमा निगम, (ii) भारतीय साधारण बीमा निगम, (iii) द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, (iv) यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, (v) ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, (vi) नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और (vii) एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड।
- अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान - भारतीय आयात- निर्यात बैंक (एक्जिम बैंक), राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी), भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और राष्ट्रीय अवसंरचना और विकास वित्तपोषण बैंक (एनएबीएफआईडी)।

**5 न्यूनतम शैक्षिक अर्हताएं**

| पद | न्यूनतम शैक्षिक अर्हताएं (01 अप्रैल 2026 तक): |
|---|---|
| ग्रेड 'बी' (सामान्य) में अधिकारियों की सीधी भर्ती | सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 60% अंकों (अजा/अजजा /दिव्यांगजन आवेदकों के लिए 50% अंक, यदि पद उनके लिए आरक्षित हैं तो) से किसी भी विषय में स्नातक डिग्री/समकक्ष तकनीकी या व्यावसायिक अर्हता अथवा सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 55% अंक (अजा/अजजा/दिव्यांगजन आवेदकों के लिए उत्तीर्ण अंक, यदि पद उनके लिए आरक्षित हैं तो) से स्नातकोत्तर/समकक्ष तकनीकी या व्यावसायिक अर्हता<br>**टिप्पणी:**<br>**स्नातक स्तर:**<br>ऐसा कोई भी पाठ्यक्रम जो कक्षा 12वीं के बाद किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी अध्ययन विषय में न्यूनतम तीन वर्षों का पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले/भारत सरकार द्वारा व्यावसायिक और तकनीकी स्नातक के समकक्ष मान्यता प्राप्त व्यावसायिक और तकनीकी अर्हता प्राप्त, ऐसे उम्मीदवार जिनको ऊपर निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त हों, वे उम्मीदवार परीक्षा में प्रवेश के लिए पात्र हैं।<br>**स्नातकोत्तर स्तर:**<br>किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी अध्ययन विषय में स्नातक के बाद न्यूनतम दो वर्षों का पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले/भारत सरकार द्वारा व्यावसायिक और तकनीकी स्नातकोत्तर के समकक्ष मान्यता प्राप्त व्यावसायिक और तकनीकी अर्हता प्राप्त, ऐसे उम्मीदवार जिनको ऊपर निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त हों, वे उम्मीदवार परीक्षा में प्रवेश के लिए पात्र हैं। |

(शेष पृष्ठ 10 पर)

(पृष्ठ 9 का शेष)

**ग्रेड 'बी' (आनीअवि) में अधिकारियों की सीधी भर्ती**

**अनिवार्य**

क) अर्थशास्त्र में एमए/एमएससी या मात्रात्मक अर्थशास्त्र, गणितीय अर्थशास्त्र, अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र, अर्थमिति, वित्तीय अर्थशास्त्र, व्यावसायिक अर्थशास्त्र, कृषि अर्थशास्त्र, औद्योगिक अर्थशास्त्र, विकास अर्थशास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र जैसे पाठ्यक्रमों में एमए/एमएससी (जहां 'अर्थशास्त्र' पाठ्यक्रम का प्रमुख विषय* है)

अथवा

ख) वित्त में एमए/एमएससी या मात्रात्मक वित्त, गणितीय वित्त, मात्रात्मक तकनीक, अंतर्राष्ट्रीय वित्त, व्यवसाय वित्त, बैंकिंग और व्यापार वित्त, अंतर्राष्ट्रीय और व्यापार वित्त, कॉर्पोरेट वित्त, परियोजना और बुनियादी ढांचा वित्त, कृषि व्यवसाय वित्त में एमए/एमएससी (जहां 'वित्त' पाठ्यक्रम का प्रमुख विषय* है)

ग) उक्त क) और ख) के लिए भारत अथवा विदेश के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 55% अंक अथवा समतुल्य ग्रेड आवश्यक है।

* पाठ्यक्रम के संदर्भ में 'प्रमुख विषय' का अर्थ यह है कि वैकल्पिक पाठ्यक्रमों सहित कुल पाठ्यक्रमों में आधे या उससे अधिक पाठ्यक्रम अर्थशास्त्र या वित्त से संबंधित होने चाहिए।

**टिप्पणी I**

अजा, अजजा और दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए उक्त (क) और (ख) मदों में उल्लिखित एमए/एमएससी में आवश्यक न्यूनतम अंक सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 50% अंक अथवा समतुल्य ग्रेड हैं, यदि पद उनके लिए आरक्षित हैं तो।

**वांछनीय**

अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट डिग्री अथवा अनुसंधान अथवा अर्थशास्त्र के अध्यापन का अनुभव अथवा अर्थशास्त्र के क्षेत्र में मानक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन।

**टिप्पणी II**

(i) भारत/विदेश के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से अर्थशास्त्र में एमफिल और डॉक्टरेट डिग्री धारक उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में क्रमश: 2 वर्ष और 4 वर्ष की छूट के लिए पात्र होंगे।

(ii) मान्यता प्राप्त भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालय/संस्थान से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ अनुसंधान/ अध्यापन का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में उक्त अनुभव के वर्षों की सीमा तक छूट के लिए पात्र होंगे। यह छूट अधिकतम तीन वर्षों की होगी। अनुभव के लिए परिवीक्षा अवधि को नहीं गिना जाएगा।

(iii) ऊपरी आयु सीमा में उक्त छूट उक्त पैरा 4 (ख) में उल्लिखित विभिन्न वर्गों के लिए उपलब्ध आयु सीमा में छूट के साथ संचयी रूप से उपलब्ध नहीं होगी।

**ग्रेड 'बी' (सांसूप्रवि) में अधिकारियों की सीधी भर्ती**

**अनिवार्य**

क) (क) सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 55% अंकों या समकक्ष ग्रेड/ सीजीपीए के साथ सांख्यिकी/ गणित/ गणितीय सांख्यिकी/ अनुप्रयुक्त सांख्यिकी/ मात्रात्मक अर्थशास्त्र/ अर्थमिति/ सूचना विज्ञान या इन क्षेत्रों की किसी अन्य संबंधित शाखा में सरकार/यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित/ मान्यता प्राप्त भारतीय/ विदेशी विश्वविद्यालय/ संस्थान से स्नातकोत्तर डिग्री;

अथवा

ख) (ख)सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 55% अंकों या समकक्ष ग्रेड/ सीजीपीए के साथ डेटा साइंस / आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस / मशीन लर्निंग / बिग डेटा एनालिटिक्स या इन क्षेत्रों की किसी अन्य संबंधित शाखा में सरकार/यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित/ मान्यता प्राप्त भारतीय/ विदेशी विश्वविद्यालय/ संस्थान से स्नातकोत्तर डिग्री;

अथवा

ग) ग) सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 60% अंकों या समकक्ष ग्रेड/ सीजीपीए के साथ सांख्यिकी / गणितीय सांख्यिकी / अनुप्रयुक्त सांख्यिकी / मात्रात्मक अर्थशास्त्र / अर्थमिति / सूचना विज्ञान / डेटा विज्ञान / कृत्रिम बुद्धिमत्ता / मशीन लर्निंग / बिग डेटा एनालिटिक्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान, राष्ट्रीय महत्व के संस्थान, यूजीसी/एआईसीटीई से अनुमोदित कार्यक्रम से चार वर्षीय स्नातक डिग्री.

* पाठ्यक्रम के संदर्भ में 'प्रमुख विषय' का अर्थ यह है कि वैकल्पिक पाठ्यक्रमों सहित कुल पाठ्यक्रमों में आधे या उससे अधिक पाठ्यक्रम अर्थशास्त्र या वित्त से संबंधित होने चाहिए।

**टिप्पणी I**

अजा, अजजा और दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए उक्त (क) (ख) और (ग) मदों में उल्लिखित में आवश्यक न्यूनतम अंक सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से 50% अथवा समतुल्य ग्रेड/ सीजीपीए हैं, यदि पद उनके लिए आरक्षित हैं तो।

**वांछनीय**

(i) उपर्युक्त से संबंधित विषयों में डॉक्टरेट की उपाधि धारक उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

(ii) अनुसंधान अथवा अध्यापन का अनुभव और मानक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन एक अतिरिक्त योग्यता समझी जाएगी।

**टिप्पणी II**

(i) भारत/विदेश के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से अर्थशास्त्र में एमफिल और डॉक्टरेट डिग्री धारक उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में क्रमश: 2 वर्ष और 4 वर्ष की छूट के लिए पात्र होंगे।

(ii) मान्यता प्राप्त भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालय/संस्थान से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ अनुसंधान/ अध्यापन का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में उक्त अनुभव के वर्षों की सीमा तक छूट के लिए पात्र होंगे। यह छूट अधिकतम तीन वर्षों की होगी। अनुभव के लिए परिवीक्षा अवधि को नहीं गिना जाएगा।

(iii) ऊपरी आयु सीमा में उक्त छूट उक्त पैरा 4 (ख) में उल्लिखित विभिन्न वर्गों के लिए उपलब्ध आयु सीमा में छूट के साथ समग्र रूप से उपलब्ध नहीं होगी।

**टिप्पणी I**

उम्मीदवार के पास भारत के केंद्रीय या राज्य विधानमंडल द्वारा निगमित विश्वविद्यालय अथवा संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षणिक संस्थान अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत मानद (डीम्ड) विश्वविद्यालय की डिग्री होनी चाहिए अथवा भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त विदेशी विश्वविद्यालय से समकक्ष अर्हता होनी चाहिए।

**टिप्पणी II**

कुछ विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड, श्रेणी अथवा अंक प्रतिशत प्रदान नहीं करते अपितु समग्र ग्रेड प्वॉइंट्स (जैसे - सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई आदि) प्रदान करते हैं। यदि विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड द्वारा समग्र ग्रेड प्वॉइंट्स के अंक प्रतिशत में रूपांतरण का मानदंड निर्धारित किया गया है तो उसे स्वीकार किया जाएगा। तथापि, यदि विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड द्वारा डिग्री/उत्तीर्ण संबंधी प्रमाण-पत्र में समग्र ग्रेड प्वॉइंट्स को अंक प्रतिशत में बदलने का मानदंड निर्धारित नहीं किया गया है तो ऐसी स्थिति में अपारिभाषित मानदंड/मानदंडों की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

| समतुल्य सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई या कोई अन्य शब्दावली जो 10 प्वॉइंट स्केल पर दी गई है | समग्र अंक प्रतिशत |
|---|---|
| 6.75 | 60% |
| 6.25 | 55% |
| 5.75 | 50% |

**टिप्पणी III**

जहां समग्र ग्रेड प्वॉइंट अथवा अंक प्रतिशत दिए गए हों, का अभिप्राय पाठ्यक्रम की पूर्ण अवधि के किए होगा।

**टिप्पणी IV**

यदि समग्र ग्रेड प्वॉइंट (सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई आदि) को 10 के अलावा किसी अन्य संख्या में प्रदान किया गया होगा तो उसको 10 में से सामान्यीकृत किया जाएगा और यह गणना उक्त टिप्पणी II के अनुसार की जाएगी।

**टिप्पणी V**

अजा/अजजा/दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हताओं में उक्त छूट संबंधित पद और श्रेणी के अंतर्गत रिक्तियों के आरक्षण तथा पदों को उपर्युक्तानुसार दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त पाये जाने के अधीन होगी।

**टिप्पणी – VI**

पात्रता हेतु उत्तीर्ण होने की तारीख उस तारीख को माना जाएगा जो विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी मार्क शीट या अनंतिम प्रमाण-पत्र में दिखाई दे। यदि किसी विशेष परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय/संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है, तो विश्वविद्यालय/संस्थान के उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र जिसमें यह दर्शाया हो कि परिणाम उक्त तारीख को वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया, उसे उत्तीर्ण होने की तारीख माना जाएगा।

(शेष पृष्ठ 11 पर)

(पृष्ठ 10 का शेष)

<table>
<tr><td>6</td><td>प्रयासों की संख्या</td><td>सामान्य/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के वे उम्मीदवार जो इस पद/पदों के लिए चरण-I परीक्षा में पहले ही छह बार बैठ चुके हैं वे आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं। अजा/अजजा/अपिव/दिव्यांगजन श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है, यदि पद उनके लिए आरक्षित हैं तो।<br>ध्यान दें: ग्रेड 'बी' (सामान्य) में सीधी भर्ती के लिए बैंक बिना किसी पूर्व अनुभव वाले उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करता है।</td></tr>
<tr><td>7</td><td>अजा / अजजा / अपिव / ईडब्ल्यूएस / दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए</td><td>क) अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस के उम्मीदवारों के लिए कोई रिक्ति आरक्षित न होने पर भी ऐसे उम्मीदवार पद विशेष के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि वे किसी भी छूट/रियायत आदि के लिए पात्र नहीं होंगे। ऐसे मामलों में अजा/अजजा/दिव्यांगजन उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है परंतु उन्हें विनिर्दिष्ट सूचना प्रभारों का भुगतान करना होगा।<br>ख) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को केवल भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए अभिप्रेत निर्धारित प्रपत्र में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें अभ्यर्थी की जाति, उस अधिनियम/आदेश का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो जिसमें अभ्यर्थी को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता दी गई है और वह गांव/नगर जिसका उम्मीदवार सामान्यतः निवासी है, का उल्लेख हो। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जाति/समुदाय का नाम और उनके जाति/समुदाय के प्रमाण पत्र में इसकी वर्तनी ठीक वैसी ही होनी चाहिए जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित सूचियों में उल्लिखित है। जाति के नाम में किसी भी भिन्नता वाला प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।<br>ग) उम्मीदवार का अपिव दावा उस राज्य (या राज्य के हिस्से) के संबंध में निर्धारित किया जाएगा, जिससे उसके पिता मूल रूप से संबंधित हैं। उम्मीदवार जो एक राज्य (या राज्य के हिस्से) से दूसरे राज्य में स्थानांतरित हो गया है, इसलिए, एक अपिव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए जो उसे उस राज्य से अपने पिता के अपिव प्रमाण पत्र के आधार पर जारी किया जाना चाहिए था, जिससे उसके पिता मूल रूप से संबंधित हैं।</td></tr>
<tr><td>8</td><td>दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवारों के लिए</td><td>(1) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), भारत सरकार द्वारा दिनांक 15 जनवरी 2018 को जारी कार्यालय ज्ञापन सं. 36035/02/2017 Estt. (Res) के अनुसार भर्ती में 'दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण' के अंतर्गत दिव्यांगताओं/अक्षमताओं की चार श्रेणियां निम्नानुसार हैं:
<table>
<tr><td>[क] (क) दृष्टिबाधित तथा अल्प दृष्टि</td><td>[ख] (ख) बधिर तथा ऊंचा सुनना</td></tr>
<tr><td>[ग] (ग) गतिविषयक् दिव्यांगता सहित प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, कुष्ठ रोग उपचारित, बौनापन, तेजाबी हमले से पीड़ित तथा पेशीय दुर्विकास;</td><td>[घ] (घ) ओटिज्म, बौद्धिक अक्षमता, विशिष्ट अधिगम अक्षमता तथा मानसिक रुग्णता;<br>(ङ) खंड (क) से (घ) के अंतर्गत व्यक्तियों में से बहुविध दिव्यांगता/अक्षमता, जिसमें बहरापन-अंधापन भी शामिल है।</td></tr>
</table>
(2) बैंक ने कार्यात्मक अपेक्षाओं के साथ नीचे उल्लिखित पदों के लिए उपयुक्त निम्नलिखित श्रेणियों की पहचान की है और दिव्यांगजन उम्मीदवारों की केवल निम्नलिखित श्रेणियां पदों के लिए आवेदन करने हेतु पात्र हैं:
<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>पद का नाम</th><th>बेंचमार्क दिव्यांगताओं की उपयुक्त श्रेणी*</th><th>कार्यात्मक अपेक्षाएं**</th></tr>
<tr><td rowspan="5">1.</td><td rowspan="5">ग्रेड 'बी' (सामान्य/ आनीअवि/सांसूप्रवि) में अधिकारी</td><td>क) बी, एलवी</td><td rowspan="5">एस, डब्ल्यू, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, सी</td></tr>
<tr><td>ख) एचएच</td></tr>
<tr><td>ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलए, बीएलओए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई, एसडी/ एसआई</td></tr>
<tr><td>घ) एएसडी (एम), एमआई</td></tr>
<tr><td>ङ) उपरोक्त (क) से (घ) सहित एमडी</td></tr>
</table>
* उपयोग किए गए श्रेणी संक्षिप्ताक्षर<br>बी = दृष्टिबाधित, एलवी = अल्प दृष्टि, एचएच = ऊंचा सुनना, ओए = एक बांह प्रभावित (दायीं अथवा बायीं बांह), बीए = दोनों बांह प्रभावित, ओएल = एक पैर प्रभावित (दायां अथवा बायां पैर), बीएल = दोनों पैर प्रभावित परंतु बांह प्रभावित नहीं, ओएएल = एक बांह और एक पैर प्रभावित, बीएलए = दोनों पैर और बांह प्रभावित, बीएलओए = दोनों पैर और एक बांह प्रभावित, सीपी = प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, एलसी = कुष्ठ रोग उपचारित, डीडब्ल्यू = बौनापन, एएवी = तेजाबी हमले से पीड़ित, एमडीवाई= मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी), एसडी/एसआई = किसी भी संबंधित स्नायविक/अंग शिथिलता के साथ/बिना रीढ़ की हड्डी की विकृति/रीढ़ की हड्डी की चोट, एएसडी (एम) = ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (हल्का), एमआई = मानसिक रुग्णता, एमडी = बहुविध दिव्यांगता/अक्षमता।<br>**कार्यात्मक अपेक्षाएं<br>एस = बैठना, डब्ल्यू = चलना, एमएफ = अंगुलियों द्वारा निष्पादन, आरडब्ल्यू = पढ़ना तथा लिखना, एसई = देखना, सी = वार्तालाप/संप्रेषण।<br>(3) दिव्यांगजन उम्मीदवार किसी भी श्रेणी (अर्थात् सामान्य/अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस) से संबंधित हो सकते हैं। दिव्यांगजनों के लिए क्षैतिज आरक्षण है और पदों हेतु समग्र रिक्तियों के भीतर है बशर्ते पदों को ऐसी दिव्यांगता के लिए उपयुक्त पहचाना गया हो।<br>(4) दिव्यांगजन उम्मीदवारों के पास आवेदन की अंतिम तिथि का/उससे पहले की तिथि का निर्धारित प्रारूप (जैसा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 अर्थात् आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 में निर्धारित है) में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया हुआ नवीनतम दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए। बोर्ड/सक्षम प्राधिकारी के निर्णयानुसार ऐसे प्रमाणपत्र का सत्यापन/पुन: सत्यापन किया जा सकता है।<br>(5) दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित बैकलॉग रिक्तियां,यदि कोई है, संबंधित श्रेणी के दिव्यांगजन द्वारा ही भरी जाएगी। यदि उस श्रेणी से कोई उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध नहीं होता है तो ऐसी बैकलॉग रिक्तियों को अन्य पात्र दिव्यांगजन उम्मीदवारों के बीच अदला-बदली (इंटरचेंज) द्वारा भरा जाएगा बशर्ते कि उपरोक्त टिप्पणी 8 (2) में बताए गए अनुसार ऐसी दिव्यांगता के लिए उपयुक्त पदों की पहचान की गई हो।<br>टिप्पणी:<br>क) डीओपीटी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के परामर्श से दिनांक 19.05.2023 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36035/8/2023-Estt. (Res-II) द्वारा सूचित किया गया है कि दिव्यांगता के अस्थायी प्रमाण पत्र के आधार पर स्थायी प्रकृति की नौकरियों में आरक्षण का लाभ देना उचित नहीं होगा क्योंकि इसका अपरिवर्तनीय स्थायी दिव्यांगता वाले बेंचमार्क दिव्यांगता वाले वास्तविक व्यक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।<br>ख) आरक्षण का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति को इस संबंध में समय-समय पर जारी भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा और यह प्रमाण पत्र बैंक द्वारा तय किए गए सत्यापन/पुन: सत्यापन के अधीन होगा।<br>ग) उम्मीदवार के पास आवेदन की अंतिम तिथि से पहले जारी किए गए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना चाहिए।<br>घ) डीईपीडब्ल्यूडी द्वारा 17 दिसंबर, 2025 को जारी OM क्रमांक 18-25/2024-Policy के माध्यम से प्राप्त स्पष्टीकरण के दृष्टिगत, उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि अस्थायी विकलांगता श्रेणी के तहत "सुधार की संभावना वाली" श्रेणी में आने वाली विकलांगता स्थितियाँ आरक्षण के लिए पात्र नहीं हैं। ऐसी विकलांगता स्थितियाँ जो कि "प्रोग्रेसिव है , नॉन प्रोग्रेसिव है या सुधार की संभावना नहीं" हैं, आरक्षण के लिए पात्र होंगी। यदि किसी उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत विकलांगता प्रमाणपत्र में केवल 'अस्थायी विकलांगता' का उल्लेख है और यह उल्लेख नहीं है कि अस्थायी विकलांगता "सुधार की संभावना वाली" है या " प्रोग्रेसिव है , नॉन प्रोग्रेसिव है या सुधार की संभावना नहीं" है, तो उम्मीदवार को नए विकलांगता प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी जिसमें अस्थायी विकलांगता की प्रकृति को स्पष्ट रूप से "सुधार की संभावना वाली" या " प्रोग्रेसिव है , नॉन प्रोग्रेसिव है या सुधार की संभावना नहीं" के रूप में दर्शाया गया हो।</td></tr>
<tr><td>9</td><td>दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए स्क्राइब और/या प्रतिपूरक समय का उपयोग करने के लिए दिशानिर्देश</td><td>1) स्क्राइब और अतिरिक्त समय का उपयोग (40% या उससे अधिक विकलांगता):<br>ऑनलाइन/लिखित परीक्षा के समय, निम्नलिखित नियम उन व्यक्तियों पर लागू होंगे जिनके पास RPwD अधिनियम, 2016 की धारा 2(र) के तहत परिभाषित बेंचमार्क विकलांगताएँ (PwBD) हैं और जिनकी लेखन में, गति सहित बाधा आती हैं:<br>क) जिन व्यक्तियों में दृष्टिहीनता, लोकोमोटर विकलांगता (दोनों हाथ प्रभावित - बी ए) और मस्तिष्क पक्षाघात की श्रेणी में बेंचमार्क विकलांगताएं हैं, उनके मामले में, व्यक्ति/उम्मीदवार स्क्राइब की सहायता की सुविधा ले सकता है, यदि व्यक्ति द्वारा इसकी मांग की जाए।<br>ख) बेंचमार्क विकलांगता वाले अन्य श्रेणी के व्यक्तियों के मामले में, यह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर कि उसे लिखाई के लिए शारीरिक समस्या है और परीक्षा उनके ओर से लिखने के लिए स्क्राइब की जरूरत होगी की स्थिति में स्क्राइब की सुविधा दी जा सकती है, जो कि किसी सरकारी स्वास्थ्य आरोग्य संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नागरिक शल्य चिकित्सक/चिकित्सा अधीक्षक द्वारा परिनियोजित प्रारूप अनुसार परिशिष्ट -VIII अनुसार प्रमाणित हो।<br>ग) स्क्राइब की योग्यता परीक्षार्थी की योग्यता से एक स्तर कम होनी चाहिए। लेखन सुविधा का उपयोग करने की मांग करने वाले मानक विकलांगता वाले व्यक्ति अपने स्वयं के स्क्राइब का विवरण परिशिष्ट-IX के अनुसार प्रस्तुत करें।<br>घ) PwBD परीक्षार्थियों जिन्हें टाइप/लिखने में शारीरिक समस्या है, जिसमें गति की सीमा भी शामिल है, उन्हें परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए स्क्राइब की सुविधा का लाभ लेने पर या न लेने पर भी 20 मिनट का अतिरिक्त समय देने की अनुमति दी जाएगी।<br>2) स्क्राइब का उपयोग तथा अतिरिक्त समय ( 40% से कम विकलांगता वाले व्यक्ति):<br>PwBD अभ्यर्थियों ( जिनमें 40% या अधिक की विकलांगता है ) पर लागू अनुदेशों के अलावा, RPWD अधिनियम 2016 के खंड 2 (एस ) की परिभाषा के तहत शामिल</td></tr>
</table>

(शेष पृष्ठ 12 पर)

(पृष्ठ 11 का शेष)

विशिष्ट विकलांगता वाले व्यक्तियों, पर जो इस अधिनियम के तहत खंड 2 (आर) की परिभाषा के तहत शामिल नहीं है, अर्थात जिनकी 40% से कम विकलांगता है और जिन्हें लिखने में समस्या है, के लिए निम्नलिखित नियम लागू होगा :-

i) ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्हें लिखने में समस्या है केवल उन्हें स्क्राइब तथा /या अतिरिक्त समय की सुविधा दी जाएगी, बशर्ते कि संबंधित व्यक्ति को लिखने में समस्या आए और परीक्षा उसके/उसकी ओर से लिखने के लिए स्क्राइब आवश्यक होने का प्रमाण पत्र किसी सक्षम सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के चिकित्सा प्राधिकारी से प्रस्तुत किया गया हो, जैसा कि परिशिष्ट -X में प्रपत्र में दिया है।

ii) स्क्राइब की योग्यता उस परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवार की योग्यता से एक स्तर कम होनी चाहिए। स्क्राइब के लिए चयनित व्यक्ति को अपना स्क्राइब विवरण परिशिष्ट -XI में प्रपत्र के अनुसार प्रस्तुत करना चाहिए।

iii) परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट का अतिरिक्त समय केवल उन्हीं व्यक्तियों को दिया जाएगा जो स्क्राइब पाने के योग्य हैं।

**नोट-1:**

क) उम्मीदवार को अपनी स्क्राइब/लेखक अपने खर्च पर स्वयं व्यवस्था करनी होगी।

ख) कोई भी उम्मीदवार जो स्क्राइब का उपयोग कर रहा है, उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि वह उपरोक्त दिशानिर्देशों के अनुसार परीक्षा में स्क्राइब का उपयोग करने के लिए योग्य है। उपरोक्त दिशानिर्देशों का उल्लंघन या सामग्री तथ्यों को छुपाना/नहीं उजागर करना उम्मीदवार की उम्मीदवारी की निरस्त होने का कारण बनेगा, इसके अलावा बैंक द्वारा उम्मीदवार और स्क्राइब के खिलाफ जो भी अन्य कार्रवाई उपयुक्त मानी जा सकती है, वह भी की जा सकती है। यदि उपरोक्त दिशानिर्देशों का उल्लंघन या सामग्री तथ्यों का छुपाना/उजागर नहीं करना बैंक के संज्ञान में आता है, जब उम्मीदवार पहले ही बैंक की सेवा में शामिल हो चुका है, तो उम्मीदवार को तुरंत बैंक की सेवा से हटा दिया जाएगा।

ग) परीक्षा के दौरान, किसी भी चरण में, अगर यह पाया जाता है कि स्क्राइब अपने आप ही प्रश्नों का उत्तर दे रहा है, तो ऐसे उम्मीदवार का परीक्षा सत्र समाप्त कर दिया जाएगा, और उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भी रद्द कर दी जाएगी जिन्होंने स्क्राइब की सेवाओं का उपयोग किया है, यदि परीक्षा के बाद परीक्षा प्रशासनिक कर्मियों द्वारा यह रिपोर्ट की जाती है कि स्क्राइब ने खुद से ही प्रश्नों का उत्तर दिया।

घ) ये दिशा-निर्देश समय-समय पर भारत सरकार के दिशा-निर्देशों/स्पष्टीकरणों के अनुसार परिवर्तित हो सकते हैं।

**नोट - II:**

जो अभ्यर्थी एक स्क्राइब और/या परीक्षाओं में अतिरिक्त समय की सेवाओं का उपयोग करने के लिए पात्र हैं और इसे चाहते हैं, उन्हें इसे सदैव ऑनलाइन आवेदन पत्र में सावधानीपूर्वक दर्शाना चाहिए। बाद में किसी भी मांग पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

स्क्राइब की सेवा तथा/या अतिरिक्त समय प्राप्त करने से संबंधित अन्य विस्तृत निर्देश, परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड अपलोड करने के समय बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर उपलब्ध करायी जाएगी।

## चयन योजना

**10 चयन योजना**

उपर्युक्त पदों के लिए चयन चरण-I और चरण-II में ऑनलाइन/लिखित परीक्षाओं तथा साक्षात्कार के माध्यम से होगा। विस्तृत चयन योजना परिशिष्ट-II (ग्रेड 'बी' सामान्य में सीधी भर्ती) / परिशिष्ट-III (ग्रेड 'बी' आनीअवि ओर सांसूप्रवि में सीधी भर्ती) में दी गई है जो बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

**11 उम्मीदवार पदों के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें**

आवेदन करने से पहले उम्मीदवार सुनिश्चित कर लें कि वे विज्ञापित पदों के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड द्वारा पद के लिए अपेक्षित शुल्क/सूचना प्रभारों (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में दी गई सूचना के आधार पर परीक्षाओं में प्रवेश दिया जाएगा तथा उनकी पात्रता का निर्धारण केवल अंतिम स्तर अर्थात् साक्षात्कार के समय ही किया जाएगा। उस स्तर पर यदि यह पाया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी मिथ्या/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ना ही यात्रा भत्ते के दावे की प्रतिपूर्ति की जाएगी। ऐसा/ऐसे उम्मीदवार यदि पहले से ही बैंक में शामिल हो चुका/चुके हैं तो उन्हें बिना पूर्व सूचना के बैंक की सेवा से हटाया जा सकता है।

**12 अजा / अजजा / अपिव / दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण (केवल ग्रेड 'बी' सामान्य में अधिकारियों की सीधी भर्ती के लिए)**

बैंक, चरण-I और चरण- II परीक्षा (केवल उनके लिए जिन्होंने चरण-I परीक्षा उत्तीर्ण की है) के लिए परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण की निःशुल्क ऑनलाइन मोड में व्यवस्था करेगा। इस सुविधा का लाभ लेने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए विस्तृत अनुदेश परिशिष्ट-IV में दिए गए हैं जो बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर भी उपलब्ध है। कृपया यह नोट करें कि प्रशिक्षण प्राप्त करने से किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा के लिए बुलाए जाने अथवा बैंक की सेवा में भर्ती किए जाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

**13 आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार**

| क्र.सं. | श्रेणी | प्रभार | राशि* |
|---|---|---|---|
| 1. | अजा/अजजा/दिव्यांगजन | केवल सूचना प्रभार | ₹100/- + 18% जीएसटी |
| 2. | सामान्य/अपिव/ईडब्ल्यूएस | सूचना प्रभार सहित आवेदन शुल्क | ₹850/- + 18% जीएसटी |
| 3. | स्टाफ@ | शून्य | शून्य |

* बैंक/अंतरण प्रभार का वहन उम्मीदवार द्वारा किया जाएगा।

@ शुल्क/सूचना प्रभार में छूट भारतीय रिज़र्व बैंक के केवल उन्हीं कर्मचारियों (स्टाफ उम्मीदवारों) को दी जाएगी जो दिनांक 20 दिसंबर 2013 के परिपत्र केंका मासंप्रवि सं. जी-75/5599/05.01.01/2013-14 और दिनांक 09 जून, 2014 के परिपत्र केंका मासंप्रवि सं. जी132/17000/05.01.01/2013-14 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 01 अप्रैल 2026 को 'भर्ती' पर जारी मास्टर परिपत्र के पैरा 5.16 के अनुसार बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। स्टाफ उम्मीदवार के रूप में उनकी स्थिति की जांच साक्षात्कार के समय की जाएगी। यदि वे स्टाफ उम्मीदवार (उक्त संदर्भित मासंप्रवि परिपत्र के अनुसार) माने जाने के पात्र नहीं हैं तो उन्हें सूचित किया जाता है कि वे स्वयं को गैर-स्टाफ उम्मीदवार के रूप में दर्शाएं तथा गैर-स्टाफ उम्मीदवारों के लिए लागू शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान करें।

**टिप्पणी I**

निर्धारित शुल्क/सूचना प्रभार के बिना प्राप्त आवदेनों को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा।

**टिप्पणी II**

एक बार आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान किए जाने के बाद उसे किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही शुल्क को किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

**टिप्पणी III**

शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान केवल इस विज्ञापन में निर्धारित किए गए तरीके से ही किया जाना अपेक्षित है।

**14 आवेदन करने का तरीका**

उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि वे केवल बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन ही करें। आवेदन जमा करने का कोई अन्य विकल्प उपलब्ध नहीं है।

**'ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र'** भरने के लिए संक्षिप्त अनुदेश परिशिष्ट-I में दिए गए हैं।

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि:**

ऑनलाइन आवेदन **20 मई 2026 को शाम 6:00 बजे** तक भरे जा सकते हैं।

(शेष पृष्ठ 13 पर)

(पृष्ठ 12 का शेष)

| | | |
|---|---|---|
| 15 | उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में बदलाव/सुधार करने के लिए 'एडिट विंडो' सुविधा उपलब्ध है | ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद, उम्मीदवारों को दो दिनो की एडिट विंडो दी जाएगी, ताकि वे अपना ऑनलाइन आवेदन फॉर्म ठीक/संशोधित कर सकें। इस दौरान, उम्मीदवार अपनी आवश्यकतानुसार ऑनलाइन आवेदन डेटा में ज़रूरी सुधार/बदलाव करके और शुल्क का भुगतान करके आवेदन फिर से जमा कर सकेंगे। एडिट विंडो की तारीखें बैंक की वेबसाइट पर समय आने पर बता दी जाएंगी। आवेदन के बाद 'एडिट विंडो' में उम्मीदवार केवल इन फ़ील्ड में अपनी पसंद/डाटा बदल सकेंगे:<br>(1) परीक्षा केंद्र<br>(2) परीक्षा का माध्यम<br>(3) पिता का नाम<br>(4) माता का नाम<br>(5) 10वीं/12वीं का प्रतिशत<br>विस्तृत निर्देशों के लिए, कृपया परिशिष्ट-। देखें।<br>'उम्मीदवारों के लिए आवेदन फॉर्म में बदलाव/सुधार करने की एडिट विंडो' की अवधि समाप्त होने के बाद, किसी भी परिस्थिति में कोई बदलाव/संशोधन/सुधार नहीं किया जा सकेगा। इस संबंध में कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। |
| 16 | सहायता केंद्र | प्रपत्र भरने, शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान करने अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी भी तरह की समस्या के समाधान हेतु http://cgrs.ibps.in लिंक के माध्यम से पूछताछ की जा सकती है।<br>ई-मेल के विषय में **"भारिबैं में ग्रेड 'बी' (सामान्य/आनीअवि/सांसूप्रवि) पैनल वर्ष 2026 (जैसा लागू हो) में अधिकारियों की (सीधी भर्ती)"** का उल्लेख करना ना भूलें। |
| 17 | मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध | (क) परीक्षा के दौरान संचार उपकरण के रूप में उपयोग किए जाने में सक्षम किसी भी मोबाइल फोन (स्विच ऑफ मोड में भी), पेजर या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या प्रोग्रामेबल उपकरण या स्टोरेज मीडिया जैसे पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच आदि या कैमरा या ब्लूटूथ उपकरण या किसी अन्य उपकरण या संबंधित सामान का उपयोग सख्त वर्जित है। उम्मीदवार द्वारा इन अनुदेशों का किसी भी तरीके से उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ उन्हें भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।<br>(ख) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन/पेजर सहित किसी भी प्रतिबंधित वस्तुओं को न लाएं, यह उनके लिए हितकर होगा क्योंकि सामान को सुरक्षित रखने की व्यवस्था का आश्वासन नहीं दिया जा सकता।<br>(ग) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र पर कोई भी मूल्यवान/महंगी वस्तु न लाएं, क्योंकि उनकी सुरक्षा का आश्वासन नहीं दिया जा सकता। इस संबंध में किसी भी नुकसान के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा।<br>(घ) इन परीक्षाओं के किसी भी चरण में भौतिक कैलकुलेटर के उपयोग की अनुमति नहीं है। हालांकि, नॉन-प्रोग्रामेबल इलेक्ट्रॉनिक कैलकुलेटर केवल सांसूप्रवि उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र-II परीक्षा के लिए स्क्रीन पर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में किसी भी भौतिक कैलकुलेटर का उपयोग करने या अपने पास रखने की अनुमति नहीं है। |
| 18 | शुद्धिपत्र | कृपया नोट करें कि यदि उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किया जाएगा। |
| | | **सेवा शर्तें/करियर संभावनाएं** |
| 19 | वेतनमान | चयनित उम्मीदवार ग्रेड 'बी' में अधिकारियों के लिए लागू ₹78450 - 4050 (9) -114900 - ईबी - 4050 (2) -123000 - 4650 (4) -141600 (16 वर्ष) के वेतनमान में प्रति माह ₹78,450/- के प्रारंभिक मूल वेतन के अलावा समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार विशेष भत्ता, ग्रेड भत्ता, महंगाई भत्ता, स्थानीय प्रतिपूरक भत्ता, विशेष ग्रेड भत्ता, लर्निंग भत्ता, मकान किराया भत्ता के लिए भी पात्र होंगे। वर्तमान में, प्रारंभिक मासिक सकल परिलब्धियां (एचआरए के बिना) **₹1,54,936/-** (लगभग) हैं। यदि बैंक द्वारा आवास प्रदान नहीं किया जाता है तो वेतन का 15% मकान किराए भत्ते के रूप में भुगतान किया जाएगा।<br>**टिप्पणी**<br>जो उम्मीदवार बैंक के लिए प्रासंगिक महत्त्व की उच्च शैक्षिक योग्यता या व्यावसायिक योग्यता/ विशेष अनुभव रखते हों उन उम्मीदवारों को बैंक अपने विवेकाधिकार पर अधिकतम चार अग्रिम वेतन वृद्धि देने पर विचार कर सकता है। बोर्ड, प्रासंगिक महत्त्व की उच्चतर योग्यता/विशेष अनुभव के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार केवल साक्षात्कार के समय ही करेगा। तत्संबंधी जानकारी जीवन-वृत्त प्रपत्र (Bio-Data Form) के उचित कॉलम में दी जाए। विचारार्थ वेतनवृद्धियों की अधिकतम संख्या चार होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्त हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा। |
| 20 | वरिष्ठता | ग्रेड 'बी' (सामान्य) में अधिकारियों की सीधी भर्ती पद के लिए चयनित उम्मीदवार सामान्य संवर्ग में शामिल होंगे तथा ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) में अधिकारियों की सीधी भर्ती पद के लिए चयनित उम्मीदवार आनीअवि/सांसूप्रवि संवर्ग में शामिल होंगे। |
| 21 | परिलब्धियां | बैंक की आवास सुविधा, उपलब्धता के आधार पर दी जाएगी । पात्रतानुसार आधिकारिक /कार्यालयीन उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, टेलीफोन प्रभार, पात्रतानुसार आवास की साज-सज्जा (फर्निशिंग) के लिए भत्ता आदि। पात्रतानुसार ओपीडी उपचार/अस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित नि:शुल्क औषधालय सुविधा। त्योहार हेतु बिन ब्याज अग्रिम, अवकाश किराया रियायत (स्वयं, पति/पत्नी और पात्र आश्रितों के लिए दो वर्ष में एक बार)। आवास, वाहन, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुओं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार । |
| 22 | नई पेंशन योजना (एनपीएस) | चयनित उम्मीदवारों को उपदान (Gratuity) लाभ के अलावा, निर्धारित अंशदान 'नई पेंशन योजना' (एनपीएस) द्वारा शासित किया जाएगा, जो 01 जनवरी 2012 को या उसके बाद बैंक की सेवाओं में शामिल होने वाले सभी कर्मचारियों के लिए बाध्यकारी है। |
| 23 | अन्य | क) आवास गृह की सुविधा कुछ केंद्रों पर सीमित संख्या में उपलब्ध है। हालांकि, पट्टे पर आवासीय सुविधा सभी केंद्रों पर उपलब्ध है।<br>ख) प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षावधि पर होगी। बैंक के विवेकाधिकार पर परिवीक्षावधि को अधिकतम चार वर्षों की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है।<br>ग) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की यथोचित संभावनाएं हैं।<br>घ) चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी पदस्थापित तथा स्थानांतरित किया जा सकता है। |
| | | **ऑनलाइन परीक्षा केंद्र** |
| 24 | ग्रेड 'बी' (सामान्य) में अधिकारियों की सीधी भर्ती चरण-I परीक्षा | (see table below) |

| राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश /एनसीआर | केंद्र | राज्य/केंद्रशासित प्रदेश/ एनसीआर | केंद्र |
|---|---|---|---|
| **अंडमान और निकोबार** | पोर्ट ब्लेयर | **पंजाब** | अमृतसर, भटिंडा, पटियाला, मोगा, फागवाड़ा, |
| **आंध्र प्रदेश** | गुंटूर/विजयवाड़ा, काकीनाड़ा, तिरुपति, कुरनूल, नेल्लोर, राजामुंदरी, विजयानगरम, विशाखापट्टनम, एलूरु, ओंगोले,श्रीकाकुलम | **मध्य प्रदेश** | भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सागर, उज्जैन, सतना |
| **अरुणाचल प्रदेश** | नाहरलागन | **महाराष्ट्र** | अमरावती, छत्रपति संभाजीनगर, जलगांव, कोल्हापुर, मुंबई/नवी मुंबई/ठाणे/एमएमआर, नागपुर, नासिक, पुणे, सतारा, सांगली, अकोला, जालना, चंद्रपुर, सोलापुर, धुले, नांदेड, लातूर, बीड, परभनी, अहिल्यानगर |
| **असम** | डिब्रूगढ़, गुवाहाटी, जोरहाट, सिलचर, तेजपुर | **मणिपुर** | इम्फाल, ककचिंग, चुराचंदपुर |
| **बिहार** | आरा, भागलपुर, दरभंगा, मुज़फ्फरपुर, पटना, गया, पूर्णिया | **मेघालय** | शिलांग |

(शेष पृष्ठ 14 पर)

(पृष्ठ 13 का शेष)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **चंडीगढ़** | मोहाली (एस ए एस नगर) | **मिजोरम** | आइजोल |
| **छत्तीसगढ़** | रायपुर, भिलाई | **नागालैंड** | कोहिमा, दीमापुर |
| **गोवा** | पणजी | **नई दिल्ली** | दिल्ली/एनसीआर |
| **गुजरात** | अहमदाबाद/गांधीनगर/आनंद/वडोदरा मेहसाणा, राजकोट, सूरत/बरदोली | **ओडिशा** | बालासोर, बरहमपुर (गंजम), भुवनेश्वर, कटक, राउरकेला, संबलपुर, धेनकनैल, बारिपदा |
| **हरियाणा** | अंबाला, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद, गुरुग्राम | **राजस्थान** | अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, भरतपुर, सीकर |
| **हिमाचल प्रदेश** | हमीरपुर, बिलासपुर, कांगरा | **सिक्किम** | गंगटोक |
| **जम्मू और कश्मीर (यूटी)** | जम्मू, श्रीनगर, संबा | **तमिलनाडु** | चेन्नै, कोयम्बटूर, इरोड, मदुरै, विरुधुनगर, सेलम, नमक्कल, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, तंजावुर, वेल्लोर, नागेरकोइल/ कन्याकुमारी, विलुप्पुरम, कड्डलोर, रामनाथपुरम, ठुथुकुड़ी, तिरुपुर |
| **लद्दाख** | लेह, करगिल | **तेलंगाना** | हैदराबाद,करीमनगर, वारंगल, महबूबनगर, निज़ामाबाद, खम्मम |
| **झारखंड** | बोकारो स्टील सिटी, धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर, रांची | **त्रिपुरा** | अगरतला |
| **कर्नाटक** | बेंगलुरु, कलबुर्गी (गुलबर्गा), हब्बालि (हुबली)/धारवाड़, मंगलुरु (मैंगलोर), मैसूरु (मैसूर), शिवमोग्गा (शिमोगा), उडुपी, देवनागरे | **उत्तरप्रदेश** | आगरा, प्रयागराज अलीगढ़, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, मुज्जफरनगर, वाराणसी, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा |
| **केरल** | कन्नूर, एर्नाकुलम, अलप्पुझा, कोट्टायम, कोझिकोड, मलाप्पुरम, त्रिशूर, पलक्कड़, तिरुवंतपुरम, कोल्लम | **उत्तराखंड** | देहरादून, हल्द्वानी, रूड़की |
| **पुडुचेरी** | पुडुचेरी | **पश्चिम बंगाल** | आसनसोल, कोलकाता, कल्याणी, सिलीगुड़ी, बर्धमान, दुर्गापुर, हुगली, हावड़ा। |

**25** **ग्रेड 'बी' (सामान्य) में अधिकारियों की सीधी भर्ती चरण-II परीक्षा**

| **केंद्रों के नाम** | |
|---|---|
| अहमदाबाद/ गांधीनगर, वडोदरा/आणंद | जम्मू |
| बेंगलुरु, मैसूरु (मैसूर) | कानपुर, वाराणसी |
| भोपाल, इंदौर | एर्नाकुलम,कोझिकोड |
| भुवनेश्वर, बहरामपुर -गंजम | लखनऊ |
| कोलकाता, सिलीगुड़ी | मुंबई/ नवी मुंबई/ ठाणे/एमएमआर |
| मोहाली (एस ए एस नगर), पटियाला | नागपुर |
| चेन्नै, मदुरै | नई दिल्ली/दिल्ली/एनसीआर |
| गुवाहाटी | पटना |
| हैदराबाद, गुंटूर/विजयवाड़ा | पुणे,कोल्हापुर,नासिक |
| जयपुर, उदयपुर | तिरुवनंतपुरम |
| रायपुर | |

**26** **ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) में अधिकारियों की सीधी भर्ती चरण-I तथा चरण-II परीक्षा**

| **केंद्रों के नाम** | |
|---|---|
| अहमदाबाद/ गांधीनगरवडोदरा/आणंद | जम्मू,श्रीनगर |
| बेंगलुरु, मैसूरु (मैसूर) | कानपुर,वाराणसी |
| भोपाल, इंदौर | एर्नाकुलम, कोजीकोड |
| भुवनेश्वर, बरहमपुर -गंजम | लखनऊ |
| कोलकाता, सिलीगुड़ी | मुंबई/ नवी मुंबई/ ठाणे/एमएमआर |
| मोहाली (एस ए एस नगर), पटियाला | नागपुर |
| चेन्नै, मदुरै | नई दिल्ली/दिल्ली/एनसीआर |
| गुवाहाटी | पटना |
| हैदराबाद, गुंटूर /विजयवाड़ा | पुणे, कोल्हापुर, नासिक |
| जयपु, उदयपुर | तिरुवनंतपुरम |
| रायपुर | |

**27** **महत्त्वपूर्ण टिप्पणियां**

क) बोर्ड अपने विवेकाधिकार पर ऊपर उल्लिखित परीक्षा केंद्र/केंद्रों और परीक्षा तिथि को परिवर्तित करने का अधिकार रखता है।
ध्यान दें: परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा का टाइमटेबल और परीक्षा स्थल के बारे में सूचित कर दिया जाएगा। उम्मीदवारों को यह भी ध्यान रखनाचाहिए कि परीक्षा केंद्र बदलने के किसी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

ख) उम्मीदवार अपनी पसंद के क्रम में चरण-I और चरण-II के अलग-अलग चार पसंदीदा परीक्षा केंद्रों का चयन कर सकते हैं और ऑनलाइन आवेदन में इसका उल्लेख करना होगा। उम्मीदवार किसी भी राज्य में (दी गई सूची में से) कोई भी केंद्र चार वरीयताओं में चुन सकता है। चरण-I और चरण-II परीक्षा के लिए उम्मीदवार अपना केंद्र स्वयं चुन सकते हैं और उन्हें यह जानकारी ऑनलाइन आवेदन में देनी होगी। हालांकि, बोर्ड को यह विशेष अधिकार भी है कि वह उम्मीदवार के ऑनलाइन आवेदन में चुने गए केंद्र के अलावा उसे किसी अन्य केंद्र पर भी भेज सकता है।

ग) परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र पर उम्मीदवार अपने जोखिम और ख़र्च पर उपस्थित होंगे। बोर्ड उम्मीदवारों के लिए भोजन/आवास की कोई व्यवस्था नहीं करता है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की किसी चोट या हानि आदि के लिए बोर्ड की जिम्मेदारी नहीं होगी।

घ) साक्षात्कार: साक्षात्कार किसी भी केंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे। बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई जानकारी की सूचना विवरण सहित साक्षात्कार बुलावा-पत्र में दी जाएगी।

(शेष पृष्ठ 15 पर)

(पृष्ठ 14 का शेष)

| | | आवेदन कैसे करें |
|---|---|---|
| 28 | आवेदन कैसे करें | (क) उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि वे वेबसाइट www.rbi.org.in का उपयोग कर केवल ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए विस्तृत अनुदेश परिशिष्ट-I में दिए गए हैं जो बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है। आवेदकों को केवल एक आवेदन करने की सलाह दी जाती है। तथापि, किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश यदि वह एक से अधिक आवेदन करता है तो उसे यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उच्च पंजीकरण आईडी (आरआईडी) वाला आवेदन हर तरह अर्थात आवेदक का विवरण, परीक्षा केंद्र, फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, हस्तलिखित घोषणा तथा शुल्क आदि से पूर्ण है। एक से अधिक आवेदन जमा करने वाले उम्मीदवार यह नोट कर लें कि केवल पूर्ण रूप से भरे हुए अंतिम उच्च आरआईडी वाले आवेदन ही बोर्ड द्वारा स्वीकार किए जाएंगे और एक आरआईडी के लिए अदा किए गए शुल्क/सूचना प्रभार का समायोजन किसी अन्य आरआईडी के लिए नहीं किया जाएगा।<br>(ख) सरकारी क्षेत्र, सरकारी स्वामित्व वाले औद्योगिक उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/वित्तीय संस्थानों/बैंकों, सार्वजनिक उद्यमों या अन्य समान संगठनों में कार्य करने वाले सभी उम्मीदवार, चाहे वे स्थायी या अस्थायी क्षमता में कार्यरत हों अथवा आकस्मिक या दैनिक रेटेड कर्मचारियों के अलावा वर्क-चार्ज कर्मचारी के रूप में कार्यरत हों, को इस भर्ती के लिए बैंक को अपना आवेदन ऑनलाइन जमा करने से पहले आवेदन करने के बारे में अपने नियोक्ता (कार्यालय/विभागाध्यक्ष) को लिखित रूप में सूचित करना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन करते समय, ऐसे संगठनों में काम करने वाले उम्मीदवारों को एक वचनपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है कि उन्होंने इस भर्ती के लिए आवेदन करने के बारे में अपने कार्यालय/विभागाध्यक्ष को लिखित रूप में सूचित किया है। उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि यदि उनके नियोक्ता से बैंक में कोई सूचना प्राप्त होती है, तो इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को अनुमति रोककर/परीक्षा में उपस्थित होने पर, उनका आवेदन/उम्मीदवारी अस्वीकार/रद्द कर दी जाएगी। शामिल होने के समय, अनुशंसित उम्मीदवारों को अपने पीएसयू/सरकारी/अर्द्ध-सरकारी नियोक्ता से उचित निर्वहन प्रमाण पत्र बिना किसी ग्रहणाधिकार लाना होगा।<br>**टिप्पणी**<br>उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग, PwBD और EWS प्रमाणपत्र आदि से संबंधित अपने दावों के समर्थन में कोई प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। इनकी जांच केवल साक्षात्कार के समय की जाएगी।<br>यदि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और शारीरिक रूप से विकलांग, EWS आदि श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवार निर्धारित तिथि तक आवश्यक प्रमाणपत्र नहीं रखते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को "सामान्य (जनरल)" श्रेणी में आवेदन करना चाहिए।<br>अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति से संबंधित उम्मीदवारों द्वारा आरक्षण का लाभ लेने के अपने दावे के समर्थन में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण-पत्रों का निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट-VII) में दिया गया है।<br>पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व या अंतिम तिथि तक परीक्षा में प्रवेश दिए जाने के लिए सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों अर्थात् चरण-I, चरण-II और साक्षात्कार में जिस किसी के लिए बोर्ड ने उन्हें प्रवेश दिया है; प्रवेश पूर्णत: अनंतिम और निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा किए जाने के अधीन होगा। यदि परीक्षा और साक्षात्कार के पहले या बाद में किसी भी समय सत्यापन करने पर यह पाया जाता है कि वे पात्रता की किन्हीं शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, तो बोर्ड द्वारा परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि उनके द्वारा किए गए दावे असत्य पाए जाते हैं, तो उन पर बोर्ड द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती हैं। ऐसे उम्मीदवार को जिसे बोर्ड द्वारा निम्नलिखित के लिए दोषी घोषित किया है:<br>(i) निम्नलिखित तरीकों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करता है: -<br>क) अवैध रूप से परितोषण की पेशकश करना, अथवा<br>ख) दबाव डालना, अथवा<br>ग) परीक्षा आयोजित करने से संबंधित किसी भी व्यक्ति को ब्लैकमेल करना या उसे ब्लैकमेल करने की धमकी देना, अथवा<br>(ii) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा<br>(iii) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप से कार्यसाधन करवाया है, अथवा<br>(iv) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए हैं जिनमें तथ्यों के साथ फेर-बदल की गई हो, अथवा<br>(v) गलत या असत्य कथन दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा<br>(vi) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में निम्नलिखित साधनों का उपयोग किया है, अर्थात्<br>क) अनुचित तरीके से प्रश्नपत्र प्राप्त करना,<br>ख) परीक्षा से संबंधित गोपनीय कार्य से जुड़े व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करना,<br>ग) परीक्षकों को प्रभावित करना, अथवा<br>(vii) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना, अथवा<br>(viii) उत्तर पुस्तकाओं में अश्लील/बेहूदा बातें लिखना या अश्लील/भद्दे रेखाचित्र बनाना, अथवा<br>(ix) परीक्षा हाल में दुर्व्यवहार करना, जिसमें उत्तर पुस्तकाओं को फाड़ना, परीक्षा देने वालों को परीक्षा का बहिष्कार करने के लिए उकसाना या अव्यवस्था और ऐसी ही अन्य स्थिति पैदा करना शामिल है, अथवा<br>(x) पात्र न होने के बावजूद परीक्षा में स्क्राइब/प्रतिपूरक समय की सुविधा लेना, अथवा<br>(xi) परीक्षा संचालित करने के लिए बोर्ड द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान करना या अन्य किसी भी प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाना, या<br>(xii) परीक्षा के दोरान मोबाइल फोन/पेजर या किसी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/यंत्र या संचार यंत्र के रूप में प्रयोग किया जा सकने वाला कोई अन्य उपकरण प्रयोग करना या अपने पास रखना, या<br>(xiii) परीक्षा की अनुमति देते हुए उम्मीदवारों को भेजे गए प्रमाण-पत्रों के साथ जारी अनुदेशों का उल्लंघन किया है, अथवा<br>(xiv) उपर्युक्त खंडों में उल्लिखित सभी/किसी भी कार्य के द्वारा बोर्ड को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया हो, तो उन पर आपराधिक अभियोजन चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे -<br>क) बोर्ड द्वारा उस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है जिसमें वह उपस्थित हो रहा है, और/अथवा<br>ख) उसे स्थायी रूप से या एक विशेष अवधि के लिए (i) बोर्ड द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए (ii) बैंक द्वारा उनके अधीन किसी भी नौकरी से वंचित किया जा सकता है। (iii) यदि वह पहले से ही बैंक में नियोजित है तो बर्खास्तगी; तथा (iv) यदि पहले से ही किसी अन्य सेवा में है तो बोर्ड द्वारा उनके नियोक्ता को अनुशासनिक कार्रवाई के लिए लिखना।<br>बशर्ते इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक अधिरोपित नहीं की जाएगी जब तक: (i) उम्मीदवार को इस संबंध में लिखित अभ्यावेदन, जो वह देना चाहे, प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो और (ii) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो।<br>**सामान्य अनुदेश और परिशिष्ट बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर उपलब्ध हैं।** |

फा. सं. 2-15/2021 - एनएम

भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

## राष्ट्रीय संग्रहालय

**जनपथ, नई दिल्ली - 110011**

राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली, जो भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय के रूप में कार्यरत है, राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में वेतन स्तर-10 (रु. 56,100-1,77,500/-) के समूह 'ए' राजपत्रित, अलिपिकीय के **उप क्यूरेटर (प्री-कोलम्बियन एवं पश्चिमी कला)** के 01 पद को संयुक्त पद्धति [प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) अथवा पदोन्नति] के आधार पर भरने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है. इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन **रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 (साठ) दिनों के भीतर** उचित माध्यम से **प्रशासनिक अधिकारी, राष्ट्रीय संग्रहालय, जनपथ, नई दिल्ली-110011** को प्राप्त हो जाने चाहिए. पद से संबंधित विस्तृत जानकारी, जैसे आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं, अनुभव, पात्रता, आयु सीमा तथा बायोडाटा/पाठ्यवृत्त प्रपत्र आदि, राष्ट्रीय संग्रहालय की वेबसाइट **www.nationalmuseumindia.gov.in** पर उपलब्ध हैं.

**टिप्पणी** : यह ध्यान दिया जा सकता है कि यह प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित)/पदोन्नति पद है तथा केवल वर्तमान सरकारी अधिकारियों के लिए खुला है.

प्रशासनिक अधिकारी

**EN 7/23** राष्ट्रीय संग्रहालय

---

फा.सं. A-35018/2/2019-प्रशा.-I

भारत सरकार

## आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय

संकल्प भवन, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक : 29.04.2026

### रिक्ति परिपत्र

आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर स्तर-14 (रु. 1,44,200-2,18,200/-) में **अधिकारी विशेष कार्याधिकारी (शहरी परिवहन) [संयुक्त सचिव स्तर]** के पद को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**2. पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यताओं, अनुभव आदि के विवरण हेतु मंत्रालय की वेबसाइट mohua.gov.in के What's New अथवा mohua.gov.in → Publication → Circular देखें. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से छह सप्ताह होगी.**

**(अनुभूति गुप्ता)**

**भारत सरकार के अवर सचिव**

**दूरभाष : 011-23783496**

**EN 7/24**

---

भारत सरकार

## रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

रेल मंत्रालय, भारत सरकार, **रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र (CRIS) में निदेशक (यात्री प्रणाली)** के पद हेतु पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है:

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया **www.indianrailways.gov.in/railwayboard > भारतीय रेल कार्मिकों के लिए > रिक्ति परिपत्र > रिक्ति परिपत्र_2026 देखें।**

आवेदन पत्र (02 प्रतियाँ), संलग्नकों सहित, निम्नलिखित पते पर भेजे जा सकते हैं:

**श्री रवि शेखर**
**संयुक्त सचिव (प्रतिनियुक्ति)**
**रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)**
**कमरा संख्या 152-जे, रेल भवन**
**नई दिल्ली-110001**

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **15.06.2026 को शाम 5.30 बजे तक** है। देर से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**EN 7/40**

---

## श्री गुरु राम राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देहरादून

(राज्य सरकार द्वारा अनुदानित एवं हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

**नैक द्वारा प्रत्यायित बी प्लस प्लस (B++) श्रेणी महाविद्यालय**
**पत्राचार का पता: श्री गुरु राम राय पीजी कॉलेज, पथरी बाग देहरादून - 248001**

विज्ञापन संख्या: 01/2026 दिनांक: 28-04-2026

### प्राचार्य पद हेतु विज्ञापन

पात्र अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित प्रारूप में महाविद्यालय के प्राचार्य पद (अनारक्षित) पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता, आयु, योग्यताएं, चयन प्रक्रिया एवं परिलब्धियां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम अधिनियम 2018 द्वारा निर्गत एवं राज्य सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत प्रावधानों के अनुरूप होंगे (वेतनमान 144200-218200, लेवल -14)।

उचित रीति से पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र, मात्र स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक से, सचिव, प्रबंध समिति, श्री गुरु राम राय पीजी कॉलेज, देहरादून -248001 के पते पर दिनांक 31/05/2026 सायं 5:00 बजे तक ही स्वीकार किए जाएंगे। विलम्ब से प्राप्त अथवा अधूरे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आवेदन पत्र के प्रारूप, आवेदन शुल्क एवं अन्य विस्तृत जानकारियों हेतु** महाविद्यालय की वेबसाइट **www.sgrrcollege.com** देखें। कोई भी परिशिष्ट/ शुद्धि पत्र केवल महाविद्यालय की वेबसाइट पर ही प्रविष्ट किया जाएगा।

**अध्यक्ष/ सचिव, प्रबंध समिति**

**श्री गुरु राम राय पीजी कॉलेज, देहरादून**

**EN 7/41**

---

## इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज़

(आईसीएसएसआर, नई दिल्ली और जीओआर द्वारा समर्थित)

8-बी, झालना संस्थागत क्षेत्र, जयपुर 302 004 (राजस्थान) इंडिया, पीएबीएक्स सं. : + 91-141-2705726

ESTABLISHED : 1981

**विज्ञापन सं. आईडीएसजे/2026-27/01 (गैर-संकाय पदों के लिए रिक्ति)**

इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज (आईडीएस), जयपुर, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली और राजस्थान सरकार द्वारा संयुक्त रूप से निधिबद्ध, राजस्थान में बहु अनुशासनीय अनुसंधान में संलग्न एक स्वायत्त प्रमुख सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संस्थान है. स्थायी/संविदागत आधार पर विभिन्न स्तरों पर गैर संकाय पदों के लिए संस्थान आवेदन आमंत्रित करती है.

| क्र.सं. | पद | पदों की संख्या | आयु * | पदों की प्रकृति | श्रेणी | वेतन बैंड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | लेखा कार्यपालक | एक (01) | 18-40 वर्ष | संविदागत | अनारक्षित | रुपये 62,000 + पीएफ |
| 02. | कनिष्ठ कार्यालय सहायक | एक (01) | 18-40 वर्ष | स्थायी | अनारक्षित | रुपये 5200- 20200 के साथ जीपी 2400** |
| 03. | कनिष्ठ कार्यालय सहायक | एक (01) | 18-40 वर्ष | संविदागत | अनारक्षित | रुपये 33,000 + पीएफ |
| 04. | चालक | एक (01) | 18-40 वर्ष | स्थायी | अनारक्षित | रुपये 5200-20200 के साथ जीपी 2400** |
| 05. | कक्षा IV | एक (01) | 18-40 वर्ष | स्थायी | अनारक्षित | रुपये 5200 - 20200 के साथ जीपी 1700 ** |

*** आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि को. ** 7वें सीपीसी के आंशिक/क्रियान्वयन-55%**

नोट: आयु में छूट पर राजस्थान राज्य सरकार मानकों के अनुसार विचार किया जाएगा. इसके अतिरिक्त, संस्थान, आईडीएसजेजीबी निर्णय के अनुसार आयु में मानदंड में छूट देने का अधिकार सुरक्षित रखता है. उक्त सभी पदों के लिए निर्धारित आवेदन पत्र **www.idsj.org/vacancies** से डाउनलोड किए जा सकते हैं. भरे गए आवेदन पत्र के साथ प्रमाणपत्रों और अपेक्षित दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां ''निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज, 8-बी, झालना, संस्थागत क्षेत्र, जयपुर-302004'' के पास इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **पंद्रह (15) दिन के अंदर** पहुंच जाने चाहिए. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा. भरे गए आवेदन पत्र, शंसापत्र और अन्य अपेक्षित दस्तावेज को केवल स्पीड/ रजिस्टर्ड डाक द्वारा स्वीकार किया जाएगा. अन्य किसी माध्यम (व्यक्तिगत रूप से/कोरियर आदि) से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा. विस्तृत दिशानिर्देश और अनुदेश, पात्रता मानदंड और परीक्षा पैटर्न के लिए **www.idsj.org/vacancies** देखें। संस्थान विज्ञापित पदों को भरने या ना भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

**EN 7/2** निदेशक (आई/सी)

---

## सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी

## Sardar Vallabhbhai Patel National Police Academy

भारत सरकार (गृह मंत्रालय)

**Government of India (Ministry of Home Affairs)**

**हैदराबाद- 500052: Hyderabad - 500052**

**संख्या 15011/21/2017/Estt/CDI/A2** **दिनांक : 24 अप्रैल, 2026**

केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन अथवा स्वायत्त निकायों अथवा सांविधिक संगठनों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों के पात्र अधिकारियों से **सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद-500052** में प्रतिनियुक्ति के आधार पर **'मुख्य ड्रिल प्रशिक्षक'** के एक पद को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**2.** उक्त पद हेतु वेतन, आवश्यक योग्यताएं, अन्य पात्रता मानदंड तथा आवेदन प्रपत्र अकादमी की वेबसाइट **http://www.svpnpa.gov.in/vacancies** पर उपलब्ध हैं.

**EN 7/6** प्रशासनिक अधिकारी (स्था.)

# राजधानी कॉलेज

(दिल्ली विश्वविद्यालय)

राजा गार्डन, नई दिल्ली–110015

RC/RG/152/2026 /01 **विज्ञापन** दिनांक: 22.04.2026

अनुभाग अधिकारी के एक पद (प्रतिनियुक्ति के आधार पर) हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन पत्र को भरकर, आवश्यक दस्तावेजों सहित **30.05.2026** तक अथवा रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह के भीतर (जो भी बाद में हो) प्रेषित करें।

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | अनिवार्य योग्यताएँ |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुभाग अधिकारी (प्रशासन) | 01 | • किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री।<br>• नियमित आधार पर समकक्ष पद धारण करने वाले अधिकारी अथवा केंद्रीय/राज्य सरकार, विश्वविद्यालयों या स्वायत्त संगठनों में वेतन स्तर–6 या समकक्ष में तीन वर्ष की नियमित सेवा रखने वाले अधिकारी।<br>**वेतन स्तर**<br>स्तर–07, रु. 44,900/– का प्रारंभिक वेतन (सातवें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार) भर्ती नियमों हेतु लिंक पृष्ठ संख्या 3 एवं 4 https://www.du.ac.in/uploads/new web / 02062025_RR.pdf |

**अधिकतम आयु:** प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**अभ्यर्थियों के लिए निर्देश:**

1- केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार किया जाएगा, जो विधिवत माध्यम से अग्रेषित किए गए हों तथा निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ संलग्न हों:–
   (i) विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र।
   (ii) पिछले तीन वर्षों के एपीएआर की सत्यापित प्रतिलिपियाँ।
   (iii) सत्यनिष्ठा एवं सतर्कता प्रमाण पत्र।
   (iv) अनापत्ति प्रमाण पत्र।
2. उक्त प्रतिनियुक्ति दिल्ली विश्वविद्यालय के कर्मचारियों पर लागू विदेशी सेवा नियमों की शर्तों एवं नियमों के अधीन होगी।
3. सभी अभ्यर्थी केंद्रीय/राज्य सरकार, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त संगठनों में नियमित आधार पर कार्यरत होने चाहिए।
4. पद के लिए आयु सीमा, योग्यता एवं अनुभव का निर्धारण अंतिम तिथि के अनुसार किया जाएगा।
5. प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रारंभ में एक वर्ष के लिए होगी, जिसे आवश्यकता अनुसार तथा महाविद्यालय के विवेकाधिकार पर बढ़ाया जा सकता है।
6. पदधारी के पास उत्कृष्ट संप्रेषण एवं विश्लेषणात्मक कौशल होने चाहिए तथा अंग्रेजी में प्रारूपण/टिप्पणी लेखन की क्षमता होनी चाहिए। उसे अन्य प्रभागों/विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों एवं शिक्षाविदों के साथ चर्चाओं में भाग लेने में सक्षम होना चाहिए। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे शैक्षिक प्रशासन/परीक्षा/सामान्य प्रशासन/क्रय/स्थापना/लेखा/वित्त/मानव संसाधन/विधिक/परियोजना प्रबंधन से संबंधित एक या अधिक कार्यों को स्वतंत्र रूप से संभाल सकें।
7. इस संबंध में किसी भी प्रकार का परिशिष्ट/संशोधन/सूचना केवल महाविद्यालय की वेबसाइट पर ही उपलब्ध कराई जाएगी।
8. महाविद्यालय अपने विवेकाधिकार पर रिक्ति को न भरने और/या प्रतिनियुक्ति की अवधि को घटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
9. अधिकतम आयु सीमा अंतिम तिथि के अनुसार 55 वर्ष होगी।
10. चयन प्रक्रिया में किसी भी त्रुटि के पाए जाने पर या यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी भी चरण पर मांगे गए दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो महाविद्यालय को अभ्यर्थी को किए गए किसी भी संप्रेषण को संशोधित/वापस लेने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
11. **पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं हस्ताक्षरित आवेदन पत्र सभी संलग्नकों सहित डाक/कूरियर द्वारा "प्राचार्य, राजधानी महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय), राजा गार्डन, नई दिल्ली–110015 के पते पर भेजा जाना चाहिए। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30.05.2026 अथवा रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह के भीतर (जो भी बाद में हो) है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त अथवा आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।**
12. **ईमेल/फैक्स के माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

**प्रधानाचार्य**

**EN 7/39**

---

भारत सरकार

**GOVERNMENT OF INDIA**

खान मंत्रालय

**MINISTRY OF MINES**

## भारतीय खान ब्यूरो

## INDIAN BUREAU OF MINES

भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) में सामान्य केंद्रीय सेवा, अराजपत्रित, राजपत्रित, समूह 'बी' के स्तर-7 (रु. 44900-142400) में **सहायक भंडार अधिकारी** के 01 पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरने हेतु केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम अथवा सांविधिक निकायों अथवा स्वायत्त संगठनों अथवा विश्वविद्यालय अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधीन अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

विभाग में उक्त पद हेतु आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन है।** विस्तृत जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट : **http://www.ibm.gov.in** देखें।

(प्रशांत एस. हेगड़े)

अधीक्षण खनन भूवैज्ञानिक एवं

कार्यालयाध्यक्ष

**EN 7/9**

---

Skill India

भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

**क्षेत्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता निदेशालय महाराष्ट्र**

## राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान

**सायन (पूर्व) मुंबई-400022**

**ई-मेल : nsti-mumbai@dgt.gov.in, वेबसाइट : nstimumbai@dgt.gov.in**

**फोन : 022-24053560**

**भर्ती अधिसूचना का निरस्तीकरण**

विज्ञापन संख्या EN 14/22/2023 के माध्यम से राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, मुंबई में **कार्यशाला परिचर** के 04 पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसे एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार के 1-7 जुलाई, 2023 के अंक में प्रकाशित किया गया था. उक्त विज्ञापन प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता है.

**EN 7/30** **क्षेत्रीय निदेशक**

---

सं. एफ-ए.12034/3/2025-ई-III अनुभाग

# राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

श्री अरविंद मार्ग-नई दिल्ली-110016

**www.ncert.nic.in**

एन सी ई आर टी
NCERT

**विज्ञापन संख्या 01-2025**

**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्**

**रिक्ति सूचना**

एनसीईआरटी मुख्यालय नई दिल्ली और देश भर में स्थित इसकी संघटक इकाइयों में समूह श्रेणियों 'सी' और 'बी', 'ए' को अंयत्र सेवा शर्तों पर एक वर्ष की अवधि के लिए भरने के लिए प्रतिनियुक्ति आधार पर पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. इस अवधि का साल-दर-साल आगे बढ़ाया जा सकता है. विवरण निम्नानुसार हैं :

| क्रम संख्या | समूह | पद का नाम | वेतनमान/स्तर | पदों की संख्या | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ए | मुख्य उत्पादन अधिकारी | वेतन बैंड-III, रु. 15600-39100 ग्रेड वेतन रु. 7600/- | 1 | प्रकाशन प्रभाग, नई दिल्ली |
| 2. | ए | कला अधिकारी | वेतन बैंड-III, रु. 15600-39100 ग्रेड वेतन रु. 6600/- | 1 | प्रकाशन प्रभाग, नई दिल्ली |
| 3. | ए | व्यवसाय प्रबंधक | वेतन बैंड-III, रु. 15600-39100 ग्रेड वेतन रु. 6600/- | 2 | आरपीडीसी अहमदाबाद और गुवाहाटी |
| 4. | ए | सहायक उत्पादन अधिकारी | वेतन बैंड-III, रु. 15600-39100 ग्रेड वेतन रु. 5400/- | 1 | प्रकाशन प्रभाग, नई दिल्ली |
| 5. | ए | सहायक व्यवसाय प्रबंधक | वेतन बैंड-III, रु. 15600-39100 ग्रेड वेतन रु. 5400/- | 1 | प्रकाशन प्रभाग, नई दिल्ली |
| 6. | ए | वरिष्ठ अभियंता | वेतन बैंड-III, रु. 15600-39100 ग्रेड वेतन रु. 6600/- | 1 | सीआईईटी, नई दिल्ली |
| 7. | बी | भंडार अधिकारी | वेतन बैंड-II, रु. 9300-34800 ग्रेड वेतन रु. 4600/- | 2 | एआईई, नई दिल्ली |
| 8. | बी | फोरमैन | वेतन बैंड-II, रु. 9300-34800 ग्रेड वेतन रु. 4200/- | 3 | एनआईई, नई दिल्ली |
| 9. | बी | संपादकीय सहायक | वेतन बैंड-II, रु. 9300-34800 ग्रेड वेतन रु. 4200/- | 2 | प्रकाशन प्रभाग पद (अंग्रेजी-1, हिंदी-1), नई दिल्ली |
| 10. | बी | सहायक भंडार अधिकारी | वेतन बैंड-II, रु. 9300-34800 ग्रेड वेतन रु. 4200/- | 1 | एनआईई, नई दिल्ली |
| 11. | बी | कलाकार ग्रेड-II | वेतन बैंड-II, रु. 9300-34800 ग्रेड वेतन रु. 4200/- | 1 | प्रकाशन प्रभाग, नई दिल्ली |
| 12. | सी | अर्द्ध व्यावसायिक सहायक | वेतन बैंड-I, रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 2800/- | 4 | पुस्तकालय और प्रलेखन प्रभाग (एनआईई), नई दिल्ली |
| 13. | सी | भंडारपाल ग्रेड-I | वेतन बैंड-I, रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 2800/- | 8 | एनआईई, नई दिल्ली |
| 14. | सी | कनिष्ठ फोरमैन | वेतन बैंड-I, रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 2800/- | 9 | एनआईई, नई दिल्ली (शैक्षिक किट प्रभाग) |
| 15. | सी | कुशल मैकेनिक | वेतन बैंड-I, रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 2400/- | 7 | एनआईई, नई दिल्ली (शैक्षिक किट प्रभाग) |
| 16. | सी | वरिष्ठ पुस्तकालय परिचर | वेतन बैंड-I, रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 1900/- | 1 | एनआईई, नई दिल्ली |

**आयु सीमा : अधिकतम 56 वर्ष.**

पात्र और इच्छुक अधिकारी **अनुलग्नक-I** के अनुसार निर्धारित प्रारूप में उचित माध्यम से सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और पिछले पांच वर्षों की वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) की स्व-अनुप्रमाणित प्रतियों के साथ आवेदन कर सकते हैं.

पूरा आवेदन पत्र इस विज्ञापन के रोज़गार समाचार में **प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अवर सचिव, स्थापना-III अनुभाग, एनसीईआरटी, श्री अरविंद मार्ग-नई दिल्ली -110016** के पते पर पहुंच जाना चाहिए. निर्धारित तिथि के बाद अथवा अपेक्षित दस्तावेज के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और इससे संबंधित किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

पदों, पात्रता शर्तों, वेतनमान और अन्य निबंधन और शर्तों के लिए विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रपत्र एनसीईआरटी की अधिकारिक वेबसाइट **www.ncert.nic.in के अंतर्गत < घोषणाएं < रिक्तियां < गैर-शैक्षणिक पर उपलब्ध है.**

**CBC 21104/12/0001/2627** **EN 7/45**

---

## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यालय), धनबाद

## Indian Institute of Technology (Indian School of Mines), Dhanbad

संख्याः 411002/1/2026-NFR भर्ती सूचना **दिनांक** : 29 अप्रैल, 2026

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यालय), धनबाद प्रत्यक्ष भर्ती के आधार पर निम्नलिखित अराजपत्रित पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | | | | | वर्गीकरण / वेतन स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | यूआर | एससी | ओबीसी-एनसीएल | ईडब्ल्यूएस | कुल | |
| 1. | मुख्य चिकित्सा अधिकारी (विशेषज्ञ) | 01 | – | – | – | 01 | ग्रुप-A / वेतन स्तर–12 (रु. 78800-209200) + नॉन प्रैक्टिसिंग भत्ता |
| 2. | चिकित्सा अधिकारी | 01 | 01# | 01 | 01 | 04 | ग्रुप-A / वेतन स्तर–10 (रु. 56100-177500) + नॉन प्रैक्टिसिंग भत्ता |
| 3. | वरिष्ठ परामर्शदाता | 01 | – | – | – | 01 | ग्रुप-A / वेतन स्तर–12 (रु. 78800-209200) |
| 4. | परामर्शदाता | 01 | – | – | – | 01 | ग्रुप-A / वेतन स्तर–10 (रु. 56100-177500) |
| 5. | वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी | 01 | – | – | – | 01 | ग्रुप-A / वेतन स्तर–10 (रु. 56100-177500) |

# **बैकलॉग रिक्ति**

पूर्ण विवरण के लिए संस्थान की वेबसाइट देखें : **www.iitism.ac.in**

आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से **13.06.2026 (रात 23:59 बजे तक) तक** जमा किया जाना आवश्यक है, जिसके लिए नॉन-फैकल्टी भर्ती मॉड्यूल का उपयोग करें, जो इस लिंक **https://nfr.iitism.ac.in/index.php/recruitment/User_login** पर उपलब्ध है.

**EN 7/1** **कुलसचिव**

# भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण

## एम.एच.ए.

## (प्रतिनियुक्ति के आधार पर सदस्य (योजना और विकास) की नियुक्ति)

एलपीएआई ने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13.04.2026 के साथ सदस्य (योजना और विकास) के पद को भरने के लिए दिनांक 2 मार्च, 2026 पर एक रिक्ति परिपत्र जारी किया था. अब **अंतिम तिथि 23.05.2026** तक बढ़ाई जा रही है. अधिक जानकारी के लिए, कृपया गृह मंत्रालय की वेबसाइट **http://mha.gov.in** और एलपीएआई **http://lpai.gov.in** पर जाएं.

CBC 19142/11/0001/2627

EN 7/13

# संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान

रायबरेली रोड, लखनऊ-226014 (उ.प्र.)

ईपीबीएक्स सं. : 0522-2494000/2495000/2668700/2668900, फैक्स सं. (0522) 2668017, 2668078

## भर्ती सूचना

एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ के निदेशक द्वारा केंद्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के पुलिस विभागों के पात्र अधिकारियों अथवा अर्द्धसैनिक/सैन्य बलों के अधिकारियों से एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ में प्रतिनियुक्ति पर निम्नलिखित समूह 'ए' पद को भरने हेतु ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| क्र. सं. | पद का नाम | वेतन मैट्रिक्स (7वें वेतन आयोग के अनुसार) | पदों की संख्या | आवश्यक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी (प्रतिनियुक्ति पर) | लेवल-11 (रु. 67,700-2,08,700) | 1 | केंद्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के पुलिस विभागों अथवा अर्द्धसैनिक बलों सहित सशस्त्र बलों के ऐसे अधिकारी, जो समकक्ष पद धारण करते हों अथवा पीबी-3 (रु. 15,600-39,100), जीपी-5400 या उससे अधिक के पद पर 5 वर्ष की नियमित सेवा रखते हों. सुरक्षा, आंदोलनों तथा कर्मचारियों की हड़तालों के प्रबंधन से संबंधित अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी. (प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी. नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकानुसार इसे 2 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है.) |

विस्तृत विज्ञापन हेतु कृपया संस्थान की वेबसाइट **www.sgpgims.org.in** देखें.

विज्ञापन सं. I/07/Rectt/2026-27

निदेशक

EN 7/73

# INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY TIRUPATI

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुपति

एर्पेडु–वेंकटगिरि रोड, एर्पेडु पोस्ट, तिरुपति जिला, आं. प्र. – 517619

## संकाय भर्ती

विज्ञापन संख्या IITT/FACREC/01/2026 (दिनांक 10.04.2026) के अंतर्गत आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 29.05.2026 (शाम 5:00 बजे तक) कर दी गई है।

विस्तृत जानकारी और आवेदन जमा करने के लिए, कृपया इस वेबसाइट **www.iittp.ac.in/facultyrecruitment** पर जाएं।

EN 7/74

# भारतीय प्रबन्धन संस्थान रांची

# Indian Institute of Management Ranchi

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार/ Ministry of Education, Government of India)

योग्य भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों पर संविदात्मक नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | वेतन | आवश्यक योग्यता एवं अनुभव | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| कॉर्पोरेट रिलेशन मैनेजर | 01 (अनारक्षित) | प्रति माह वेतन स्तर 10 के समकक्ष समेकित वेतन | (i) 55% अंकों के साथ एमबीए अथवा समकक्ष योग्यता; (ii) प्लेसमेंट सेवाओं, कॅरिअर सेवाओं, B2B सेल्स, व्यवसाय विकास अथवा कॉर्पोरेट संबंधों में न्यूनतम 6 वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों पर इस पद हेतु विचार किया जाएगा. | 50 वर्ष |
| सहायक प्रबंधक (कॉर्पोरेट रिलेशंस कार्यालय हेतु) | 01 (अनारक्षित) | प्रति माह वेतन स्तर 08 के समकक्ष समेकित वेतन | (i) 55% अंकों अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ एमबीए अथवा समकक्ष योग्यता; (ii) प्लेसमेंट सेवाओं, करियर सेवाओं, B2B सेल्स, व्यवसाय विकास अथवा कॉर्पोरेट संबंधों में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों पर इस पद हेतु विचार किया जाएगा. | 50 वर्ष |
| वरिष्ठ सहयोगी (कॉर्पोरेट रिलेशंस कार्यालय हेतु) | 01 (अनारक्षित) | रु. 65,000/- प्रति माह (सकल) समेकित वेतन | (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ स्नातकोत्तर अथवा समकक्ष योग्यता. (ii) किसी शैक्षणिक संस्थान के प्लेसमेंट/कॉर्पोरेट रिलेशंस कार्यालय में 03 वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव अथवा सेल्स/मार्केटिंग क्षेत्र में 03 वर्ष का कार्य अनुभव. | 45 वर्ष |
| क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक | 01 (अनारक्षित) | रु. 65,000/- प्रति माह (सकल) समेकित वेतन | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से क्लिनिकल साइकोलॉजी में एम.फिल./एम.ए.. अभ्यर्थी का क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक के रूप में भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) में वैध एवं वर्तमान पंजीकरण होना चाहिए. उच्च शिक्षण संस्थानों में पूर्व में परामर्श सेवाएं प्रदान करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी. | 50 वर्ष |

वेतन स्तर 08 एवं उससे ऊपर के पदों हेतु संस्थान की नीति के अनुसार समूह चिकित्सा बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी.

**ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि 05.05.2026 है तथा ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25.05.2026 सायं 5:00 बजे तक है.**

उपरोक्त पदों हेतु पात्रता मानदंड/ऑनलाइन लिंक आदि का विवरण आईआईएम रांची की वेबसाइट : **https://iimranchi.ac.in/careers/** पर उपलब्ध है.

EN 7/50

## सदस्यता फॉर्म

उपयुक्त विकल्प चुनें (✔)

**प्रिंट संस्करण के प्लान**

| | | |
|---|---|---|
| 6 माह | रु. 265/- | ( ) |
| 1 वर्ष | रु. 530/- | ( ) |
| 2 वर्ष | रु. 1000/- | ( ) |
| 3 वर्ष | रु. 1400/- | ( ) |

**ई-संस्करण के प्लान**

| | | |
|---|---|---|
| 6 माह | रु. 200/- | ( ) |
| 1 वर्ष | रु. 400/- | ( ) |
| 2 वर्ष | रु.750/- | ( ) |
| 3 वर्ष | रु. 1050/- | ( ) |




( ) Employment News
( ) रोज़गार समाचार (हिन्दी)
( ) रोज़गार समाचार (उर्दू)

डिमांड ड्राफ्ट/चेक 'Employment News' के पक्ष में देय होना चाहिए।
डिमांड ड्राफ्ट/चेक की मूल प्रति सदस्यता फॉर्म के साथ संलग्न करें।

फॉर्म में सभी विवरण स्पष्ट अक्षरों में दर्ज करें

नाम : ____________________

डाक पता : ____________________

पिन ____________________

दूरभाष: ____________________

मोबाइल : ____________________

ईमेल : ____________________

सदस्यता फॉर्म यहाँ भेजें :-

**रोज़गार समाचार**
कक्ष संख्या- 783, 7वां तल, सूचना भवन
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

ताजा जानकारियों के लिए देखें :-

www.employmentnews.gov.in
www.rozgarsamachar.gov.in

ऑनलाइन भुगतान की सुविधा दोनों प्लान के लिए उपलब्ध।

स्कैन और भुगतान

@Employ_News
@EmploymentNews
www.eneversion.nic.in


# मुंबई पत्तन प्राधिकरण

**प्रतिनियुक्ति आधार** पर **संयुक्त निदेशक** के पद **(01 पद)** के लिए उम्मीदवारों से आवेदन मंगाए गये हैं।

प्रतिनियुक्ति आधार पर संयुक्त निदेशक की पद के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख **29/6/2026** है।

पात्रता मापदंड वगैरह की जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार हमारी वेबसाइट **www.mumbaiport.gov.in (People & Career/Jobs)** पर जाकर तथा पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के ऑनलाइन एप्लीकेशन पोर्टल पर अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

MbPA-02-2026

EN 7/7

# इंडिया इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर

प्लॉट नंबर 06, इंस्टीट्यूशनल एरिया,
वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070

विज्ञापन संख्याः A-12011/6/2023-IIAC दिनांकः 08.05.2026

## भारत अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र ("आईआईएसी") में प्रतिनियुक्ति आधार पर विभिन्न पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करने हेतु भर्ती अधिसूचना

आईआईएसी, नई दिल्ली, संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक वैधानिक निकाय, भारतीय नागरिकों से पूरी तरह से प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान (सातवां सीपीसी) |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक रजिस्ट्रार | 01 | लेवल-9 |
| 2. | सहायक रजिस्ट्रार (लेखा) | 01 | लेवल-9 |
| 3. | निजी सचिव | 04 | लेवल-8 |
| 4. | कार्यकारी सहायक/ सहायक अनुभाग अधिकारी (लेखा) | 01 | लेवल-7 |

योग्यता, अनुभव और अन्य नियम व शर्तों का विवरण **www.indiaiac.org** पर देखा जा सकता है।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**आईआईएसी**

EN 7/55

फा. सं. A-35021/1/2025-प्रशा.-I (एलडी)
भारत सरकार
**विधि एवं न्याय मंत्रालय**

# विधायी विभाग

विधायी विभाग वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (रु. 44,900 – 1,42,400/-) में समूह 'बी', अराजपत्रित, अलिपिकीय श्रेणी के **सहायक (विधिक)** के एक पद को प्रतिनियुक्ति/समावेशन के आधार पर भरने का प्रस्ताव करता है. पात्रता मानदंड तथा अन्य विवरण विभाग की वेबसाइट अर्थात **https://www.legislative.gov.in/offerings/vacancies** पर उपलब्ध हैं. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्र के अनुसार इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों के भीतर** अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं.

(भूपेन्द्र सिंह बिष्ट)
भारत सरकार के अवर सचिव
विधायी विभाग,
कार्य कक्ष सं. 24049, चतुर्थ तल
कर्तव्य भवन-02, नई दिल्ली-110001
ई-मेल : admin1ld@nic.in

EN 7/34

# सैनिक स्कूल पुंगलवा, नागालैंड

[सैनिक स्कूल सोसायटी, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एवं सीबीएसई से संबद्ध]

## आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि का विस्तार

1. विज्ञापन संख्या EN No. 06/43 के अंतर्गत 09 - 15 मई 2026 के अंक में प्रकाशित संविदात्मक पदों हेतु विज्ञापन के संदर्भ में — पीजीटी (गणित) - 01 पद, काउंसलर - 01 पद, नर्सिंग सहायक - 01 पद, लैब सहायक (रसायन विज्ञान) - 01 पद, पीईएम/पीटीआई-सह-मैट्रन (महिला) - 02 पद तथा सामान्य कर्मचारी - 02 पद.
2. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन) बढ़ाकर 01 जून 2026 तक कर दी गई है.
3. साक्षात्कार का कार्यक्रम 05 एवं 06 जून 2026 है.
4. संबंधित पद हेतु आवेदन करने की पात्रता शर्तें विद्यालय की वेबसाइट www.sainikschoolpunglwa.nic.in से डाउनलोड की जा सकती हैं.

प्रधानाचार्य
सैनिक स्कूल पुंगलवा, नागालैंड

EN 7/31

फा.सं. A-35021/2/2025-प्रशा.-I (एलडी)
भारत सरकार
विधि एवं न्याय मंत्रालय

# विधायी विभाग

विधायी विभाग वेतन मैट्रिक्स के स्तर-5 (रु. 29,200-92,300/-) में समूह 'सी', अराजपत्रित, लिपिकीय श्रेणी के **प्रूफ रीडर** के दो पदों [एक प्रतिनियुक्ति द्वारा तथा दूसरा प्रतिनियुक्ति/समावेशन द्वारा] को भरने का प्रस्ताव करता है. पात्रता मानदंड तथा अन्य विवरण विभाग की वेबसाइट अर्थात **https://www.legislative.gov.in/offerings/vacancies** पर उपलब्ध हैं. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्र के अनुसार इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों** के भीतर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं.

**(भूपेन्द्र सिंह बिष्ट)**
**भारत सरकार के अवर सचिव**
**विधायी विभाग,**
**कार्य कक्ष सं. 24049, चतुर्थ तल, कर्तव्य भवन-02, नई दिल्ली-110001**
**ई-मेल : admin1ld@nic.in**

EN 7/36

सभी को अवसर

भारत सरकार

# रक्षा मंत्रालय

## विज्ञापन सं. 01/2026

**संविदागत आधार पर सलाहकार के रूप में एक (01) सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी/ डीआरडीओ वैज्ञानिक की नियुक्ति.**

1. आकांक्षा, नई दिल्ली, रक्षा मंत्रालय (आर एंड डी) के अधीन भारत सरकार की एक इकाई 7वें सीपीसी या समकक्ष के अनुसार और वेतन लेवल-13ए में नौसेना अधिकारी/ डीआरडीओ वैज्ञानिक के रूप में सेवानिवृत्त पात्र भारतीय नागरिकों से सलाहकार (संविदागत आधार पर) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है.
2. **पदों की संख्या :** 01 .
3. **आयु सीमा :** आवेदन करने के लिए सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की सभी श्रेणियों के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने अंतिम तिथि के अनुसार 63 वर्ष होगी.
4. **कंसल्टेंसी की अवधि :** नियुक्ति की अवधि सामान्यतः शुरू में एक वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है. दो वर्ष से आगे अवधि को निष्पादन और पर्याप्त औचित्यपूर्ण के आधार पर बढ़ाया जा सकता है बशर्ते कुल अवधि को 5 वर्ष से अधिक बढ़ाया नहीं जाएगा. किसी भी परिस्थिति में सलाहकार की नियुक्ति/ विस्तार को 65 वर्ष की आयु से आगे बढ़ाया नहीं जाएगा.
5. **अनिवार्य योग्यताएं :**

   5.1. उम्मीदवार को मान्यताप्राप्त संस्था से वैल्डिंग में विशेषज्ञता के साथ मैटालर्जी में स्नातक/स्नातकोत्तर/डॉक्टरेट डिग्री रखने वाले सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी/ डीआरडीओ वैज्ञानिक होना चाहिए.

   5.2. अधिकारी के पास डीएमआर 249 और डीएमआर 301 ग्रेड स्टील प्रोडक्ट के प्रमाणन के अनुभव सहित सामग्रियों के विभिन्न स्तरों और अपने अभिकल्प, विकास, परीक्षण से संबंधित वैल्डिंग प्रौद्योगिकी एडवान्समेंट में 20 वर्ष का हैंड्स-ऑन अनुभव होना चाहिए.
6. **अनिवार्य योग्यताएं :**

   6.1. उम्मीदवार को इस्पात के नए ग्रेड के उत्पादन के दौरान औद्योगिक पार्टनरों को तकनीकी इंपुट प्रदान करने और/या सह प्रलेखीकरण के साथ कनज्युमेबल्स वेल्ड करने के साथ जुड़ा होना चाहिए; वैल्ड ज्वाइंट के विशेषज्ञ पूर्ण थिकनेस प्रमाणन परीक्षण का विश्लेषण करना और उत्पादन मान पर फेब्रीकेशन के दौरान यार्ड में वैल्डिंग प्रौद्योगिकी सोल्यूशन प्रदान करना.

   6.2. उम्मीदवार को आधारसंरचना क्षति आंकलन और स्केल्ड डाउन मॉडल के सामग्री डिग्रेडेशन के आधार पर पनडुब्बी के हल के रेजिडुअल लाइफ आंकलन के लिए उभरती प्रक्रियाओं से अवगत होना चाहिए.

   6.3. उम्मीदवार के पास प्रभावी प्रलेखीकरण, संचार और अंतर निजी कौशल के साथ कार्य के अपने क्षेत्र की गहरे परीक्षण के लिए विशिष्ट योग्यता होनी चाहिए.
7. **कार्यों की प्रकृति/कंसल्टेंसी का डोमेन : कंसल्टेंसी के प्रमुख क्षेत्र/डोमेन निम्नलिखित हैं:**

   7.1. परिष्कृत संरचनात्मक सत्यनिष्ठा वाले निर्माण के अधीन संरचना के लिए अधिक प्रभावी नए संयुक्त कनफिगरेशन का डिजाइन और विकास.

   7.2. उच्च उत्पादक वेडिंग प्रक्रिया प्रौद्योगिकियों की शुरूआत करना उदाहरण के लिए पूर्ण पेनिट्रेशन ज्वाइंट्स के लिए विशिष्ट अपेक्षा के साथ फ्युचरिस्टिक एसएसएन क्लास सबमरीन के हल के निर्माण के लिए ईजीडब्ल्यू, मल्टी वायर सॉ.

   7.3. नए प्रौद्योगिकी ऑपरेशन्स जैसे टीआईजी ड्रेसिंग, हल ज्वाइंट फेटीग जीवन और विश्वसनीयता को बढ़ाते हुए सर्फेस प्लास्टिक उपचार की उपयुक्तता का आंकलन करना.

   7.4. अतिरिक्त औद्योगिक स्त्रोतों से हल सामग्रियों के पूर्ण कार्यक्षेत्र देशी विकास, परीक्षण और प्रमाणन से संबंधित तकनीकी गतिविधियों को देखना.

   7.5. देश में पूर्ण कार्यक्षेत्र में प्रमाणन के लिए फुल थिकनेस परीक्षा सुविधाओं का क्रियान्वयन.

   7.6. हल निर्माण, मरम्मत और रिफिट के लिए अधिक विकसित हल और वेल्डिंग सामग्रियों के डिजाइन, विकास और उपयोग का आंकलन.

   7.7. पनडुब्बी की सेवा अवधि को आंकलिक करने और बढ़ाने के लिए फील्ड डाटा का लाभ उठाकर अग्रिम विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं का विकास कराना और क्रियान्वयन करना.
8. **चयन प्रक्रिया :** पात्र उम्मीदवारों को उनकी शैक्षिक योग्यताएं, कार्य अनुभव और विशेषज्ञता के डोमेन के अनुसार ''निजी साक्षात्कार'' के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा. अंतिम चयन सलाहकार के डोमेन में विशेषज्ञता के आधार पर होगा.
9. **कार्यस्थलः** 'आकांक्षा', रक्षा मंत्रालय, शंकर विहार, आरटीआर मार्ग, नई दिल्ली.
10. **आवेदन की अंतिम** तिथिः आवेदन(प्रारूप के अनुसार) निम्नलिखित पते पर विज्ञापन के प्रकाशन के **21 दिन** के अंदर पहुंच जाने चाहिएः
    **निदेशक (कार्मिक), कमरा सं.13 'आकांक्षा', डेवलपमेंट एन्क्लेव, शंकर विहार, राव तुला मार्ग, नई दिल्ली-110010, फोन नं. : 011-26148087**
11. लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों को ईमेल या डाक द्वारा ''निजी साक्षात्कार'' के लिए बुलाया जाएगा. साक्षात्कार में प्रस्तुत होने के लिए उम्मीदवार को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा. उम्मीदवार के चयन संबंधी सरकार का निर्णय अंतिम होगा.

**विज्ञापन सं. 01/2026**

**संविदागत आधार पर सलाहकार के पद के लिए आवेदन प्रारूप**

पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ

1. पूरा नामः
2. लिंग (पुरुष/महिला):
3. जन्मतिथिः
4. आयु (अंतिम तिथि के अनुसार):
(च) अधिकारी को बाद में उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

प्रतिहस्ताक्षरितः

..................................................

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी, मुहर सहित)

CBC 10622/11/0010/2627 EN 7/69

---

No. 30/1/2022-DRT

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

## वित्तीय सेवा विभाग

दिनांक 02.03.2026 तथा 09.04.2026 के विज्ञापन के क्रम में, जिसके माध्यम से पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से **केंद्रीय पंजीयक, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी** के पद को वेतन मैट्रिक्स 14A ( रु. 1,76,800/- से 2,24,000/- ) पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर केंद्रीय प्रतिभूतिकरण आस्ति पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित रजिस्ट्री (CERSAI) में भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे, इस विभाग में विधिवत पूर्ण आवेदन पत्रों को सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित उचित माध्यम से प्राप्त करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाकर **19.05.2026 तक** कर दिया गया है. अधिक जानकारी हेतु वित्तीय सेवा विभाग की वेबसाइट **(https://financialservices.gov.in/beta/en/vacancies)** देखी जा सकती है.

(एस. डी. शर्मा)

**अवर सचिव, भारत सरकार**

नई दिल्ली, दिनांक 30 अप्रैल, 2026 EN 7/5

---

## निष्पादन प्रबंधन महानिदेशालय
## Directorate General of Performance Management

अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क

**Indirect Taxes & Customs**

5 वीं मंजिल, ड्रम शेप बिल्डिंग, आई. पी. भवन, आई. पी. इस्टेट,

5th Floor, Drum Shape Building, I.P. Bhawan, I.P. Estate

नई दिल्ली / New Delhi-110002

सूचना की अंतिम तिथि का विस्तार

इस महानिदेशालय के उस विज्ञापन के संदर्भ में, जिसमें प्रतिनियुक्ति आधार पर एएडी के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे तथा जो रोजगार समाचार के 28 मार्च से 03 अप्रैल, 2026 अंक में प्रकाशित हुआ था, यह सूचित किया जाता है कि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात **12.05.2026** को सक्षम प्राधिकारी द्वारा 15 दिनों के लिए और बढ़ाकर **27.05.2026** तक कर दिया गया है.

मूल विज्ञापन के अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी, जो सीबीआईसी की वेबसाइट : **www.cbic.gov.in** तथा **https://dgpm.gov.in** पर उपलब्ध हैं.

रविन्द्र सिंह

EN 7/72 उप निदेशक (संवर्ग)

---

## राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (दिव्यांगजन)

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (दिव्यांगजन)

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार**

116 राजपुर रोड, देहरादून-248001, उत्तराखंड (भारत)

विज्ञापन संख्या : 5-2/2026-0042 दिनांक : 24 मार्च, 2026

एनआईईपीवीडी, देहरादून, उत्तराखंड में विशुद्ध अनुबंध के आधार पर परामर्शदाता के पद भरने के लिए आवेदन आमंत्रित हैं.

भर्ती की पद्धति : अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर

| क्र. सं. | पद का नाम | नियत पारिश्रमिक, बिना किसी अन्य भत्ते के | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| **नैदानिक पुनर्वास मनोविज्ञान एवं अनुसंधान विभाग** | | | |
| 1. | लेक्चरर (अनुबंध के आधार पर) | 60,000/- | अना-03 |
| **विशेष शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, एनआईईपीवीडी, देहरादून** | | | |
| 2. | लेक्चरर (अनुबंध के आधार पर) | 60,000/- | अना-03, अपिव-03, अजजा-01, अजा-01 |
| 3. | इंस्ट्रक्टर (अनुबंध के आधार पर), एम.एड, एसई-VI | 45,000/- | अना-01 |
| 4. | सीबीआईडी कोर्स के लिए मुख्य संकाय | 30,000/- | अना-02 |
| **एनबीईआर, एनआईईपीवीडी, देहरादून** | | | |
| 5. | वरिष्ठ परामर्शदाता परीक्षा, एनबीईआर (अनुबंध के आधार पर) | रु. 50000/- | अना-01 |
| **क्रॉस डिसेबिलिटी अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, एनआईईपीवीडी, देहरादून** | | | |
| 6. | नैदानिक/पुनर्वास मनोविज्ञानी (अनुबंध के आधार पर) | रु. 40000/- | अना-01 |
| 7. | ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट- (अनुबंध के आधार पर) | रु. 35000/- | अना-01 |
| 8. | प्रारंभिक बाल्यावस्था विशेष शिक्षा अध्यापक (अनुबंध) | रु. 35000/- | अना-01 |
| **टॉकिंग बुक यूनिट, एनआईईपीवीडी, देहरादून** | | | |
| 9. | संपादक पाठ्यक्रम के लिए कोर्स कॉर्डिनेटर एवं प्रशिक्षक (अनुबंध के आधार पर) | रु. 40000/- | अना-01 |

*ऊपर उल्लिखित अनुबंधात्मक पदों के लिए नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी होगी और परियोजना के जारी रहने/आवश्यकता के अधीन होगी.

**नोटः अधिक जानकारी के लिए, उम्मीदवारों को एनआईईपीवीडी की वेबसाइटः niepvd.nic.in पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखने की सलाह दी जाती है.**

2. आवेदकों को आवेदन प्रपत्र भलीभांति भरकर, ऑनलाइन जनरेट की गई भुगतान पुष्टिकरण पर्ची के साथ भेजना होगा और आवेदन प्रपत्र और प्रवेश पत्र पर पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाना होगा.

3. आवेदकों को आवेदन प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर, **निदेशक, एनआईईपीवीडी 16, राजपुर रोड, देहरादून (उत्तराखंड) -248001 के पते पर भेजने होंगे जो, रोजगार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर पहुंच जाने चाहिए.**

निदेशक, एनआईईपीवीडी

देहरादून

CBC 38102/11/0003/2627 EN 7/71

# भारतीय वायु सेना
# Indian Air Force

**फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी और गैर-तकनीकी) शाखाओं में कमीशन्ड अधिकारियों के रूप में भारतीय वायु सेना का हिस्सा बनने के लिए नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार भारतीय नागरिकों से महिलाओं और पुरुषों से आवेदन आमंत्रित करती है.**

**ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीकरण 20 मई 26 (सुबह 11 बजे) से शुरू होगा और 19 जून 26 (2330 बजे) को बंद होगा.**

**https://afcat.edcil.co.in द्वारा**

**वायु सेना कॉमन प्रवेश परीक्षा (एएफसीएटी)- 02/2026/एनसीसी विशेष प्रवेश / गेट स्कोर प्रवेश जुलाई 2027 में शुरू होने वाले पाठ्यक्रमों के लिए**

1. **फ्लाइंग शाखा और ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी और गैर-तकनीकी) शाखाओं में लघु सेवा आयोग (एसएससी)** के अनुदान के लिए **जुलाई 2027** में शुरू होने वाले पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं. एनसीसी विशेष प्रवेश योजना (फ्लाइंग शाखा) और इंजीनियरी (गेट) स्कोर प्रवेश (ग्राउंड ड्यूटी शाखा) (तकनीकी)के लिए स्नातक अभिक्षमता परीक्षा के लिए भी ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं.
2. शाखाएं, पाठ्यक्रम संख्या और रिक्तियां

| प्रवेश | शाखा | पाठ्यक्रम संख्या | रिक्तियां* | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरुष (पीसी) | महिलाएं (पीसी) | पुरुष (एसएससी) | महिलाएं (एसएससी) |
| एएफसीएटी प्रवेश | फ्लाइंग | 222/27एफ/एसएससी/ एमएंडडब्ल्यू | -- | -- | 30 | 5 |
| | ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी) | 221/27टी/पीसी/ 111 एईसी/ एमएंडडब्ल्यू 221/27टी/एसएससी/ 111एईसी/एमएंडडब्ल्यू | इंडक्शन साइकिल 02/2026 में प्रकाशित अनुसार. | | | |
| | ग्राउंड ड्यूटी (गैर -तकनीकी) | 221/27जी/एसएससी/ एमएंडडब्ल्यू | - | - | डब्ल्यूएस:21<br>एडीएम:50<br>एलजीएस:4<br>एसीसीटीएस:5<br>ईडीएन:1<br>एमईटी:1 | डब्ल्यूएस:5<br>एडीएम:12<br>एलजीएस:2<br>एसीसीटीएस:2<br>ईडीएन:2<br>एमईटी:2 |
| एनसीसी विशेष प्रवेश | फ्लाइंग | 222/27एफ/पीसी/ एम और 222/27एफ/ एसएससी/एमएंडडब्ल्यू | - | - | पीसी के लिए सीडीएसई रिक्तियों में से 10% सीटें और एसएससी के लिए एएफसीएटी रिक्तियों में 10% सीटें. | |
| गेट स्कोर प्रवेश | ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी) | 221/27टी/पीसी/ 111एईसी/ एमएंडडब्ल्यू221/27टी/ एसएससी/111एईसी/ एमएंडडब्ल्यू | इंडक्शन साइकिल 02/2026 में प्रकाशित अनुसार. | | | |

***डिस्क्लेमर:** अंकित रिक्तियां अंनतिम हैं और सूचना के बिना बदल सकती हैं. वास्तविक इंटेक, संगठन की अपेक्षाओं, विभिन्न काडर नियंत्रण प्रक्रियाओं, प्रशिक्षण स्लॉट की उपलब्धता और जुलाई 2027 में होने वाली रिक्तियों की वास्तविक संख्या पर निर्भर करेगी. इस संदर्भ में किसी भी प्रतिनिधित्व पर विचार नहीं किया जाएगा. कानून अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों के लिए ग्राउंड ड्यूटी (गैर-तकनीकी) रिक्तियों से दो सीटें आरक्षित हैं.

3. **आयोग का प्रकार**
   - 3.1. पुरुष और महिलाओं के लिए पीसी. पीसी के रूप में जुड़ने वाले उम्मीदवार अपनी रैंक के अनुसार अपनी संबंधित शाखाओं में अधिवर्षिता की आयु तक सेवा देंगे.
   - 3.2 **पुरुषों और महिलाओं के लिए एसएसी**
     - 3.2.1 फ्लाइंग शाखा एसएससी अधिकारियों के लिए नियुक्ति अवधि कमिशनिंग की तिथि से चौदह वर्ष है.
     - 3.2.2 ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी और गैर-तकनीकी) में एसएसी अधिकारियों के लिए आरंभिक अवधि दस वर्ष होगी. चार वर्ष का विस्तार, सेवा अपेक्षा, रिक्तियों की उपलब्धता, इच्छा, योग्यता पर प्रदान किया जाएगा
     - 3.2.3 सेवा अपेक्षाएं, रिक्तियों की उपलब्धता, इच्छा और योग्यता और विषय पर मौजूदा नीतियों के अनुसार स्थायी आयोग (पीसी) (आगे की तिथि पर) प्रदान किया जाएगा.
     - 3.2.4 एसएससी अधिकारी पेंशन के अनुदान के हकदार नहीं हैं.
4. **आयु:**
   - 4.1. **फ्लाइंग शाखा. 01 जुलाई 2027** अर्थात् **02 जुलाई 2003** से **01 जुलाई 2007** के बीच जन्म लिया हो (दोनों तिथियां मिलाकर) के अनुसार **20 से 24 वर्ष** है. डीजीसीए (भारत) द्वारा जारी वैध और वर्तमान कमर्शियल पायलट लाइसेंस धारक उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 26 वर्ष अर्थात् **02 जुलाई 2001** से **01 जुलाई 2007** (दोनों तिथियों को मिलाकर) तक की छूट है.
   - 4.2. **ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी और गैर तकनीकी) शाखा एएफसीएटी द्वारा अखिल ग्राउंड ड्यूटी शाखाएं और इंजीनियरी (गेट) स्कोर प्रवेश के लिए स्नातक अभिक्षमता परीक्षा द्वारा ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी) शाखा: 01 जुलाई 2027** अर्थात् **02 जुलाई 2001** से **01 जुलाई 2007** के बीच जन्म लेने वाले (दोनों तिथियों को मिलाकर) के अनुसार 20 से 26 वर्ष.
5. **शारीरिक/चिकित्सा मानक, शैक्षिक योग्यताएं और चयन प्रक्रिया:** शारीरिक/चिकित्सा मानक, शैक्षिक योग्यताएं और चयन प्रक्रिया पर विवरण **वेबसाइट पर विस्तृत अधिसूचना** में उपलब्ध है.
6. **प्रशिक्षण:** प्रशिक्षण वायु सेना अकादमी डुंडीगल (हैदराबाद) में सभी पाठ्यक्रमों के लिए **जुलाई 2027** के पहले हफ्ते में शुरू होगी. फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी) शाखाओं के लिए प्रशिक्षण की अवधि 62 हफ्ते है और ग्राउंड ड्यूटी (गैर तकनीकी) शाखाओं के लिए वायु सेना प्रशिक्षण स्थापना में 50 हफ्ते है. वायु सेना अकादमी से जुड़ने के समय पैन कार्ड और एसबीआई/राष्ट्रीयकृत बैंक में अकाउंट का होना अनिवार्य है. पंजीकरण के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है.
7. **आईएएफ आपको कमिशनिंग (7वें सीपीसी के अनुसार) पर वेतन प्रदान करता है.**

| रैंक | रक्षा मैट्रिक्स के अनुसार वेतन | लेवल | एमएसपी |
|---|---|---|---|
| **फ्लाइंग अधिकारी** | रुपये 56100-177500 | 10 | रुपये 15500 |

**नोट:** फ्लाइंट कैडेट प्रशिक्षण के एक वर्ष के दौरान रुपये 56,100/- की निश्चित वृत्तिका प्राप्त करेगा.

8. **भत्ते:** कमिशनिंग पर, वेतन के अतिरिक्त, पोस्टिंग के ड्यूटी/स्थान की शाखा/प्रकृति के आधार पर भत्ते लागू है जैसे फ्लाइंग भत्ता, परिवहन भत्ता, तकनीकी भत्ता, टेस्ट पायलट और फ्लाइट परीक्षा इंजीनियर भत्ता, जोखिम और हार्डशिप भत्ता आदि.
9. **विशेषाधिकार:** वायु सेना अधिकारी, सुसज्जित आवास, स्वयं और आश्रितों के लिए विस्तृत चिकित्सा कवर, कैंटीन, अधिकारी मेस, सब्सिडी युक्त दर पर लोन, एलटीसी आदि (60 दिन वार्षिक और 20 दिन आकस्मिक), सेवा आपातकाल पर छुट्टी.
10. **बीमा:** अनिवार्य बीमा कवर उन आईएएफ अधिकारियों के लिए लागू है जो सेवा में हैं और वायु सेना समूह बीमा सोसायटी (एएफजीआईएस) से सेवानिवृत्ति के बाद हैं. वर्तमान में रुपये 1.25 करोड़ (योगदान पर) का बीमा सेवा में रहते हुए मृत्यु के लिए लागू है. उसी तरह, सेवा 20 या अधिक वर्ष प्रदत्त करने के बाद सेवा से सेवानिवृत्त पीसी अधिकारी और एसएससी अधिकारी जिन्होंने 14 वर्ष की सेवा पूर्ण की है वे सेवानिवृत्ति के बाद 15 वर्ष के लिए शुरू में रुपये 24 लाख की राशि के लिए एयर वेटरन्स बीमा कवर (एवीआईसी) के अधीन कवर होंगे और उसके बाद 75 वर्ष की आयु तक रुपये 12 लाख.
11. **खेलकूद और एडवेंचर:** भारतीय वायु सेना विभिन्न खेलकूद और एडवेंचर गतिविधियों (स्काई डाइविंग, माइक्रो लाइट फ्लाइंग, पर्वतारोहण, वाटर राफ्टिंग आदि) को करने के लिए आधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है.

**महत्वपूर्ण अनुदेश:**

12. पात्र उम्मीदवारों को एएफसीएटी प्रवेश/एनसीसी विशेष प्रवेश के लिए उपलब्ध अलग टैब्ज़ द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा. एक/अधिक प्रविष्टियों के लिए पात्र उम्मीदवरों को प्रत्येक प्रवेश में पंजीकरण करना होगा.
13. **टैटू:** स्थायी शरीर के टैटू पर नीति निम्नानुसार है:

13.1 स्थायी शरीर टैटू किसी भी शरीर के भाग **दिखने या ना दिखने वाले भाग** पर अनुमति नहीं है सिवाय हाथों के अंदर की तरफ अर्थात् दोनों हाथों की कोनी से कलाई तक अंदर की तरफ और हथेली के पीछे/दोनों हाथों के पीछे जिसके लिए उम्मीदवार को एक स्व-घोषणा प्रमाणपत्र हस्ताक्षरित करना होगा. छोटे सीधे टैटू जो अच्छे क्रम और मिलिट्री अनुशासन के लिए हानिकारक नहीं है, उदाहरण के लिए धार्मिक चिह्न या अपनों के नाम.

13.2. टैटू निशान के साथ जनजाति के चेहरे या शरीर पर मौजूदा रीति और रिवाज़ के अनुसार मामले के आधार पर अनुमति है.

14. **मादक पदार्थ:** नशीले पदार्थों का प्रयोग/धारक प्रतिबंधित है. उम्मीदवार की मेडिकल के दौरान और बाद में प्रशिक्षण के दौरान शरीर में ड्रग की उपस्थिति के लिए जांच की जा सकती है. यदि प्रशिक्षण के किसी भी समय नशीले पदार्थों का प्रयोग करना/धारक पाए जाते हैं तो उम्मीदवार को भारतीय वायु सेना से जुड़ने से रोक दिया जाएगा.
15. **एएफसीएटी परीक्षण के लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन और शुल्क संरचना:** ऑनलाइन परीक्षण विभिन्न केन्द्रों में एएफसीएटी प्रवेश के लिए आयोजित होगा. एएफसीएटी प्रवेश के लिए **पंजीकृत उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क के रूप में रुपये 550/- + जीएसटी (अप्रतिदेय) की राशि का भुगतान करना होगा. हालांकि एनसीसी विशेष प्रवेश और गेट स्कोर प्रवेश के लिए पंजीकरण करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा.** परीक्षा का आयोजन, परीक्षा केन्द्र और भुगतान का माध्यम का विवरण अधिसूचना में उपलब्ध है.
16. **वैवाहिक स्थिति:** उम्मीदवारों को पाठ्यक्रम के शुरू होने के समय अविवाहित होना चाहिए और प्रशिक्षण के दौरान विवाह की अनुमति नहीं है. उम्मीदवार जो प्रशिक्षण के दौरान विवाह करता है उसे निकाल दिया जाएगा और उसे सरकार द्वारा उसपर किए गए खर्चे वापस करने होंगे.
17. उम्मीदवारों को पूरी चयन प्रक्रिया के दौरान अपनी यूनिक पंजीकृत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर सक्रिय रखनी होगा.
18. **कृपया ध्यान दें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में उम्मीदवारों द्वारा भरी गई जानकारी को अंतिम माना जाएगा और बाद में किसी भी संशोधन पर विचार नहीं किया जाएगा. अपनी जन्मतिथि को भरते समय बहुत ध्यान दिया जाना चाहिए.**
19. **यात्रा भत्ता (टीए):** एसी-III टियर/एसी चेयर कार के सबसे छोटे मार्ग से आने जाने का किराया या वास्तविक सामान्य बस किराए की पहली बार के लिए वायु सेना चयन बोर्ड में प्रस्तुत होने वाले उम्मीदवारों की प्रतिपूर्ति की जाएगी. यात्रा के सभी अन्य माध्यमों के लिए सरकारी प्राधिकृत नियमों के अनुसार टीए स्वीकार्य होगा. **यदि आप किसी भी चयन बोर्ड में एक ही प्रकार के प्रवेश के लिए पहले प्रस्तुत हुए हैं तो उनके लिए कोई टीए स्वीकार्य नहीं है.** उम्मीदवारों को सही और सक्रिय बचत बैंक खाता का विवरण देना होगा जो उनके नाम पर है और अन्य कोई नाम या बैंक खाता जैसे सुकन्या समृद्धि आदि दावे के स्थानांतरण के लिए स्वीकार्य नहीं होगा. स्वीकार्य टिकट/बैंक खाता आदि प्रस्तुत करने में किसी भी विलंब के मामले में एसएसबी की शुरूआत की तिथि से एक माह की अधिकतम अवधि तक विचार किया जाएगा जिसके बाद कोई भी टीए का भुगतान नहीं किया जाएगा और राशि सरकार को वापस कर दी जाएगी. इस संदर्भ में कोई भी पूछताछ/दावे को स्वीकार नहीं किया जाएगा.
20. **फिजिकल कंडीशनिंग:** जब आप एएफएसबी में परीक्षा देने के क्रम में एसएसबी के लिए रिपोर्ट करेंगे तो आपको शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की सलाह दी जाती है. आपको 10 मिनट में 01 मील (1.6 किमी) दौड़ने, 10 पुशअप्स और 03 चिनअप्स करने की क्षमता को पाने का लक्ष्य रखना होगा. भावी उम्मीदवारों को एएफए जिसमें दौड़ना, तैरना, रस्सी चढ़ना और शारीरिक प्रशिक्षण/कंडीशनिंग के अन्य रूप शामिल हैं जिसमें उन्हें प्रशिक्षण के दौरान अनिवार्य परीक्षाएं देनी होंगी, में शारीरिक प्रशिक्षण के लिए अपने आप को अनुकूल बनाने के लिए अच्छी शारीरिक दशा में रहने की भी सलाह दी जाती है.
21. **पूछताछ:** ऑनलाइन परीक्षा के आयोजन, पंजीकरण प्रक्रिया और प्रवेश पत्र संबंधी पूछताछ के लिए **+91 9513252077** या ईमेल **afcathelpdesk@edcil.co.in** पर संपर्क करें. पात्रता, एएफएसबी केन्द्र का आवंटन, एएफएसबी साक्षात्कार की तिथि, योग्यता सूची और जुड़ने के अनुदेश संबंधी पूछताछ के लिए **011-23010231** एक्सटेंशन 7610 या टोल फ्री नंबर **1800-11-2448** पर संपर्क करें.
22. **डिस्क्लेमर:** विज्ञापन और वेबसाइट पर दी गई जानकारी केवल दिशानिर्देश हैं. किसी भी अस्पष्टता के मामले में समय-समय पर संशोधित अनुसार आईएएफ/भारत सरकार के मौजूदा नीतियां, नियम और विनियम अंतिम और बाध्य होंगे. **विज्ञापन में दिए गए नियम व शर्तें केवल दिशा-निर्देश हैं और सूचना के बिना बदल सकते हैं.**
23. **सांविधिक चेतावनी:** भारतीय वायु सेना में चयन सही और योग्यता आधारित है. किसी भी स्तर पर चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास या अनुचित तरीके जैसे फर्जी, या पर रूप धारण करना, झूठी जानकारी आदि देना उम्मीदवारी को समाप्त कर देगा या संबंधित उम्मीदवार के खिलाफ कानूनी कार्यवाई की शुरूआत करेगा.

CBC 10801/11/0012/2627 EN 7/88

# भारतीय नौसेना

## कार्यकारी (सूचना प्रौद्योगिकी) में लघु सेवा आयोग के लिए आवेदन आमंत्रित करती है-जनवरी 27 पाठ्यक्रम





शुरू होने की तिथि-16 मई 2026

ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि-01 जून 2026

1. भारतीय नवल अकादमी (आईएनए), एझिमाला, केरल में **जनवरी 2027** से शुरू होने वाले विशेष नवल ओरिएंटेशन पाठ्यक्रम के अधीन भारतीय नौसेना के सूचना प्रौद्योगिकी (कार्यकारी शाखा) में लघु सेवा आयोग (एसएससी) के अनुदान के लिए **पात्र अविवाहित पुरुष और महिलाओं** से आवेदन आमंत्रित हैं. उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा रखे गए अनुसार राष्ट्रीयता की शर्तों को पूरा करना होगा.

**पात्रता शर्तें:**

2. **शैक्षिक योग्यताएं:**

| शाखा/काडर | इन तिथियों के बीच पैदा होना चाहिए (इन तिथियों को मिलाकर) | पात्रता स्ट्रीम/योग्यताएं | रिक्ति | लिंग | ऑनलाइन जमा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| एसएससी कार्यकारी (सूचना प्रौद्योगिकी) | 02 जनवरी 2002 से 01 जुलाई 2007 तक | उम्मीदवार को कक्षा X या XII में अंग्रेजी में न्यूनतम 60% अंक और निम्नलिखित में से किसी एक या योजन में न्यूनतम 60% समग्र अर्हक अंकों के साथ कोई एक निम्नलिखित शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए:<br>1.1. एमएससी/बीई/बी.टेक/एम.टेक (कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर विज्ञान व इंजीनियरी/ कम्प्यूटर इंजीनियरी/ सूचना प्रौद्योगिकी/ सॉफ्टवेयर सिस्टम्स/ साइबर सुरक्षा/सिस्टम प्रशासन और नेटवर्किंग /कम्प्यूटर सिस्टम्स व नेटवर्किंग/डाटा एनालिटिक्स/ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस). या<br>1.2. एमसीए के साथ बीसीए/बी.एससी. (कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी). | 15 | पुरुष और महिलाएं | 16 मई 2026 से 01 जून 2026 |

**नोट 1:** 1. ये रिक्तियां अंनतिम हैं और प्रशिक्षण स्लॉट की उपलब्धता के आधार पर बदल सकती है.

2. एक उम्मीदवार द्वारा केवल एक आवेदन भरा जा सकता है. विभिन्न आवेदनों के मामले में उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी.

3. **एनसीसी उम्मीदवार:** निम्नलिखित मानदंड को पूरा करने पर एसएसबी के लिए लघुसूचीकरण करते समय एनसीसी 'सी' प्रमाणपत्र धारकों को कट ऑफ अंक में 5% की छूट दी जाएगी:

3.1. न्यूनतम 'ख' ग्रेड के साथ नौसेना/सेना/वायु सेना विंग का एनसीसी 'सी' प्रमाणपत्र धारक हो.

3.2. एनसीसी के नौसेना/सेना/वायु सेना विंग के वरिष्ठ प्रभाग में दो अकादमिक वर्षों से अधिक के लिए सेवा दी हो.

3.3. 'सी' प्रमाणपत्र 01 जनवरी 2024 से पहले का नहीं होना चाहिए.

**नोट 2:** अंतिम चयन, अपनी वैधता के लिए संबंधित एनसीसी इकाई/डीजी एनसीसी द्वारा जारी प्रमाणपत्र के सत्यापन पर होगा. उम्मीदवार की उम्मीदवारी को झूठी घोषणा, गलत जानकारी, जानकारी छिपाने के मामले में चयन/प्रशिक्षण/कमिशनिंग के बाद के किसी भी स्तर पर रद्द किया जाएगा.

3. **चिकित्सा मानक/लंबाई और वजन में छूट/टैटू:** एसएसबी द्वारा संस्तुत सभी उम्मीदवारों को अपने प्रवेश के लिए लागू चिकित्सा परीक्षा देनी होगी. चिकित्सा मानकों के लिए दिशानिर्देश भारतीय नौसेना की वेबसाइट www.joinindiannavy.gov.in पर उपलब्ध है. किसी भी आधार पर चिकित्सा मानकों में कोई छूट नहीं है. **चिकित्सा अस्पताल/केन्द्र में परिवर्तन की किसी भी परिस्थिति में अनुमति नहीं है.**

4. **कौन आवेदन कर सकता है?**

| | | |
|---|---|---|
| ◆ उम्मीदवार, जिन्होंने कुल में न्यूनतम 60% अंकों या समकक्ष सीजीपीए के साथ स्नातक/ स्नातकोत्तर कर ली है या अंतिम वर्ष (नियमित/एकीकृत) में है.<br>◆ विश्वविद्यालय को भारत में केन्द्रीय या राज्य विधानसभा के अधिनियम या संसद अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षिक संस्थाओं द्वारा सम्मिलित या यूजीसी अधिनियम 1956; आईआईटी अधिनियम, 1961; एआईसीटीई अधिनियम, 1987; एनआईटीएसईआर अधिनियम, 2007, आईआईआईटी अधिनियम, 2014 के अधीन विश्वविद्यालय/स्वायत्त विश्वविद्यालय के रूप में मानित घोषित किया होना चाहिए. | या | ◆ उम्मीदवार, जिन्होंने ऐसी विदेशी विश्वविद्यालय/ कॉलेज/संस्था से कुल में न्यूनतम 60% अंकों या समकक्ष सीजीपीए के साथ इंजीनियरी (नियमित/एकीकृत) में डिग्री प्राप्त की है.<br>◆ विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्था को इंजीनियरी डिग्री के उद्देश्य हेतु भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त होना चाहिए/एआईयू, अधिनियम 1973 के अधीन स्थापित भारतीय विश्वविद्यालय संघ से समकक्षता प्रमाणपत्र होना चाहिए. |

**नोट 3.** 1. किसी भी स्तर पर चयन प्रक्रिया के लिए उक्त पैरा 2 में उल्लिखित के अलावा बीई/बी.टेक/अन्य योग्यताओं की किसी भी समकक्ष स्ट्रीम पर विचार नहीं किया जाएगा.

2. भर्ती के लिए अंतिम योग्यता सूची में चयनित उम्मीदवारों को 26 जून से पहले पते **officer@navy.gov.in** पर ईमेल भेजकर न्यूनतम 60% अंकों के साथ अर्हक डिग्री पूर्ण करने के प्रमाण को जमा करना होगा. निर्धारित शैक्षिक मानदंड को पूरा ना करने पर उम्मीदवारों को आईएनए, एझिमाला से जुड़ने की अनुमति नहीं होगी. इस संदर्भ में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

5. **चयन प्रक्रिया:** चयन प्रक्रिया निम्नानुसार है:

5.1. आवेदनों की लघुसूचीकरण, अर्हक डिग्री में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त सामान्य अंकों पर आधारित होगा. अर्हक डिग्री में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों को वेबसाइट **https://www.joinindiannavy.gov.in/files/normalisation.pdf.** पर उल्लिखित फार्मूला का प्रयोग करते हुए सामान्य किया जाएगा.

5.2. **बीई/बी.टेक:** उम्मीदवार, जिन्होंने बीई/बी.टेक पूर्ण कर ली है या अंतिम वर्ष में हैं, एसएसबी लघुसूचीबद्धकरण के लिए उनके पांचवें सेमेस्टर तक प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा.

5.3. **स्नातकोत्तर डिग्री प्रोग्राम:** उम्मीदवार, जिन्होंने एमएससी/एमसीए/एम.टेक पूर्ण कर लिया है, उनके सभी सेमेस्टर में प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा. एमएससी/एमसीए/एम.टेक के अंतिम वर्ष के छात्रों के प्री अंतिम वर्ष में प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा.

5.4. लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों को ईमेल या एसएमएस (अपने आवेदन पत्र में उम्मीदवारों द्वारा दिया गया) द्वारा एसएसबी साक्षात्कार के लिए उनके लघुसूचीकरण के बारे में सूचित किया जाएगा. **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि चयन प्रक्रिया पूरी होने तक अपना ईमेल/मोबाइल नंबर ना बदलें.**

5.5. **किसी भी परिस्थिति में परीक्षा/साक्षात्कार के लिए एसएसबी केन्द्र में परिवर्तन की अनुमति नहीं है.**

5.6 उम्मीदवारों को एसएमएस/ईमेल (अपने आवेदन में उम्मीदवार द्वारा प्रदान किए गए) द्वारा एनएचक्यू/डीएमपीआर से सूचना प्राप्त करने पर बुलावा पत्र डाउनलोड करना होगा. एसएसबी तिथियों के परिवर्तन संबंधी कोई भी पत्राचार, बुलावा पत्र प्राप्त होने पर संबंधित एसएसबी के कॉलअप अधिकारी को भेजा जाना चाहिए.

5.7. एसएसबी साक्षात्कार के दौरान परीक्षाओं के परिणाम के रूप में हुई किसी भी चोट के मामले में कोई भी मुआवजा स्वीकार्य नहीं है.

5.8. यदि आयोग के विशेष प्रकार के लिए पहली बार प्रस्तुत हो रहे हैं तो एसएसबी साक्षात्कार के लिए एसी 3 टियर का रेल किराया स्वीकार्य है. उम्मीदवारों को एसएसबी के लिए प्रस्तुत होते समय उस पासबुक या चेक लीफ के पहले पेज की फोटोप्रति लानी होगी, जहां अकाउंट नंबर और आईएफएससी विवरण उल्लिखित है.

5.9. एसएसबी प्रक्रिया का विवरण भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध है.

6. **योग्यता सूची:** योग्यता सूची को एसएसबी के अंकों के आधार पर तैयार किया जाएगा. चिकित्सा परीक्षा में स्वस्थ घोषित उम्मीदवारों को पुलिस सत्यापन, चरित्र सत्यापन और प्रवेश में रिक्तियों की उपलब्धता पर नियुक्त किया जाएगा.

**नोट 4:**

1. चयन सूची/योग्यता सूची में उम्मीदवारों के शामिल होने मात्र से उम्मीदवार को नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा.

2. उम्मीदवार यह भी ध्यान दें कि पैनल में शामिल होने को किसी भी परिस्थिति में अंतिम चयन नहीं माना जाए और यह आवेदित पद के लिए दावा नहीं है.

3. सभी रिक्तियों को सेवा अपेक्षा और समय-समय पर इस संदर्भ में जारी सांविधिक दिशानिर्देशानुसार भरा जाए.

(शेष पृष्ठ 35 पर)

(पृष्ठ 34 का शेष)

**7. सेवा की शर्तें:**

7.1. चयनित उम्मीदवारों को शुरू में 10 वर्ष के लिए लघु सेवा आयोग प्रदान किया जाएगा, जिसे सेवा अपेक्षा, निष्पादन, चिकित्सा पात्रता और अधिकारी की इच्छा पर 02 बार (02 वर्ष + 02 वर्ष) में 04 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है.

7.2. इस प्रवेश के अधीन चयनित अधिकारियों को 14 वर्ष से अधिक का विस्तार प्रदान नहीं किया जाएगा.

7.3. स्थायी आयोग का विकल्प चयनित अधिकारी के लिए लागू नहीं है.

7.4. चयनित अधिकारियों को आपवादिक परिस्थितियों को छोड़कर 10 वर्ष से पहले छोड़ने की अनुमति नहीं है.

**8. प्रशिक्षण:**

8.1. उम्मीदवारों को सबलेफ्टिनेंट के ओहदे में भर्ती किया जाएगा.

8.2. चयनित उम्मीदवारों को भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला में छह हफ्ते का नवल ओरिएंटेशन पाठ्यक्रम करना होगा. इसके बाद मौजूदा विनियमों के अनुसार नौसेना जहाज और प्रशिक्षण स्थापना में वृत्तिक प्रशिक्षण होगा.

8.3. केवल अविवाहित उम्मीदवार प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं. यदि कोई भी उम्मीदवार विवाहित पाया जाता है या प्रशिक्षण के दौरान विवाह करता है तो उसे सेवा से निष्कासित कर दिया जाएगा और उसे पूरा वेतन और उसके द्वारा आहरित भत्ते और सरकार द्वारा उम्मीदवार पर किए गए अन्य कोई व्यय को वापस करना होगा.

8.4. यदि अधिकारी स्वैच्छिक रूप से आरंभिक प्रशिक्षण से वापस आता है या परिवीक्षा अवधि के दौरान त्यागपत्र देता है तो उसे सरकार द्वारा निर्धारित अनुसार प्रशिक्षण की लागत का पूरा या कुछ भाग और सरकार से वेतन और भत्ते के रूप में उनके द्वारा प्राप्त सभी पैसे पर सरकारी लोन के लिए प्रचलित दर पर जोड़े गए कथित पैसे पर ब्याज के साथ वापस करना होगा.

9. **परिवीक्षा अवधि:** एसएससी (आईटी) अधिकारियों के लिए परिवीक्षा अवधि दो वर्ष है. परिवीक्षा अवधि सबलेफ्टिनेंट के ओहदे के अनुदान की तिथि से शुरू होगी और दो वर्ष के बाद या शुरूआती प्रशिक्षण पूर्ण होने पर (जो भी बाद में हो) खत्म होगी. परिवीक्षा के दौरान अधिकारियों को किसी भी स्तर पर असंतोषजनक निष्पादन के मामले में निष्कासित किया जा सकता है.

10. **वेतन और भत्ते/समूह बीमा और ग्रेच्युटि/छुट्टी हकदार/अधिकारियों के कार्य:** सबलेफ्टिनेंट का मूल वेतन रुपये 56100/- के साथ स्वीकार्य अनुसार अन्य भत्ते के साथ शुरू होता है. विवरण भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध है.

10.1. **बीमा:** सभी अधिकारी/कैडेट अनिवार्य रूप से संशोधित अनुसार नौसेना समूह बीमा योजना (एनजीआईएस) के सदस्य और योगदान आधार पर बीमा कवर के लिए अनुमोदित हैं. कवर, सेवा में रहते हुए और सेवानिवृत्ति के बाद मौजूदा विनियमों के अनुसार लागू होंगे.

11. **आवेदन कैसे करें:** उम्मीदवारों को भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर आवेदन विंडो खुलने पर आवेदन पंजीकृत करना और भरना होगा. आवेदन जमा करने वाली विंडो पर समय बचाने के लिए उम्मीदवार पहले से अपना विवरण भर सकता है और दस्तावेज अपलोड कर सकता है. आवेदन को ऑनलाइन जमा करना निम्नानुसार है:

11.1. ई-आवेदन भरते समय उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित को करने के लिए संबंधित दस्तावेज उपलब्ध रखें:

11.1.1. निजी विवरण सही भरें. विवरण को मैट्रिक प्रमाणपत्र में दिए गए अनुसार भरा जाए.

11.1.2. कॉलम जैसे ईमेल पता, मोबाइल नंबर अनिवार्य हैं और भरे जाने हैं.

11.1.3. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा जारी आधार कार्ड.

11.2. आवेदन पत्र भरते समय सभी संबंधित दस्तावेज (प्रमुखतया मूल), क्रमशः नियमित और एकीकृत बीई/बी.टेक पाठ्यक्रम के लिए 5वें और 7वें सेमेस्टर तक की अंकतालिकाएं (अंतिम वर्ष के उम्मीदवारों के लिए) और सभी सेमेस्टर (उम्मीदवार, जिन्होंने अपनी डिग्री पूर्ण कर ली है), जन्मतिथि प्रमाण (10वीं और 12वीं प्रमाणपत्र के अनुसार), बीई/बी.टेक के लिए सीजीपीए कनवर्जन फार्मूला, राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स द्वारा जारी एनसीसी 'सी' प्रमाणपत्र और एक हाल का पासपोर्ट आकार फोटो को संलग्न करने के लिए मूल जेपीजी/टीआईएफएफ प्रारूप में स्कैन किया जाना चाहिए. उम्मीदवारों को आवेदन का प्रिंटआउट लेना होगा और इसे एसएसबी साक्षात्कार के लिए प्रस्तुत होते समय लाना होगा.

11.3. **यदि कोई भी स्कैन किया गया दस्तावेज किसी भी कारण से पाठ्य नहीं है तो आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा.**

11.4. एक बार जमा किया गया आवेदन अंतिम होगा और संशोधन/परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

**नोट 5:** 1. अपने ऑनलाइन आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने से पहले वेबसाइट पर दिए गए अनुदेशों को ध्यान से पढ़ें.

2. आपकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा, यदि चयन के किसी भी स्तर पर कोई भी घोषणा गलत पाई जाती है.

3. नशीले पदार्थों का सेवन प्रतिबंधित है. उम्मीदवारों को एसएसबी चयन/चिकित्सा/प्रशिक्षण और बाद में सेवा के दौरान शरीर में मादक पदार्थों की उपस्थिति के लिए जांचा जा सकता है. यदि उम्मीदवार चयन/चिकित्सा/प्रशिक्षण/सेवा के किसी भी समय मादक पदार्थों को प्रयोग करते हुए पाए जाते हैं तो उम्मीदवार को भारतीय नौसेना से निकाल दिया जाएगा या यदि सेवा से जुड़ गए हैं तो निकाल दिया जाएगा.

**4. आपके आवेदन को बाद में जांचा जाएगा और आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा यदि वह किसी भी समय अपात्र/अवैध पाया जाता है.**

(**नोट:** ऑनलाइन आवेदन करने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें)

CBC 10701/11/0006/2627 EN 7/78

---

भारत सरकार

महानिदेशालय

# केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

(गृह मंत्रालय)

**ब्लॉक- 13, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003**

**केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निजी सचिव के 02 रिक्त पदों को भरने के संबंध में.**

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में निजी सचिव (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ख', राजपत्रित, अनुसचिवीय) की रैंक में सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स में (रु. 44900-142400) लेवल- 7 में 03 वर्षों के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर 02 (दो) पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. चयन प्रतिनियुक्ति के माध्यम से किया जाएगा. चयनित उम्मीदवार को मुम्बई, रांची और गुवाहाटी में पदस्थ किया जा सकता है.

**आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि: रोज़गार समाचार पत्र में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन.**

विवरण के लिए, कृपया सीआईएसएफ की वेबसाइट: **www.cisf.gov.in** पर लॉग ऑन करें.

CBC 19113/11/0003/2627 EN 7/81

---

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान

**The National Institute for Entrepreneurship and Small Business Development**

(कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार)

(Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India)

**विज्ञापन सूचना (अंतिम तिथि का विस्तार)**

निसबड, नोएडा में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए **28.02.2026** को 'रोज़गार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज़' और अन्य प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित भर्ती सूचना के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख **31.05.2026** तक बढ़ा दी गई है:

| क्रमांक | पद का नाम | पदों की संख्याक | वेतन स्तर (7वां कें.वे.आ.) |
|---|---|---|---|
| 1. | निदेशक (उद्यमिता शिक्षा) | 01 | स्तर-13 |
| 2. | निजी सचिव | 01 | स्तर-07 |
| 3. | लेखाकार | 01 | स्तर-06 |
| 4. | वरिष्ठ सहायक | 02 | स्तर-06 |
| 5. | अनुसंधान सहयोगी | 01 | स्तर-06 |

2. भर्ती सूचना के अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी.

3. जिन उम्मीदवारों ने पहले ही आवेदन कर दिया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.

4. रिक्ति का विस्तृत परिपत्र, पात्रता मानदंड और आवेदन का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट **www.niesbud.nic.in** पर उपलब्ध हैं.

EN 7/90 निदेशक (ओआरए)

---

# डिवीजन ऑफ जेनेटिक्स

आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान,

नई दिल्ली-110012

**तात्कालिक साक्षात्कार**

**फोन नं: 9868574102**

डीबीटी निधिबद्ध परियोजना परिलब्धि 47000 + एचआरए में **अनुसंधान सहयोगी I** के चयन के लिए डिवीजन ऑफ जेनेटिक्स, आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012 में **29 मई, 2026 को सुबह 10 बजे** एक तात्कालिक साक्षात्कार आयोजित होगा. पद पूर्णतः संविदागत आधारित हैं और परियोजना की समाप्ति के साथ खत्म हो जाएंगे. विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया **www.iari.res.in** देखें.

EN 7/89 **सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

---


**रोज़गार समाचार**

अंबरीश बी. किशोर
मुख्य संपादक
रहीसुद्दीन रिहान
संपादक
**अक्षित मलिक**
उप-संपादक (विज्ञापन)
**मिहिर कुमार बासु**
उत्पादन अधिकारी
**गणेशी लाल**
सहायक निदेशक (उत्पादन)
**अभिषेक चतुर्वेदी**
संपादक (प्रसार)

पता : रोज़गार समाचार, सातवां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
विज्ञापन : sec-advertise-moib@gov.in
प्रसार और शिकायत en-support@gov.in
संपादकीय : 011-24369426
विज्ञापन : 011-24369429/30
प्रसार : 011-24044000/24044001
लेखा (विज्ञा.) : 011-24369419

MAGAZINE POST NO. DL(DS)-78/MP/2024-25-26 पोस्टिंग की तारीख : 12,13.5.2026 प्रकाशन तिथि: 11.5.2026



# समाचार सारांश

## राष्ट्रीय

### ऑपरेशन सिंदूरः पहली वर्षगांठ पर राष्ट्र ने सशस्त्र बलों को किया नमन




राष्ट्र ने 7 मई 2026 को ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि दी. यह अभियान पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किया गया था, जिसके तहत भारतीय बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ढांचे पर सटीक हवाई हमले किए थे. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस अभियान को आतंकवाद के विरुद्ध भारत के अडिग संकल्प का एक निर्णायक प्रमाण बताया, जबकि उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि सशस्त्र बलों का साहस और प्रतिबद्धता राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बना हुआ है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को पराजित करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सशस्त्र बलों की व्यावसायिक दक्षता, तैयारी और समन्वित शक्ति को दर्शाता है तथा भारत के रक्षा क्षेत्र में बढ़ती आत्मनिर्भरता को भी रेखांकित करता है .

### देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्र से अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच देशवासियों से राष्ट्र को मजबूत बनाने में सहभागी बनने का आह्वान किया है. हैदराबाद में एक कार्यक्रम के संबोधन के दौरान उन्होंने सार्वजनिक परिवहन और कारपूलिंग अपनाकर आयातित ईंधन की खपत कम करने तथा विदेशी मुद्रा भंडार बचाने की अपील की है. प्रधानमंत्री ने एक वर्ष तक अनावश्यक विदेशी यात्राओं, विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग और अत्यधिक सोने की खरीद से बचने का भी सुझाव दिया है. साथ ही, वर्क फ्रॉम होम की प्रथा को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया है. उन्होंने खाद्य तेल की खपत घटाने और किसानों से आयातित रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने को भी कहा है. प्रधानमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल' पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता और जैविक खेती विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए आवश्यक हैं.

### पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम से बड़े राजनीतिक बदलाव

हाल ही में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों ने देश की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं. पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए बहुमत हासिल किया, जबकि भाजपा ने असम में लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखी. केरल में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने वापसी करते हुए सरकार बनाने का दावा पेश किया. तमिलनाडु में अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी. विजय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर राज्य की राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत की. पुडुचेरी में एन. रंगास्वामी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने सत्ता बरकरार रखी. 824 विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित इन चुनावों में मतदाताओं की मजबूत भागीदारी दर्ज की गई, जहां कई राज्यों में मतदान प्रतिशत 80 प्रतिशत से अधिक रहा.

### 'जननी' डिजिटल प्लेटफॉर्म से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती




स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देशभर में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 'जननी' नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है. इसका पूर्ण रूप Journey of Antenatal, Natal and Neonatal Integrated Care है. यह प्लेटफॉर्म महिलाओं के प्रजनन काल के दौरान उनके डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनाए रखने में सहायता करेगा तथा गर्भावस्था से लेकर नवजात और शिशु देखभाल तक स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध निगरानी सुनिश्चित करेगा. 'जननी' में प्रसवपूर्व देखभाल, प्रसव, प्रसवोत्तर देखभाल, नवजात स्वास्थ्य सेवा और परिवार नियोजन सेवाएं शामिल होंगी.

### नीति आयोग ने भारतीय स्कूली शिक्षा प्रणाली पर जारी की रिपोर्ट

नीति आयोग ने भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली पर एक नीतिगत रिपोर्ट जारी की है, जिसमें नामांकन, अवसंरचना, समानता, समावेशन और शिक्षण परिणामों सहित प्रमुख क्षेत्रों का एक दशक लंबा विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है. रिपोर्ट में स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए 13 प्रमुख सिफारिशों सहित एक रूपरेखा प्रस्तुत की गई है, जिनमें विद्यालय संरचना, अवसंरचना, शिक्षण पद्धति, मूल्यांकन और बुनियादी शिक्षा में सुधार शामिल हैं. इसमें समग्र शिक्षा और छात्र कल्याण पर भी जोर दिया गया है. दस्तावेज में केंद्र, राज्य और स्थानीय प्राधिकरणों की भागीदारी के साथ अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों सहित 33 कार्यान्वयन मार्ग प्रस्तावित किए गए हैं. प्रगति की निगरानी के लिए 125 से अधिक प्रदर्शन संकेतकों का भी सुझाव दिया गया है. रिपोर्ट में देशभर की सफल शैक्षिक पहलों के अध्ययन भी शामिल हैं.

### अगस्त से नई आरक्षण प्रणाली में रेलवे करेगा बदलाव

रेल मंत्रालय ने घोषणा की है कि उन्नत यात्री आरक्षण प्रणाली में परिवर्तन की प्रक्रिया अगस्त में शुरू होगी. नई दिल्ली स्थित रेल भवन में तैयारियों की समीक्षा करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 40 वर्ष पुरानी आरक्षण प्रणाली से बदलाव के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. वर्ष 1986 में शुरू की गई मौजूदा प्रणाली को अब उन्नत तकनीक और विस्तारित क्षमता के साथ पूरी तरह आधुनिक बनाया गया है. भारतीय रेलवे ने कहा कि उन्नत प्रणाली से देशभर के लाखों यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी. मंत्रालय ने पिछले वर्ष लॉन्च किए गए RailOne मोबाइल ऐप की बढ़ती लोकप्रियता पर भी प्रकाश डाला, जिसने 3.5 करोड़ डाउनलोड का आंकड़ा पार कर लिया है. ऐप की एआई आधारित प्रतीक्षा सूची पुष्टि पूर्वानुमान सुविधा की सटीकता 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है.

## अर्थव्यवस्था

### श्रमिकों के लिए 'नए श्रम संहिताओं' के तहत वार्षिक स्वास्थ्य जांच शुरू




सरकार ने नई श्रम संहिताओं के तहत 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल शुरू की है. इस योजना का उद्देश्य व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और कार्यबल के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच का विस्तार करना है. नई दिल्ली स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इस पहल का शुभारंभ करते हुए श्रम एवं रोज़गार मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि सरकार ने रोज़गार सृजन के साथ-साथ श्रमिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा पर भी ध्यान केंद्रित किया है. श्री मंडाविया ने कहा कि पिछले एक दशक में ईएसआईसी के अंतर्गत कवरेज 7 करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ लोगों तक पहुंच गया है. उन्होंने कहा कि यह योजना चिकित्सा देखभाल, मातृत्व लाभ, कार्यस्थल दुर्घटनाओं के लिए मुआवजा तथा बेरोज़गारी के दौरान वित्तीय सहायता प्रदान करती है.

### भारत-यूरोपीय संघ ईवी रीसाइक्लिंग पहल से हरित रोज़गार सृजन को बढ़ावा



भारत और यूरोपीय संघ ने ईवी बैटरी रीसाइक्लिंग क्षमता को मजबूत बनाने के लिए 169 करोड़ रुपये की संयुक्त पहल शुरू की है. यूरोपीय संघ के Horizon Europe कार्यक्रम और भारत के भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से वित्तपोषित इस परियोजना का उद्देश्य भारत में उन्नत बैटरी रीसाइक्लिंग प्रौद्योगिकियों, पायलट परियोजनाओं और औद्योगिक तैनाती के विकास को समर्थन देना है. प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद ने कहा कि भारत के इलेक्ट्रिक वाहन बाजार के तेजी से विस्तार के साथ एक मजबूत घरेलू रीसाइक्लिंग पारिस्थितिकी तंत्र आवश्यक है. यह पहल स्टार्टअप, उद्योगों और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग को भी प्रोत्साहित करेगी, जिससे अनुसंधान, इंजीनियरिंग, तकनीशियन, रीसाइक्लिंग, विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर पैदा होंगे.

## अंतरराष्ट्रीय

### अमरीकी अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 10 प्रतिशत सार्वभौमिक शुल्क को किया निरस्त

अमरीकी की एक संघीय अदालत ने भारत सहित कई देशों से आयात पर ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए 10 प्रतिशत सार्वभौमिक शुल्क को अवैध घोषित कर दिया है, जिससे व्हाइट हाउस की व्यापार नीति को झटका लगा है. अमरीकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने 2-1 के फैसले में कहा कि प्रशासन 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के अंतर्गत इन शुल्कों को उचित ठहराने में विफल रहा, जो केवल गंभीर भुगतान संतुलन संकट की स्थिति में अस्थायी शुल्क लगाने की अनुमति देता है. अदालत ने अमरीकी सरकार को मामले में शामिल कंपनियों से शुल्क वसूली रोकने और पहले से वसूले गए शुल्क वापस करने का निर्देश दिया है. हालांकि, जुलाई तक अन्य आयातकों के लिए ये शुल्क लागू रहेंगे.

### भारतीय पत्रकारों ने खोजी रिपोर्टिंग के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता

भारत में साइबर अपराध का खुलासा करने वाली एक चित्रात्मक रिपोर्टिंग परियोजना के लिए दो भारतीय पत्रकारों-आनंद आरके और सुपर्णा शर्मा ने प्रतिष्ठित पुलित्जर पुरस्कार जीता है. उन्होंने Illustrated Reporting and Commentary श्रेणी में नताली ओबिको पियर्सन के साथ यह पुरस्कार साझा किया. एक अन्य भारतीय पत्रकार अनिरुद्ध घोषाल ने अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग श्रेणी में सिलिकॉन वैली में विकसित और बाद में चीन में विस्तारित सामूहिक निगरानी उपकरणों के अमरीकी सीमा गश्ती बल द्वारा गुप्त उपयोग की जांच के लिए पुरस्कार जीता. जांच में यह भी खुलासा हुआ कि इस तकनीक का उपयोग चीन और कई अन्य देशों द्वारा भी किया जा रहा है. पुलित्जर पुरस्कार को कोलंबिया विश्वविद्यालय ग्रेजुएट स्कूल ऑफ जर्नलिज्म द्वारा प्रशासित किया जाता है और इसे अमरीकी पत्रकारिता का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है.

## खेल

### आईसीसी टी20 अंरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत ने अपना पहला स्थान रखा बरकरार



भारत ने 275 रेटिंग अंकों के साथ आईसीसी पुरुष टी20आई रैंकिंग में पहला स्थान बरकरार रखते हुए विश्व क्रिकेट में अपना दबदबा कायम रखा है. टीम ने हाल ही में इतिहास रचते हुए टी20 विश्व कप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बनने के साथ मार्च में रिकॉर्ड तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता. इंग्लैंड 262 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया 258 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार नवीनतम रैंकिंग में मई 2025 से खेले गए मैचों को पूर्ण महत्व दिया गया है, जबकि पिछले दो वर्षों के मैचों को 50 प्रतिशत भारांक दिया गया है.

### 21 वर्षों बाद एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में भारत की वापसी



भारत ने 21 वर्षों के अंतराल के बाद एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में वापसी दर्ज की है और वर्ष 2005 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग लिया है. यंग टाइग्रेस ने 2 मई को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-2 की हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, इसके बाद 5 मई को जापान के खिलाफ 0-3 की हार झेली और 8 मई को लेबनान के खिलाफ अंतिम ग्रुप-बी मुकाबला खेला. इस टूर्नामेंट में वापसी को भारतीय महिला फुटबॉल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और देश में इस खेल की बढ़ती प्रगति का संकेत माना जा रहा है.

(संकलन- ईएन टीम)

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल(एस)-01/3558/2026-28 यू(सी)107/2026-28 (पूर्व भुगतान के बिना डाक से भेजने की अनुमति) पीआरजीआई 28729/1976

अनुपमा भटनागर, प्रधान महानिदेशक, प्रकाशन विभाग द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, के लिए सूचना भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 से प्रकाशित और मुद्रक पृथ्विस दास द्वारा डीबी कॉर्प. प्लॉट सं. 42-43, सेक्टर-29, फेज-II, पानीपत (हरियाणा)- 132103 से मुद्रित. संपादकः रहीसुद्दीन रिहान